आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 19°C |

इनसाइड न्यूज

रंग व विकास की योजनाओं संग सुहावनी हो गई सरोजनीनगर की...

उत्तर प्रदेश पेज: 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 11 मार्च, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 148 | www.janexpresslive.com/epaper




लड़की बहिन योजना के लिए नहीं...
12

# यूपी में बढ़ेगा जमीनों का सर्किल रेट

## योगी कैबिनेट की बैठक में 17 प्रस्तावों पर मुहर, किसानों को मिलेगा बेहतर लाभ, 37 जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी, हार्ड कॉपी की जगह लेंगे ई-स्टांप

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय

योगी सरकार ने किसानों और आम जनता के लिए होली से पहले बड़ा तोहफा दिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 17 अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी है। सोमवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इसके बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जमीनों के पुनरीक्षण का काम तेजी से चल रहा है। 15 महीने में 37 जिलों में यह पूरा कर लिया गया है। अन्य जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण का काम पूरा कर लिया जाएगा। योगी सरकार इसे प्राथमिकता पर कर रही है। जिन जिलों में वर्षों से जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण नहीं हुआ, वहां प्राथमिकता पर इसे पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। कुछ जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है। वहीं अन्य जिलों में भी इसे जल्द ही शुरू किए जाने की योजना है। जमीन के सर्किल रेट का पुनरीक्षण होने का किसानों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का सही मूल्य मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। किसानों को ध्यान में रखते हुए सर्किल रेट के पुनरीक्षण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है।



### 17 मार्च से 15 जून 2025 तक होगी गेहूं की खरीद

प्रदेश में गेहूं की खरीद 17 मार्च से 15 जून 2025 तक की जाएगी। इसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल आठ एजेंसी प्रदेशभर में लगभग 6,500 क्रय केंद्र खोलेंगी। यह खरीद केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 2425 रुपये के समर्थन मूल्य पर की जाएगी।

### इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- हरदोई में गोपामऊ के पास महर्षि दधीच कुंड के आसपास पर्यटन विकास किया जाएगा।
- बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज बनेगा। राजकीय कृषि विद्यालय की भूमि दी जाएगी।
- गोरखपुर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया (प्रीपरेशन एंड फाइनलाइजेशन ऑफ प्लान ) रेगुलेशन 2025 के प्रस्ताव को मंजूरी।
- यमुना एक्सप्रेस-वे में जिन किसानों से जमीन ली गई है। कीमत बढ़ाकर उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।
- यूपी के सात नगर निगम में स्मार्ट सिटी परियोजना को अगले 2 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। राज्य स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत इनको आगे बढ़ाया जाएगा। इनमें गाजियाबाद, मेरठ, फिरोजाबाद, अयोध्या, मथुरा, वृंदावन, शाहजहांपुर और गोरखपुर शामिल हैं।
- जेवर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव पास।
- सीतापुर, फतेहपुर, प्रयागराज, फर्रुखाबाद और गाजीपुर में बंद पड़ी कताई मिल की 451 एकड़ जमीन यूपीसीडा को उद्योग लगाने के लिए दी जाएगी।
- डिफेंस कॉरिडोर के तहत लखनऊ में डीटीआईएस की स्थापना के लिए एएमडीटीएफ को 0.8 हेक्टेयर भूमि निशुल्क दी जाएगी।
- मधुरा, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के लिए महिंद्रा बोलेरो निओ एन 10 ओपीटी गाड़ी खरीदी जाएगी।

### डीएम निर्धारित करते हैं न्यूनतम मूल्य

उत्तर प्रदेश स्टांप (संपत्ति का मूल्यांकन) की द्वितीय संशोधन नियमावली-2013 नियम 4(1) के तहत डीएम द्वारा अगस्त के महीने में वार्षिक रूप से जिले के विभिन्न भागों में स्थित कृषि व अकृषक भूमि का न्यूनतम मूल्य प्रति हेक्टेयर/प्रति वर्गमीटर की दर निर्धारित किए जाने का उल्लेख है। आवश्यकता होने पर डीएम वर्ष के मध्य में भी सर्किल दर सूची का पुनरीक्षण का कार्य कर सकते हैं। ऐसे में प्रदेश में 1 जनवरी 2024 से लेकर अब तक 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

### इन जिलों में प्रक्रिया जारी

हाल ही में समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने पुनरीक्षण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। जिन जिलों में वर्षों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बागपत, इटावा, कन्नौज, हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, महाराजगंज, कुशीनगर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, एटा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, बदायूं, झांसी, जालौन, ललितपुर, संत कबीरनगर, कौशाम्बी व प्रयागराज आदि प्रमुख हैं। इन सभी जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। वहीं शामली, सहारनपुर, मीरजापुर, अलीगढ़, बांदा, हमीरपुर, आगरा, सुल्तानपुर, अमेठी व गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में फिलहाल पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है।

### स्टांप पेपर को लेकर मंत्रिपरिषद का बड़ा फैसला

मंत्रि परिषद की बैठक में स्टांप पेपर को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। अब 10 हजार से लेकर 25 हजार मूल्य तक के हार्ड कॉपी के स्टांप पेपर चलन से बाहर कर दिए जाएंगे। इनकी जगह ई-स्टांप का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए 5,630 करोड़ रुपये से अधिक के स्टांप को बीड आउट किया जाएगा। पुराने स्टांप 31 मार्च 2025 तक ही मान्य होंगे। स्टांप प्रणाली में पारदर्शिता और गड़बड़ियों को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

### आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरित

आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के लिए 8684.68 वर्ग मीटर भूमि को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किया गया है। यह जमीन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की थी। वहीं, द्वितीय कॉरिडोर के लिए गृह विभाग की 20,753 वर्ग मीटर भूमि को भी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किया गया है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग 90 वर्ष की लीज पर और 30-30 वर्ष के नवीनीकरण के प्राविधानों के सहित एक रुपये प्रतीक मूल्य पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को भूमि हस्तांतरित करेगा। इसे लेकर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल गई है।

### राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना को दो साल का विस्तार

मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य स्मार्ट सिटी योजना को दो साल के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया। यह योजना प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों के लिए लागू होगी। पहले यह योजना पांच साल के लिए थी। अब इसे राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विस्तार दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 2019-20 में प्रदेश में 10 स्मार्ट सिटी का चयन किया था। जबकि, प्रदेश सरकार ने सात शहर, गाजियाबाद, मेरठ, फिरोजाबाद, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, शाहजहांपुर और गोरखपुर को भी शामिल किया था। इस विस्तार से शहरी विकास को नई गति मिलेगी।

### महर्षि दधीचि कुंड का होगा कायाकल्प

हरदोई की तहसील सदर, परगना गोपामऊ के ग्राम दही स्थित महर्षि दधीचि कुंड के आसपास पर्यटन क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इसके लिए बंजर श्रेणी की 0.850 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर्यटन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित की जाएगी। मंत्रि परिषद की बैठक में इसका फैसला लिया गया। इसके अलावा साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिषद् में 25 साल से कार्यरत सात कर्मचारियों को परिषद कार्मिकों की भांति 7वें वेतन आयोग का लाभ देने का फैसला भी लिया गया।

### बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर बनेगा मेडिकल कॉलेज

बलिया में मेडिकल कॉलेज बनाने का फैसला लिया गया था। यह स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर होगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में इसके लिए 14.05 एकड़ भूमि को निःशुल्क हस्तांतरण की मंजूरी दे दी गई। यह भूमि जिला कारागार से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की गई है। इसमें 12.39 एकड़ में मेडिकल कॉलेज का निर्माण और शेष भूमि पर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चित्तू पांडेय की स्थापित मूर्ति का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

### बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज के लिए भूमि का हस्तांतरण

मंत्रिपरिषद की बैठक में बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। 4570 वर्ग मीटर भूमि राजकीय कृषि विद्यालय के नाम पर दर्ज है। इसे चिकित्सा शिक्षा विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने का फैसला लिया गया है। यह भूमि ग्राम वलीपुरा में स्थित है। ज्ञात हो कि प्रदेश के 27 स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बुलंदशहर परिसर में नर्सिंग कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध नहीं थी। अब इसकी व्यवस्था कर दी गई है।

### आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक का होगा निर्माण

मंत्रिपरिषद की बैठक में सैफई (इटावा) स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 300 बेड के अस्पताल में पीडियाट्रिक ब्लॉक को भी शामिल किया गया है। इसके लिए 23217.17 लाख रुपये के वित्तीय एवं प्रशासकीय प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।



### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में शामिल हुए सात नगर निगम

यूपी सरकार ने सात नगर निगमों में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को दो साल के लिए बढ़ा दिया है, जिसमें गाजियाबाद, मेरठ, फिरोजाबाद, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, शाहजहांपुर, गोरखपुर के नाम शामिल हैं। सरकार ने जेवर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव पास कर दिया है। यानी, आने वाले समय में ये एयरपोर्ट और भी बड़ा और आधुनिक बनेगा। साथ ही उत्तर प्रदेश के सीतापुर, फतेहपुर, प्रयागराज, फर्रुखाबाद और गाजीपुर में बंद पड़ी कताई मिलों की 451 एकड़ जमीन उद्योगों के लिए दी जाएगी। इससे नए उद्योग स्थापित होंगे और हजारों लोगों को रोजगार मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

### बंद पड़ी कताई मिलों पर स्थापित होंगे नए उद्योग

योगी मंत्रिपरिषद की बैठक में बंद पड़ी कताई मिलों पर नए उद्योग लगाने को मंजूरी मिली। टैक्सफेड ग्रुप के अंतर्गत उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों की 451.20 एकड़ भूमि के औद्योगिक प्रयोग के लिए यूपीसीडा को निःशुल्क हस्तांतरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी इकाइयों में महमूदाबाद (सीतापुर) में 71.02 एकड़, फतेहपुर में 55.31 एकड़, मऊआइमा (प्रयागराज) में 85.24 एकड़, बहादुरगंज (गाजीपुर) में 78.92 एकड़, कम्पिल (फर्रुखाबाद) में 82.15 एकड़ और बुलंदशहर में 78.56 एकड़ भूमि यूपीसीडा को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है।

### डिफेंस कॉरिडोर में डीटीआईएस की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरित



मंत्रिपरिषद की बैठक में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड के अंतर्गत डीटीआईएस की स्थापना के लिए एसपीवी को 0.8 हेक्टेयर भूमि निशुल्क हस्तांतरित करने को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई है। डीटीआईएस फैसिलिटी का विकास एक कॉमन टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर के रूप में किया जाएगा। इसमें लखनऊ नोट के अंतर्गत स्थापित रक्षा इकाईयों द्वारा अपने उत्पादों का परीक्षण एवं सर्टिफिकेशन के लिए किया जाएगा।

# योगी 3.0 की तैयारी, नए मंत्रियों के साथ 2027 साधने की बारी!

## योगी मंत्रिमंडल विस्तार 6 नए मंत्री होंगे शामिल, ब्रजेश पाठक समेत ओपी राजभर के बदले जा सकते हैं विभाग !

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजनीति में महाकुंभ समाप्त होते ही सत्ता का कुंभ शुरू हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष को बदलने की चर्चाओं के बीच योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट में 6 नए मंत्रियों को शामिल करने की पूरी तैयारी कर ली है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह बदलाव काफी पहले से प्रस्तावित था, लेकिन महाकुंभ के कारण इसमें देरी हुई। अब होली के बाद योगी सरकार के मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल देखने को मिलेगा। इसके अलावा, कई मौजूदा मंत्रियों के विभाग भी बदले जाने की संभावना जताई जा रही है।

### नए मंत्रियों की संभावित सूची

सूत्रों के अनुसार, नए मंत्रियों के नाम तय कर लिए गए हैं। इनमें प्रमुख नाम भूपेंद्र चौधरी का है, जिनका प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इनके अलावा अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से सपा के अजीत प्रसाद को हराकर विधायक बने चंद्रभानु पासवान, कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करने वाले रामवीर सिंह के नाम लगभग तय माने जा रहे हैं। वहीं जिन नामों को लेकर चर्चा चल रही है उसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र और नोएडा के विधायक पंकज सिंह, लखनऊ सरोजनीनगर से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह और कानपुर से विधायक नीलिमा कटियार और महेंद्र सिंह के नाम शामिल हैं। जबकि, एक मंत्री पद के लिए तीन नामों पर विचार किया जा रहा है, जिनमें गोविंद शुक्ला, विजय बहादुर और अनुप गुप्ता शामिल हैं।



### मंत्रिमंडल में 6 पद खाली

उत्तर प्रदेश सरकार में कुल 60 मंत्रियों की अधिकतम सीमा है, जबकि वर्तमान में 54 मंत्री कार्यरत हैं। यानी 6 पद अभी भी खाली हैं। यही कारण है कि इस बार मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर इतनी चर्चा हो रही है। भाजपा सरकार ने बीते दिनों कई मंत्रियों के कार्यों की समीक्षा भी की थी, जिसमें कुछ मंत्री अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। इसीलिए पार्टी ने नए चेहरों को मौका देने का निर्णय लिया है। होली के बाद बड़े बदलाव की संभावना14 मार्च को होली है, और उसके बाद किसी भी दिन योगी मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है। इस बार के विस्तार को सिर्फ एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि भाजपा की बड़ी सियासी रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी चाहती है कि आगामी चुनावों से पहले संगठन और सरकार के बीच तालमेल बेहतर हो, ताकि जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ और अधिक मजबूत की जा सके।

### बीजेपी की 2027 चुनावी रणनीति

भाजपा इस मंत्रिमंडल विस्तार के माध्यम से 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति को सशक्त बनाने में जुटी है। समाजवादी पार्टी (सपा) जिस तरह से पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग को जोड़ने की रणनीति बना रही है, भाजपा उसे मंत्रिमंडल के नए चेहरों के माध्यम से जवाब देने की योजना बना रही है। जिन नेताओं की जमीनी पकड़ मजबूत है, उन्हें मंत्रिमंडल में स्थान देकर पार्टी कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों को साधने की कोशिश करेगी।

### मंत्रियों के विभागों में फेरबदल संभव

सूत्रों के मुताबिक, सिर्फ नए मंत्रियों को शामिल करना ही नहीं बल्कि वर्तमान मंत्रियों के विभागों में भी बदलाव करने की योजना बनाई जा रही है। इस बदलाव में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से स्वास्थ्य विभाग वापस लिया जा सकता है। इसी तरह पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर का विभाग भी बदला जा सकता है। इस फेरबदल के जरिए सरकार प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की कोशिश करेगी।

# अलीगढ़ में पकड़े गए चार बांग्लादेशी, 17 साल से रह रहे थे अवैध

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

अलीगढ़ की टप्पल पुलिस ने जट्टारी चौकी अंतर्गत नई बस्ती से महिला समेत चार बांग्लादेशी नागरिकों को 17 साल से अवैध रूप से रहते हुए गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपने बेटों के फर्जी आधार कार्ड भी बनवाए। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड के साथ तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। टप्पल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जट्टारी स्थित नई बस्ती से चार बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से रहते हुए गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों से भारत आने के बारे में पूछा तो मकसूद खान पुत्र इब्राहिम ने बताया कि सभी बांग्लादेश में जिला जिसोर के गांव बांगडंगा बगरपाड़ा के रहने वाले हैं। वहां खेती का काम करते थे। 17 साल पहले वर्ष 2008 में बेनापुल बोर्डर के रास्ते सियालदा ट्रेन से आगरा रेलवे स्टेशन होते हुए बस द्वारा अलीगढ़ के टप्पल थाना अंतर्गत जट्टारी में आकर कबाड़ बीनने का काम करने लगे। नई बस्ती में झुग्गी -झोपड़ी बनाकर अवैध रूप से रहने लगे। उसकी पत्नी साहिना व दो लड़के मोहम्मद तौफीक व मौहम्मद साबिर साथ रहते हैं। फर्जी कागज तैयार कर दोनों बेटों के आधार कार्ड भी बनवा लिए ।



### ये हुए गिरफ्तार

- मकसूद खान पुत्र इब्राहिम मुल्ला निवासी गांव बागडंगा थाना बगर पाडा जिला जिसोर बांग्लादेश, हाल पता नई बस्ती जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़
- ममोहम्मद तौफीक पुत्र मकसूद खान निवासी ग्राम बागडंगा थाना बगरपाडा जिला जिसोर बांग्लादेश हाल पता नई बस्ती कस्बा जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़ उ0प्र0
- मोहम्मद साबिर पुत्र मकसूद खान निवासी गांव बागडंगा थाना बगर पाड़ा जिला जिसोर बंग्लादेश, हाल पता नई बस्ती जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़
- साहिना पत्नी मकसूद खान पुत्री इब्राहिम मोडोल निवासी गांव बागडंगा थाना बगर पाड़ा जिला जिसोर बंग्लादेश, हाल पता नई बस्ती जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़

### यह हुई बरामदगी

- 2 फर्जी आधारकार्ड
- गलत आईडी से खरीदे गये 3 मोबाइल फोन

# वृंदावन में राधा-कृष्ण ने भक्तों पर बरसाए रंग

## राधाबल्लभ मंदिर से भगवान का डोला निकला, ब्रज में 15 लाख श्रद्धालु उड़ा रहे रंग-गुलाल



जन एक्सप्रेस। मथुरा

ब्रज में रंगभरनी एकादशी से गीले रंगों की होली शुरू हो गई है। वृंदावन में राधाबल्लभ मंदिर से भगवान राधा कृष्ण का डोला निकला। बग्गी पर विराजमान होकर भगवान राधा कृष्ण के स्वरूप शहर में होली खेलने निकले। इस दौरान राधा कृष्ण ने जमकर रंग-गुलाल रास्तेभर उड़ाया। बांके बिहारी जी चांदी के सिंहासन पर बैठकर भक्तों पर सोने की पिचकारी से रंग बरसा रहे हैं। श्री कृष्ण जन्मस्थान पर सतरंगी होली देखने को मिली। यहां लड्डू, जलेबी, लट्ठमार और रंग-गुलाल से होली खेली गई। ब्रज नगरी में 15 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं। सुबह वृंदावन में 5 कोस यानी 15 किमी की परिक्रमा के लिए आस्था का सैलाब उमड़ा। पूरे परिक्रमा मार्ग पर रंग बरसे। कोई लड्डू गोपाल तो कोई बच्चे को गोदी में लेकर पैदल परिक्रमा करने पहुंचा। कई महिलाएं दंडवती यानी लेटकर परिक्रमा की।

### राधाबल्लभ मंदिर से निकला भगवान का डोला

रंगभरी एकादशी पर्व पर राधाबल्लभ मंदिर से भगवान राधा कृष्ण का डोला निकला। बग्गी पर विराजमान होकर भगवान राधा कृष्ण के स्वरूप शहर में होली खेलने निकले। इस दौरान राधा कृष्ण के स्वरूप ने जमकर गुलाल रास्ते भर उड़ाया।

### महादेव की भस्म-गुलाल से खेली होली

गुलाल बरस रहा था, रंग उड़ रहा था। हर कोई झूम-झूम कर रसिया की धुन पर थिरक रहा था। यह बानगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि में थी। रंगभरनी एकादशी पर जन्मभूमि में गुरु शरणानंद महाराज ने होली महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद काशी विश्वनाथ से आई प्रसाद के रूप में गुलाल और भस्म से केशव ने होली खेली। प्रसादी रूपी यह गुलाल भक्तों में भी उड़ाया गया। लठामार होली में हुरियारनों ने हुरियारों के प्रेम भरी लाठी बरसाईं।

### राधा-कृष्ण के स्वरूप संग खेली होली

मथुरा-वृंदावन में जगह-जगह रंगोत्सव मनाया जा रहा है। सोमवार को यमुना सेवा दल ने होली उत्सव का आयोजन किया। इसमें महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों ने राधा-कृष्ण के स्वरूप के साथ जमकर होली खेली। इस मौके पर लोकदल के राष्ट्रीय महामंत्री यशपाल बघेल, महानगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, पार्षद हेमंत खंडोली, युवा व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष नरेश शर्मा, बब्बू पंडित, यमुना सेवा दल के अध्यक्ष मुनीष शर्मा, अखिलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि में खेली जा रही फूलों की होली

मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि में होली का उल्लास छाया हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभु श्रीकृष्ण के साथ होली खेलने के लिए पहुंचे हैं। यहां फूलों की होली खेली जा रही है। राधा-कृष्ण के स्वरूप में कलाकार नृत्य कर रहे हैं। हर ओर राधे-राधे की गूंज है। श्रद्धालु आनंदित हो रहे हैं। मथुरा के नौहझील में रंगभरनी एकादशी के अवसर पर गांव मरहला मुक्खा में भव्य होली महोत्सव मनाया गया।

# संभल में भाजपा नेता की हत्या, बाइक सवार युवकों ने जहरीला इंजेक्शन लगाया

जन एक्सप्रेस। संभल

संभल में भाजपा नेता गुलफाम सिंह यादव की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी गई। वारदात को बाइक से आए 3 युवकों ने अंजाम दिया। इंजेक्शन लगने के बाद गुलफाम सिंह तड़पने लगे। इसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर अलीगढ़ रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मामला तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव दबथरा हिमाचल का है। हत्या के बाद पुलिस बाइक सवार तीनों युवकों की तलाश में जुटी है। गुलफाम सिंह यादव (65) ने 2004 के विधानसभा उपचुनाव में मुलायम सिंह यादव के खिलाफ गुन्नौर से चुनाव लड़ा था। गुलफाम सिंह यादव का राजनीतिक करियर गुलफाम सिंह यादव अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रह चुके हैं। विधानसभा चुनाव- 2022 में संभल विधानसभा के प्रभारी थे। इसके पहले लोकसभा चुनाव में भी प्रभारी रह चुके हैं। वहीं उनका बेटा वेदप्रकाश जुनावई ब्लॉक प्रमुख रहा है।

# निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करें जन समस्याओं का निस्तारणः एडीएम

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस पोर्टल में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि किसी विभाग को समस्या हो, तो कलेक्टरेट में प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस एवं सम्बन्धित लिपिक से समझ ले ताकि निस्तारण में गलती न हो। कहा कि जिन भी समस्याओं का निस्तारण किया जाए, उनका मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी करें। कोई भी प्रकरण डिफाल्टर नहीं होना चाहिए, अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी को ही जिम्मेदार माना जाएगा। कहा कि समस्याओं के निस्तारण के दौरान जो भी आख्या लगाई जाए, वह स्पष्ट होनी चाहिए। किसी भी समस्या के निस्तारण में गलत रिपोर्ट नहीं होनी चाहिए। यदि किसी के पास अन्य विभागों से सम्बन्धित कोई प्रार्थना पत्र आ गया है, तो तत्काल सम्बन्धित विभाग को वापस करें। कहा कि तहसील दिवस के प्रकरणों के निस्तारण में भी शासन स्तर पर जनपद की रैंकिंग ठीक नहीं है। सभी उपजिलाधिकारी सम्बन्धित विभागों से संपर्क करके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। निस्तारण आख्या को फीड करने से पहले यह जान ले की समस्याग्रस्त व्यक्ति समाधान से संतुष्ट है की नहीं। समस्याओं के निस्तारण के दौरान श्रेणी चयन में भी विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि एक से 10 मार्च तक निस्तारित की गई समस्याएं जिनमें फीडबैक असंतुष्ट प्राप्त हुए हैं, उनके सम्बन्ध में आईजीआरएस कार्यालय में संपर्क करके निस्तारण कराए।

अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने बताया कि आईजीआरएस निस्तारण की जो नई प्रक्रिया शासन द्वारा शुरू की गई है, उसमें अभी सम्बन्धित विभागों द्वारा शासन की मंशानुरूप निस्तारण गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है। जिससे विभिन्न संदर्भ निस्तारण में डिफाल्टर तथा सी श्रेणी में आ जाते हैं, जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मऊ सौरभ यादव, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, राजापुर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम के जतारया, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र, सहायक निदेशक मत्स्य भानुचंद्रा, जिला दिव्यांग जन शक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# काली पट्टी बांधकर सड़कों पर उतरे पत्रकार, प्रदर्शन कर दिया धरना

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



सीतापुर जिले में पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में सोमवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही धरना देने के बाद ज्ञापन सौंपकर कर हत्यारोपियों को गिरफ्तार करते हुए कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई।

जिला मुख्यालय में सोमवार को चित्रकूट प्रेस क्लब ने विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि सीतापुर के महोली कस्बे के निवासी पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेयी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से जिले के सभी पत्रकारों में शोक व्याप्त है। हत्यारोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। बताया कि स्व. राघवेन्द्र बाजपेयी ने कुछ दिन पूर्व धान खरीद में अनियमितता की खबरों का प्रकाशन किया था। इससे कुछ लोग उनसे नाराज थे। इसके चलते बीते शनिवार की दोपहर तीन बजे बाइक सवार तीन बदमाशों और थार गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उनका पीछा किया। सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हेमपुर रेलवे क्रासिंग के पास बने ओवर ब्रिज पर पहले बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। मृतक पत्रकार के परिजनों के अनुसार लगभग 10 दिन पहले उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। दिन दहाड़े हुए इस हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस को तत्काल गिरफ्तार करना चाहिए। साथ ही हत्यारोपियों पर कठोर कार्यवाही करते हुए मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। ऐसा न होने पर आज के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद पत्रकार अब उग्र आंदोलन करेंगे। इसके पूर्व पत्रकारों ने चित्रकूट प्रेस क्लब कार्यालय से नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और कलेक्टरेट पंहुच कर धरना दिया। इस दौरान सदर विधायक अनिल प्रधान, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, भाकपा के जिला सचिव अमित यादव भी धरना स्थल पर पंहुच गए और सभी नेताओं ने पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई हत्याकांड के मामले में प्रदेश सरकार और सीतापुर पुलिस को कटघरे में खड़ा किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी राजेश प्रसाद को सौंपा गया।

# बाल अधिकारों का नहीं होने देंगे हनन: एएसपी

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिला मुख्यालय के सानेपुर स्थित पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू), बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी।

गोष्ठी में एएसपी ने समस्त थानों के पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधि का उल्लंघन्न करने वाले बालक तथा पीड़ित की जन्मतिथि का सत्यापन आधार कार्ड से न करके विद्यालय के अंक-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, नगर निकाय, नगर पालिका या मेडिकल परीक्षण कराकर किया जाए। बाल कल्याण समिति को बताया गया कि यदि कोई नाबालिग पीड़ित/पीड़िता है और उसके साथ कोई वयस्क व्यक्ति नहीं है, तो ऐसी स्थिति में बाल कल्याण इकाई के सदस्य द्वारा स्वयं वादी बनकर अभियोग पंजीकृत कराए। इसमें पीड़िता का तत्काल निश्चित समय सीम के अन्दर विधि के अनुरुप मेडिकल परीक्षण कराए तथा आर्थित रुप से कमजोर पीड़िताओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिलायें। इस दौरान एएसपी ने एसजेपीयू, सीब्ल्यूसी एव एएचटीयू के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। कहा कि बाल विवाह पर रोक लगाते हुए गठित जनपदीय टीम द्वारा भ्रमण कर बालकों से कराये जा रहे श्रम को प्रतिबंधित कराया जाये और जिनके द्वारा श्रम कराया जा रहा है, उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करायी जाए।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों से अपराधी के तरह व्यवहार न करें। गुमशुदा बच्चों के बरामद होने के बाद उन्हे बाल सुरक्षा समिति के सुपुर्द करें, बाल सुरक्षा समिति बच्चे के परिजनों की पहचान कर उन्हें परिजनों के सुपुर्द करेगी। यदि कोई नाबालिग आत्महत्या का प्रयास करता है, तो पुलिस ऐसे नाबालिग बच्चों को बाल सुरक्षा समिति के सुपुर्द करें एवं समिति ऐसे बच्चों की काउंसलिंग के बाद आत्महत्या के प्रयास के कारण जानकर उन्हें परिजनों के सुपुर्द करें।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू शिवमूरत, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रभारी जयप्रकाश उपाध्याय, अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आग लगने से कागज फैक्ट्री जलकर तबाह, 12 लाख का नुक़सान



जन एक्सप्रेस | कालपी

नगर कोतवाली में कागज फैक्ट्री में सोमवार की दोपहर आग लग गई। जिससे फैक्ट्री में रखा करीब 12 लाख रुपए का माल जलकर पूरी तरह तबाह हो गया।

नगर कोतवाली के फैक्ट्री ऐरिया में कागज उद्यमी राज नारायन वर्मा टीन सैट में बैल्डिँग करवा रहे थे। बताया गया कि बेल्डिंग करते समय निकली चिन्गारी वहां पर पड़े गूदड में गिर गई। जब तक फैक्टरी मालिक और बैल्डिँग करने वाला कुछ समझ पाता तब तक आग परिसर में रखे गूदड में फैल गई और वह धधकने लगी। इस दौरान आग का विक्राल रुप देखकर कागज उद्यमी व मजदूरो में हड़कंप मच गया और उन्होंने वही मौजूद पानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग को काबू में न आता देख उन्होंने मामले की सूचना दमकल कर्मियों को दी। लेकिन वहां पर पानी की कमी होने से आग ने मशीनो के साथ परिसर में रखे 8 टन के करीब कच्चे माल व निर्मित कागज को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालाकि खबर मिलते ही दल-बल के साथ मौके पर पहुचे प्रभारी महेन्द्र प्रसाद बाजपेई ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक मशीनरी के साथ गूदड और निर्मित कागज जलकर खाक हो चुका था।अग्निकांड का शिकार हुए कागज उद्यमी के अनुसार आग लगने से उसका करीब 12 लाख के आसपास नुकसान होना बताया गया है।

# टीचर सेल्फ केयर टीम दिवंगत परिवारों हेतु वरदान: अमर बहादुर सिंह

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

टीएससीटी के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद के निर्देश के क्रम में जनपद चित्रकूट के शिक्षक स्व अशोक कुमार पटेल के नॉमिनी को सहयोग करने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया।

स्थलीय निरीक्षण में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने बाद उपस्थित सभी साथियों द्वारा अशोक के पुष्प पर पुष्प अर्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। बताया कि टीएससीटी द्वारा सहयोग हर माह के 15 से 25 तारीख के बीच होता है। अब तक टीएससीटी द्वारा 276 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को लगभग 109 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस कार्यक्रम में प्रभारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शंशाक शेखर शुक्ला तथा टीचर केयर सेल्फ टीम के जिला संयोजक अमर बहादुर सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें जनपद के बहुत सारे शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभासद एवं वरिष्ठ पत्रकार शंकर प्रसाद यादव का अतीत मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। जिला अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने कहा कि टीचर सेल्फ केयर टीम टीचर के लिए टीचर द्वारा टीचर के लिए है जिससे हमारे जनपद में यह दूसरा सहयोग हो रहा है इसके द्वारा शिक्षक शिक्षकों के ही सहयोग करके लगभग पचास से साठ लाख की धनराशि नमनी के खाते में एकत्रित करते हैं जिससे उनके परिवार में आने वाली समस्याओं को दूर किया जा सकता है।

## गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/राजापुर, चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह, इमरान खान व उनकी टीम मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार, आरक्षी उज्जवल पाण्डेय व शाकिर अली द्वारा आरोपी संतोष निषाद उर्फ बबुआ निवासी ग्राम रगौली थाना राजापुर को एक किलो 400 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## ईट मारकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** दलित मकान मालिक की ईट मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार करके गहन पूछताछ में हत्या में प्रयोग की गई ईंट बरामद करने के बाद अभियुक्त को जेल भेजा।

नगर जालौन के मोहल्ला तोपखाना निवासी प्रदीप कुमार दोहरे उर्फ सिंघानिया पुत्र रघुनाथ प्रसाद दोहरे की उनके किराए दार ने गत दिवस ईट मारकर हत्या कर दी थी। जिसका मुकदमा मृतक के भाई विष्णु कुमार दोहरे उर्फ अंजय ने दर्ज कराया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह, एसएसआई गौरव मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद दुबे आदि पुलिस बल ने हत्या के आरोपी मोहित कुमार निवासी ग्राम सालौखरा थाना बिठौली जिला इटावा को मुखबिर की सटीक सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसी दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि मकान मालिक और मेरे भाई में विवाद हो गया था। इसी दौरान उसको ईट मर दी जिससे उसकी मौत हो गई। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयोग की गई ईट भी बरामद कर ली है। पुलिस ने पूंछताछ के बाद गिरफ़्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया।

# 'सीतापुर में हुई पत्रकार की हत्या में शामिल हत्यारोपियों पर रासुका के साथ गैंगस्टर की हो कार्रवाई'

जन एक्सप्रेस | उरई



बुंदेलखंड मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जिसमें सीतापुर जिले के दैनिक जागरण समाचार पत्र के तहसील संवाददाता राघवेन्द्र बाजपेई की माफियाओं द्वारा दिन दहाड़े हत्या कर दी गई जो योगी सरकार के लिए एक चुनौती है। भाजपा सरकार में खुले आम गुंडई स्थानीय प्रशासन के लिए शर्मसार करने वाली है यही नहीं प्रदेश में कानून व्यवस्था के लिए एक चुनौती है जबकि सरकार ने प्रदेश को अपराधमुक्त करने के बीड़ा उठा रखा था लेकिन ऐसे छुटभइयों के कारनामों से प्रदेश सरकार की बदनामी झेलनी पड़ती है। बुंदेलखंड मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष केपी सिंह, सचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व मे सोमवार को जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय से ज्ञापन के जरिए मांग की कि दिवंगत पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई के आश्रितों को 25 लाख की धनराशि के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाय । यह भी मांग की गई कि हत्यारोपियों के साथ साथ षड्यंत्रकारियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो उनपर गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनकी संपत्ति कुर्क की जाय यही नहीं सरकार पैरवी कर अविलंब सजा सुनिश्चित कराए। वहीं जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि ज्ञापन मुख्यमंत्री को शीघ्र प्रेषित किया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मान्यता प्राप्त पत्रकार अरविंद द्विवेदी, सुधीर त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी, अशोक पुरवार, राजू सैनी, अनिल शर्मा, राकेश द्विवेदी, अचल शर्मा, सुधीर राना, राहुल दुबे, सुशील पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, मुन्नेस, सुरेन्द्र सिंह, रोहित सोनी, शत्रुघन सिंह, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, हाशिम राजा, दीपेश गुप्ता, पवन यादव आदि मौजूद थे।

# बाल खिलाड़ियों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला एवं जिला व्यायाम शिक्षक दयानन्द सिंह ने राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों को सोमवार को हरी झंडी दिखाकर बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना किया। यह विद्यार्थी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला व्यायाम शिक्षक दयानन्द सिंह ने बताया मण्डलीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुए है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 11 व 12 मार्च को गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम लखनऊ में आयोजित होनी है। जिसमें चित्रकूट, रामनगर, मानिकपुर एवं पहाड़ी ब्लाक के विद्यार्थी व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से खेलकूद में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए सोमवार को चयनित विद्यार्थियों को बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय लिपिक सन्दीप सिंह, ब्लाक व्यायाम शिक्षक चित्रकूट महेन्द्र कुमार सिंह, ब्लाक व्यायाम शिक्षक पहाड़ी रामनारायण साहू, शिक्षक बिहारीलाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रामभूषण पाण्डेय, हनुमंत शरण, वागीश शुक्ला, शिवकृपाल सिंह, प्रमोद द्विवेदी, महेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार मिश्र, जय सिंह आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने चेकिंग कर भरे नमूने

जन एक्सप्रेस | उरई

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ व जिलाधिकारी के आदेशानुसार आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज सुशील कुमार सिंह उपजिलाधिकारी कालपी के नेतृत्व में डॉ. जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अनिल कुमार शंखवार ,कन्हैयालाल यादव, महेश प्रसाद, सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी के सचल दल द्वारा तहसील कालपी के टरननगंज में स्थित श्याम किशोर के परिसर से खाद्य पदार्थ नमकीन का नमूना संग्रहित किया गया एवं राजेंद्र प्रसाद के परिसर से खाद्य पदार्थ मखाना का नमूना संग्रहित किया गया। धर्मेंद्र कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ पनीर का नमूना, राधा मोहन ट्रेडर्स के परिसर से खाद्य पदार्थ घी का नमूना, श्रीराम गुप्ता के परिसर से खाद्य पदार्थ बेसन का नमूना, उदय गुप्ता कालपी के परिसर से मिर्च पाउडर व चिप्स का नमूना, कदौरा बस स्टैंड पर स्थित अनिल कुमार के परिसर से खोया का नमूना, सुनील कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ बूंदी का लड्डू व मिल्क केक का नमूना, राम शिरोमणि के परिसर से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहित किया गया।खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई हेतु निर्देश जारी किये गये एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ की ब्रिकी हेतु जागरूक किया गया। आगामी होली पर्व के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# गाली गलौज और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर रंजिश मान बैठे युवक ने गांव के ही युवक के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी उमाशंकर व रविशंकर ने गांव के ही हिमांशु व राजकिशोर के साथ रास्ते में रोककर मारपीट कर दी थी। जिसकी रिपोर्ट उसने कोतवाली में दर्ज कराई थी। इसी बात को लेकर वह दोनों उससे रंजिश मान बैठे। पीड़ित हिमांशु ने आरोप लगाया कि शनिवार की शाम दोनों उसके घर आ धमके और रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर उसके साथ गाली, गलौज करने लगे और मारपीट पर आमादा हो गए। इसकी सूचना उसने तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उमाशंकर के खिलाफ कार्रवाई की है।

# हमीरपुर माइनर में अधेड़ का शव मिलने से इलाके में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस | उरई

एट कोतवाली क्षेत्र के हमीरपुर माइनर में अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र में हमीरपुर माइनर में अधेड़ का शव पड़ा देखकर इलाके में सनसनी फ़ैल गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया।

पुलिस के कड़े प्रयासों के बाद मृतक की पहचान काशीराम कुशवाहा 62 वर्ष पुत्र कामता प्रसाद निवासी कोटरा तिराहा वार्ड नंबर 2 के रूप में की गई। पहचान होने के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। परिवार के लोगों ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता था और उसके दो पुत्र महेंद्र व शिवम है।बताया जा रहा है कि वह नशे की हालत में नहर में सोच क्रिया करने या पानी पीने के लिए कोशिश कर रहा होगा। तभी अचानक पैर फिसल जाने के कारण नहर में गिर गया होगा। मामले में कोतवाली प्रभारी लोकेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद सब कुछ साफ हो जायेगा।

# अवैध शराब बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने चार आरोपियों को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब व 25 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गनींवा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक यदुवीर सिंह व उनकी टीम मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार व आरक्षी रामकेश द्वारा आरोपी वीरेन्द्र उर्फ ज्वाला पटेल निवासी रमपुरिया पतेरे मजरा हरदौली थाना राजापुर को 25 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ, थाना मऊ के उपनिरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला व उनके हमराही आरक्षी सोनपाल द्वारा आरोपी अजमत उल्ला निवासी बियावल थाना मऊ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सिंह व उनके हमराही आरक्षी प्रवीण पाण्डेय द्वारा आरोपी शिवमंगल सिंह निवासी ग्राम बियावल थाना मऊ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ व थाना मानिकपुर के मुख्य आरक्षी कमलाकान्त द्विवेदी व आरक्षी अजीजउद्दीन व सुजीत कुमार यादव द्वारा आरोपी लवकुश पुत्र सुखलाल निवासी सिगवा कोटा कंडैला थाना मानिकपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में इन सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# 800 काश्तकारों को वितरित किए गए जोत चकबंदी आकार पत्र

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट




सदर तहसील के बाबूपुर गांव में सोमवार को चकबंदी अधिनियम की धारा 20 का प्रकाशन कराया गया। इस दौरान लगभग 800 काश्तकारों को जोत चकबंदी आकार पत्र 23 भाग एक का वितरण किया गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित पंचायत भवन में पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार सोमवार को हुई चकबंदी चौपाल में अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उपसंचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने बताया कि चकबंदी आयुक्त तथा जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश है कि चकबंदी प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता बरती जाए। उत्तर प्रदेश चकबंदी अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत प्रारम्भिक चकबंदी योजना के प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर अधिनियम की धारा 21 के अधीन चक आपत्ति प्रस्तुत करने का प्राविधान है, जो चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में पंजीकृत की जाएगी।

धारा 20 के प्रकाशन के बाद यदि किसी कृषक को आपत्ति है, तो चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में तथ्यों के साथ आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है या 15 दिन के अंदर आपत्ति चकबंदी अधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत कर दी जाए।

अपर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सभी कृषकों को चक के सम्बन्ध में विस्तृत एवं बिन्दुवार जानकारी देते हुए बताया कि चकबंदी आकार पत्र 23 में अंकित अभिलेखों को समझ लें। इनमें कोई आपत्ति होने पर चक आपत्ति दायर करके अनुतोष प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन, सहायक चकबंदी अधिकारी श्यामलाल गौतम, चकबंदी कर्ता साधू सिंह, चकबंदी लेखपाल अतुल गुप्ता सहित सम्बन्धित ग्राम प्रधान, चकबंदी समिति अध्यक्ष, सदस्य और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।



## दिनदहाड़े करोड़ों की डकैती

**भोजपुर।** बिहार में आरा के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम से सोमवार को 6 बदमाश 25 करोड़ की ज्वेलरी लूट ले गए। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से दो झोला... पढ़ें पेज 12 पर...

# रंग व विकास की योजनाओं संग सुहावनी हो गई सरोजनीनगर की होली: सीएम योगी

### मुख्यमंत्री ने डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित '3 साल बेमिसाल, सरोजनीनगर आभार दिवस' कार्यक्रम में की शिरकत

- सीएम योगी ने विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- मुख्यमंत्री ने किया सरोजनीनगर संवाद व विकास प्रदर्शनी का अवलोकन
- 25 मार्च को सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर हर जनपद में लगेगी प्रदर्शनी: मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित %3 साल बेमिसाल, सरोजनीनगर आभार दिवस% कार्यक्रम में शिरकत की। स्थानीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही सरोजनीनगर संवाद व विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सरोजनीनगर के सिख परिवारों ने सीएम योगी को करतारपुर साहब से लाया प्रसाद भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रंग और विकास की योजनाओं संग सरोजनीनगर की होली और सुहावनी हो गई।

### सीएम ने सरोजनीनगर की जनता का किया अभिनंदन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह कार्यक्रम देखकर आनंद की अनुभूति हुई कि विधायक जमीनी धरातल पर उतरकर इतनी गहराई के साथ जनता-जनार्दन की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी है और लोकतंत्र इसी से मजबूत होता है। सरोजनीनगर की जनता का अभिनंदन करते हुए उन्होंने कहा कि तीन वर्ष पहले आज ही के दिन (10 मार्च 2022) डॉ. राजेश्वर सिंह को विधायक चुना था। उनके द्वारा यहां की विकास योजनाओं को शासन में पहुंचाया जाता था और वहां से स्वीकृति ली जाती थी। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र भी इतने दिव्य-भव्य तरीके से आगे बढ़ सकता है, यह प्रदर्शनी देखकर बहुत अच्छा लगा। सीएम योगी ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि समर्पित भाव से कार्य करता है और उसके मन में संवेदना है तो वह बहुत कुछ कर सकता है। यह सब करने के लिए जनप्रतिनिधि को स्वार्थ से उठकर परमार्थ के लिए खुद को समर्पित करना होगा, तब ऐसा परिणाम आ सकता है। सीएम ने कहाकि आज सुबह मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा कर रहे थे कि 25 मार्च को सरकार के 8 वर्ष हो जाएंगे, उस समय हर जनपद में प्रदर्शनी लगेगी।

### 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं से समृद्धि पथ पर है सरोजनीनगर

सीएम योगी ने कहा कि आज रंगभरी एकादशी भी है। सभी मंदिरों में देव विग्रहों के साथ होली खेली जा रही है। रंग के साथ विकास की योजनाओं ने सरोजनीनगर विधानसभा की होली को और और भी सुहावना बना दिया है। क्षेत्र में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं या चल रही हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में 1200 करोड़ रुपये का कन्वेंशन सेंटर (जहां 10 हजार लोग एक साथ बैठकर कार्यक्रम कर सकें) बनाने जा रहे हैं। इसी विधानसभा क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर भी बन रहा है। यूपी का पहला फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का निर्माण भी यहीं हुआ है। एसजीपीजीआई जैसा चिकित्सा संस्थान भी इसी विधानसभा क्षेत्र में है।

### राजेश्वर सिंह ने मुखरता से जनता से बनाया संवाद

सीएम ने कहा कि जब भाजपा ने राजेश्वर सिंह को प्रत्याशी बनाया तो उनकी छवि नौकरशाह व ईडी अधिकारी की थी। राजेश्वर सिंह ने मुखरता के साथ जनता से संवाद बनाया, तत्परता से सेवा के लिए समर्पित रहे। संगठन व सरकार से समन्वय बनाया। जनता की सेवा के लिए सरकार की योजनाओं को लागू कराया। सीएसआर की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के साथ ही अपने स्तर पर भी अभिनव प्रयास किया। बड़े पैमाने पर जनता, बेटियों, मेधावियों, महिलाएं या समाज के प्रत्येक तबके के लोगों के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया है। हर योग्य व आदर्श जनप्रतिनिधि को इसी समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। यही भाव यदि जनप्रतिनिधियों का रहा तो आमजन में लोकतंत्र के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव बना रहेगा। लोकतंत्र मजबूत है तो आमजन की सुनवाई से कोई ताकत रोक नहीं सकती, उसे न्याय जरूर मिलेगा। सीएम ने कहा कि हमें हर विधानसभा क्षेत्र को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। हर जनप्रतिनिधि को इसी प्रतिबद्धता से काम करना चाहिए। यदि यह प्रतिबद्धता रहेगी तो कोई समस्या नहीं रहेगी।

### सरोजनीनगर में आ रहीं विकास की बड़ी योजनाएं

सीएम ने कहा कि आपने बदलते हुए सरोजनीनगर को देखा है। यहां विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं आ रही हैं। हाइवे, मेट्रो विस्तार, एयरपोर्ट अत्याधुनिक बन चुका है। डिफेंस कॉरिडोर, एयरोस्पेस सिटी के रूप में इसकी पहचान हो रही है। एआई सिटी के साथ उसका सेंटर भी इसी विधानसभा क्षेत्र में बनने वाला है। एआई बेस्ड डाटा सेंटर का जुलाई में सरोजनीनगर में उद्घाटन करने जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि जो लोग जातिवादी की राजनीति को बढ़ाते हैं और समाज को बांटने का काम करते हैं। उन लोगों के लिए प्रयागराज महाकुम्भ सबसे बड़ा सबक बना था, जहां देश-दुनिया के 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने एक साथ त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। यहां किसी प्रकार का भेद नहीं था। पीएम मोदी ने इसलिए ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बात कही थी।

### मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास-लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने सरोजनीनगर के विकास के लिए अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने पांच मेधावियों (अनुष्का, हर्ष मौर्य, प्रीति सिंह, मल्लिका अरोड़ा, कृष्णा साहू) को टैबलेट प्रदान किया। मेधावी छात्रों को 25 साइकिल, पांच आरडब्ल्यूए को पुस्तकालय, पांच यूथ क्लब को खेल किट, 15 कॉलेज-विद्यालय को स्मार्ट क्लास पैनल, पांच पार्कों में ओपन जिम, सरोजनी स्पोट्रस लीग की विजेता टीम को ट्रॉफी, 11वें रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं सशक्तिकरण केंद्र का लोकार्पण, 25 मंदिरों का जीर्णोद्धार, भगवान परशुराम एवं स्व. कल्याण सिंह की प्रतिमा का लोकार्पण, वृद्धाश्रम में विभिन्न कार्यों आादि का लोकार्पण किया।

## टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय ने प्रथम न्यायमूर्ति टी.एस. मिश्रा राष्ट्रीय मूटकोर्ट प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन किया जो हाल ही में स्थापित विधि संकाय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 7 मार्च से प्रारंभ हुई तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रतियोगिता में भारत भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता के दौरान असाधारण कानूनी प्रतिभा, वाकपटुता और शोध क्षमताओं का प्रदर्शन किया। फ़ाइनल में बीबीडी विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय की टीमें आमने-सामने थीं, जिन्होंने जामिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीमों को हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया था। बीबीडी विश्वविद्यालय विजेता के रूप में उभरा, जबकि एमिटी विश्वविद्यालय ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में माननीय न्यायमूर्ति शमीम अहमद (मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश), प्रो. (डॉ.) बलराज चौहान तथा प्रो. (डॉ.) प्रीति सक्सेना (कुलपति एचपीएनएलयू ) विशिष्ट अतिथि के रूप में जुड़े। अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो. (डॉ.) सी.पी. सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का परिणाम गौण है, वास्तविक विजय तो भागीदारी में ही निहित है। उन्होंने भविष्य में ऑफलाइन मूटकोर्ट प्रतियोगिता के आयोजन की योजना की घोषणा की एवं विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट मूटकोर्ट बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डाला। डीन ने कुलाधिपति श्री सतीश चंद मिश्रा, (प्रो) कुलाधिपति कपिल मिश्रा के निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। माननीय न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए बताया कि मूट कोर्ट का अनुभव तर्क कौशल, शोध क्षमताओं और प्रारूपण दक्षता को बढ़ाता है, जो कानूनी अच्यास में सफलता के लिए आवश्यक गुण हैं। प्रो. (डॉ.) बलराज चौहान ने कई राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में अपने व्यापक अनुभवों को साझा किया, कार्यक्रम के सुचारु संचालन और प्रतिभागियों के प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की। प्रो. (डॉ.) प्रीति सक्सेना जो कानूनी क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं, ने प्रतिभाशाली युवा मनों को कार्य करते देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भागीदारी से व्यक्तित्व का विकास होता है, जो अवसरों को आकर्षित करता है और विभिन्न कानूनी क्षेत्रों में लागू होने वाले महत्वपूर्ण कौशलों को बढ़ाता है। सर्वश्रेष्ठ वक्ता सूरज कुमार, सर्वश्रेष्ठ स्मारक कलकत्ता विश्वविद्यालय की टीम और सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता ऋत्विन राय, एनयूएएलएस, कोच्चि चुने गए। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय डॉ. शिप्रा मिश्रा, अन्नपूर्णा त्रिवेदी एवं डॉ. यू.एन. तिवारी के अथक प्रयासों को दिया गया, जिन्होंने प्रतियोगिता के निर्बाध आयोजन और कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया।

## शिक्षक आशीष कुमार को काशी हिंदी विद्यापीठ से मिला विद्या वाचस्पति मानद उपाधि सम्मान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



आशीष कुमार कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्हरिया मौदहा हमीरपुर के सहायक अध्यापक को वाचस्पति मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम रॉयल रंगोली रिजॉर्ट कृष्णा नगर लखनऊ में आयोजित काशी हिंदी विद्यापीठ द्वारा सृजन काव्य संगोष्ठी व शैक्षिक संवाद एवं विद्या वाचस्पति की विशेष मानद उपाधि सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। आयोजन काशी हिंदी विद्यापीठ के उप कुलपति श्री डॉक्टर ओमप्रकाश पांडे %निर्भय%, कुलसचिव डॉ इंद्रजीत तिवारी, लखनऊ आकाशवाणी केंद्र की लोक गायिका अनीता मिश्रा, श्री राधा रानी व्यास स्वामी परमानंद के परम शिष्य श्री प्रियम मिश्रा जी एवं सृजन संस्था के संस्थापक राष्ट्रीय संयोजक डॉ मनीष देव गुप्ता के द्वारा किया गया। जिसमें भारत के कोने-कोने से आए महान रचनाकार, साहित्यकार, कवि अपने विशिष्ट कार्य क्षेत्र पहचान बनाने वाले अध्यापक गणों को विद्या वाचस्पति मानद उपाधि (डॉक्टरेट) से सम्मानित किया गया। इन्हें हरिद्वार में शिक्षक आइकन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। अध्यापक आशीष कुमार ने करीब 30 पुस्तकों में लेखन कार्य किया है। तीन पुस्तकों का संपादन का कार्य भी चल रहा है। अध्यापक आशीष कुमार की इस विशेष उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल, हरिमोहन गुप्ता, विवेक कुमार दीक्षित, जितेंद्र कुमार गुप्ता, दीपक त्रिपाठी, रूपेंद्र सिंह, ऋषभ पुरवार, सुरेंद्र सोनी, भुवनेश तिवारी, मंजीता अहिरवार ,अरविंद कुमार आदि अध्यापकों के साथ ब्लॉक के समस्त अध्यापकों ने शुभकामनाएं देकर हर्ष जताया है।

## इटौंजा मानपुर टोल से भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को पुलिस में लौटाया वापस



- सभी कार्यकर्ता लखनऊ के परिवर्तन चौक जा रहे थे,पुलिस ने धारा 144 का दिया हवाला, सभी को लौटाया वापस
- लखनऊ परिवर्तन चौक पर कार्यकर्ताओं का रहा जमावड़ा, पुलिस फोर्स रही तैनात

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले में चंद्रशेखर आजाद ने परिवर्तन चौक से पैदल मार्च कर राजभवन तक जाने का आह्वान किया था, लेकिन पुलिस ने पहले ही मोर्चा संभाल लिया। परिवर्तन चौक पर कार्यकर्ता जुटे तो माहौल गरमाने लगा, तभी बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। फोर्स किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार थी। बता दें कि इटौंजा में भीम आर्मी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को एडीसीपी जितेन्द्र दुबे,एसीपी बीकेटी अमोल इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव, महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने सीतापुर लखनऊ हाई-वे पर कार्यकर्ताओं को रोंका कर वापस भेज दिया गया। लखनऊ जिले के परिवर्तन चौराहे पर भीम आर्मी पार्टी के कार्यक्रम में सैकड़ो की तादाद में जा रहे भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को इटौंजा पुलिस द्वारा शांतिपूर्वक रोक कर धारा 144 का पालन करते हुए समझा बुझा कर दो-तीन बसों में बैठाकर वापस भेज दिया गया। जिसमें कौशांबी, शामली, लखीमपुर-खीरी, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर जिलों से आए सैकड़ो लोगों को इटौंजा टोल प्लाजा से शांतिपूर्वक तरीके से एडीसीपी जितेन्द्र दुबे, एसीपी बीकेटी, इटौंजा पुलिस, महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह अन्य पुलिसकर्मियों ने सभी लगभग 250 लोगों को समझा-बुझाकर वापस भेजा गया। वहीं लखनऊ में चौतरफा बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की गई, प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ किशोर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमित गौतम, प्रदेश सचिव अनिकेत,जिलाध्यक्ष अजय भारती समेत अन्य जनपदों से कार्यकर्ता पहुंचे थे।

## वॉटर एंड इंडिया वेगा फाउंडेशन के तहत बख्शी का तालाब क्षेत्र में लोगों को किया गया जागरूक



- बीकेटी नगर पंचायत चेयरमैन व ईओ ने कार्यक्रम की बढ़ाई शोभा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब नगर पंचायत में वॉटर एंड इंडिया वेगा फाउंडेशन कार्यक्रम के तहत प्रमोटिंग सरकुलेशन एंड क्लाइमेट रिलायंस थ्रू इंप्रूव्ड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कैंपेन का आयोजन किया गया। बता दें कि नगर पंचायत कार्यालय बीकेटी से नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश रावत व बीकेटी ईओ इंद्रभान द्वारा हरी झंडी दिखाकर मोबाइल ब्रांडिंग वन यात्रा की शुरुआत की गई। वहीं जिसका उद्देश्य समुदाय के लोगों को ग्रे वॉटर मैनेजमेंट लिक्विड वॉटर मैनेजमेंट, नुक्कड़ नाटक व सत्र के माध्यम से एवं प्रश्नोत्तरी के द्वारा समुदाय को पानी के दुबारा इस्तेमाल को लेकर जागरूक किया गया है। वहीं इस कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकेटी एचईओ सुनीता,बीसीपीएम अजीत यादव एवं वॉटरएड इंडिया लखनऊ से देवेंद्र सिंह स्टेट प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर और अंजू मौर्य,वॉटरएंड इंडिया की टीम मौजूद रहीं।

## पर्यटन विभाग की 26408.72 लाख की 148 परियोजनायें लोकार्पण के लिए तैयार: जयवीर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, ईको टूरिज्म, राज्य सेक्टर व जिला सेक्टर की परियोजनायें शामिल

पर्यटन विभाग पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पर्यटन विकास परियोजनाये संचालित कर रहा है। प्रयास है कि परियोजनाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूरा कराकर आम जनता को समर्पित कर दिया जाए। पर्यटन विभाग द्वारा 26408.72 लाख रूपये की 148 योजनाए पूरी कराकर लोकार्पण के लिए तैयार हैं। यह परियोजनायें प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य योजना के तहत 122 परियोजनायें पूरी हुई है जिस पर 23833.40 लाख रूपये की धनराशि व्यय की गयी है। जिला योजना के अंतर्गत 423.30 लाख रूपये की 18 परियोजनायें पूरी कराई गयी है, जो लोकार्पण के लिए तैयार है। ईको टूरिज्म योजना को लोकप्रिय बनाकर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पीलीभीत, बिजनौर, चन्दौली तथा रायबरेली में 612.64 लाख रूपये की परियोजनायें पूरी कराई गयी है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत आगरा की 04 परियोजनायें पूरी की गयी है, जिस पर 1538.38 लाख रूपये की लागत आई है।कुल 26408.72 लाख रूपये की परियोजनायें लोकार्पण के लिए तैयार है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि 122 परियोजनाओं में कुछ परियोजनायें वित्तीय वर्ष 2021-22 तथा 2022-23, 2023-24 में शुरू की गयी थी, जिला योजना की 18 परियोजनायें 2022-23 तथा 2023-24 में शुरू की गयी थी। ईको टूरिज्म की 04 योजनायें वित्तीय वर्ष 2022-23 में शुरू की गयी थी तथा मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत आगरा की 04 परियोजनायें वित्तीय वर्ष 2023-24 में शुरू कराई गयी थी। इन योजनाओं का लगातार स्थलीय निरीक्षण कराकर कार्यदायी संस्थाओं से निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके फलस्वरूप यह परियोजनायें लोकार्पण के लिए तैयार है। पर्यटन सेक्टर पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ रहा है। यूपी का धार्मिक पर्यटन वैश्विक मंच पर छाप छोड़ रहा है। देश विदेश से सैलानी यूपी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पर्यटकों को उच्चस्तरीय अवस्थापना सुविधा तथा कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में परियोजनाओं को पूरा कराने में लगी हुई है।

## आधा दर्जन बंद कताई मिलों की 451.20 एकड़ भूमि यूपीसीडा को होगी ट्रांसफर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- नए उद्योग स्थापित होने के साथ ही जनपदों में सृजित होंगे रोजगार

उत्तर प्रदेश में नए उद्योग स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की करीब दो दशक से बंद पड़ी छह कताई मिलों की 451.20 एकड़ जमीन उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा को हस्तांतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिल गई। इससे नए उद्योग स्थापित होने के साथ ही बड़े पैमाने पर विभिन्न जनपदों में रोजगार सृजित होंगे। हस्तांतरित होने वाली मिलों में महमूदाबाद सीतापुर कताई मिल, फतेहपुर कताई मिल, मऊआइमा प्रयागराज की कताई मिल, बहादुरगंज गाजीपुर, कंपिल फर्रुखाबाद और बुलंदशहर की कताई मिलें शामिल हैं। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी आधा दर्जन कताई मिलों की 451.20 भूमि यूपीसीडा को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव कैबिनेट में रखा गया,जिसे कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की। जिसमें महमूदाबाद सीतापुर कताई मिल की 71.02 एकड़, फतेहपुर कताई मिल की 55.31 एकड़, मऊआइमा प्रयागराज की 85.24 एकड़, बहादुरगंज गाजीपुर की 78.92 एकड़, कम्पिल फर्रुखाबाद की 82.15 एकड़ और बुलन्दशहर कताई मिल की 78.56 एकड़ भूमि शामिल हैं, सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों पर सरकारी देननदारी व अन्य मदों के रूप में करीब डेढ़ अरब रुपये का बकाया था। जिसे समाप्त करने के लिए दिसम्बर 2024 में 150 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने का आदेश प्रदेश सरकार की ओर से दिया गया था। जिसमें कताई मिलों के अंशधारकों को 88 लाख रुपये, बंद कताई मिलों के स्टोर एवं कच्चे माल की खरीद का बकाया, सिक्योरिटी डिपॉजिट एवं अन्य मदों के बकाया पर 25507 लाख रुपये का खर्च शामिल था। देनदारी की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब बंद पड़ी कताई मिलों के हस्तांतरण के साथ ही नए उद्योग लगाने का रास्ता साफ हो गया है। निवेश की सम्भावनाओं के साथ ही निवेशकों की मांग को देखते हुए स्टेट यार्न कम्पनी लिमिटेड, स्पिनिंग कम्पनी लिमिटेड, राज्य वस्त्र निगम और सहकारी कताई मिल्स संघ की बंद पड़ी मिलों की निष्प्रयोज्य भूमि को उपयोग में लाने, यूपीसीडा को सौंपने और वहां नए उद्योग स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को समीक्षा बैठकों में दिए गए थे।

## फूलों की होली के साथ 'लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी' का समापन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- अधिक से अधिक लोगों को खादी से जोड़ा जा रहा है: डॉ. उज्वल कुमार

उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा होली के अवसर पर 5 मार्च से 10 मार्च तक खादी भवन, डालीबाग, लखनऊ में आयोजित लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का समापन हो गया। प्रदर्शनी के अंतिम दिन फूलों की होली खेली गई। प्रदर्शनी में 49 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें हर्बल गुलाल, विभिन्न प्रकार के पापड़, बरी, नमकीन, शहद, आंवला से बने उत्पाद, खादी चादर, गमछे, तौलिये, कुर्ता-पैजामा, गुजराती, रेशम एवं सिल्क की साड़ियां तथा हस्तकला उत्पाद शामिल रहे। छह दिवसीय इस प्रदर्शनी में खादी तथा ग्रामोद्योग इकाइयों ने 50.17 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की। समापन समारोह में बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने प्रतिभागी इकाइयों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बिक्री के आधार पर तीन उद्यमियो,इकाइयों को पुरस्कृत किया। ग्रामोदय संस्थान, सीतापुर खादी 3,03,025 प्रथम श्री गुरुकृपा महिला स्वरोजगार ग्रामोद्योग संस्थान, मेरठ ग्रामोद्योगी 2,92,100 द्वितीय जानकी देवी खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, लखीमपुर खादी 2,56,100 रूपये तृतीय पुरस्कार मिला है।मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार अधिक से अधिक लोगों तक खादी का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जिससे लोग खादी से जुड़े। बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाना एवं लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना प्राथमिक उद्देश्य है, जिससे प्रदेश में अधिक से अधिक इकाइयों की स्थापना हो और खादी व ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री बढ़े।प्रदर्शनी में आगंतुकों और उद्यमियों के प्रति आभार व्यक्त करने के बाद समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव, वरिष्ठ संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन.पी. मौर्य, वित्तीय सलाहकार मानवेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# रिश्वत के पैसों को लेकर समाज कल्याण अधिकारी और प्रधान सहायक ने एक-दूसरे पर लगाया गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के समाज कल्याण विभाग में एक नया विवाद सामने आया है। जहां विभाग के प्रधान सहायक गोकुल प्रसाद ने जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बाबू का दावा है,कि अधिकारी ने जबरन उनके मोबाइल से चालीस हजार रुपये अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर करा लिए।इस मामले के खुलासे के बाद प्रशासनिक अमले में खलबली मच गई है। प्रधान सहायक ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी ने उनका मोबाइल छीन लिया।और जबरन अपनी पत्नी अंजू शुक्ला के खाते में चालीस हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। ने बताया कि यह पैसा उन्होंने आरोप लगाया है कि अधिकारी उन्हें लगातार फरियादियों से पैसे लेने का दबाव बनाते हैं।जब उन्होंने मना किया तो अधिकारी ने उन्हें बर्खास्त करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अब उन्हें अपनी जान-माल का खतरा है।और मुख्यमंत्री से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।बाबू ने इस मामले से संबंधित लेन-देन की ट्रांजैक्शन आईडी भी सार्वजनिक रूप से साझा की है।उन्होंने कहा कि अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।ताकि भविष्य में कोई अधिकारी इस तरह का कृत्य न कर सके।




इस मामले को लेकर जब समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला से बात की गई,तो उन्होंने बाबू के सभी आरोपों को निराधार बताया।उन्होंने कहा कि बाबू गोकुल प्रसाद जायसवाल ने एक फरियादी से पच्चास हजार रुपये की रिश्वत ली थी।जब मुझे इसकी जानकारी हुई तो पीड़ित को शपथ पत्र पर शिकायत प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।जिसका निराकरण करते हुए पीड़ित को नगद वापसी हेतु मेरे द्वारा दबाव बनाया गया।किन्तु लगातार आनाकानी करते हुए गोकुल प्रसाद टालमटोल करता रहा। और पीड़ित को ऑनलाइन वापस करने पर अड़ा रहा। जबकि पीड़ित अपने 50000 रुपए की नगद वापसी ही चाह रहा था। अंततः पीड़ित को नगद वापसी करने के उद्देश्य से गोकुल प्रसाद से 40000 रुपए ऑनलाइन प्राप्त कर पीड़ित को कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति में नगद वापस कराया जा चुका है। अधिकारी ने यह भी कहा कि बाबू उनके खिलाफ झूठा प्रचार कर रहे हैं। ताकि उनकी छवि धूमिल हो।बताते चलें कि विभाग पहले भी विवादों में रहा है।यह पहली बार नहीं है,जब अमेठी के समाज कल्याण विभाग पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।वहीं कार्यालय के प्रधान सहायक पर भी समाज कल्याण की विभिन्न योजनाओं में लाभ देने के लिए लाभार्थियों द्वारा रिश्वत लेने के आरोप लगते रहे हैं। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रधान सहायक गोकुल प्रसाद के खिलाफ कई मामलों में भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच भी चल रही है।जांचों से बचने के लिए वह उन पर फर्जी निराधार आरोप लगा रहे हैं। इससे पहले भी एक बाबू पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे।जिस पर विभाग ने कार्रवाई की थी।अब इस नए विवाद ने विभाग और प्रशासनिक अमले में खलबली मचा दी है। इस पूरे प्रकरण के बाद प्रधान सहायक गोकुल प्रसाद ने आशंका जताई है कि अधिकारी उनके खिलाफ साजिश रच सकते हैं। और उन्हें नौकरी से बर्खास्त करने का दबाव बना सकते हैं।इस मामले पर अब प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी कार्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, मामले की गहन जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी। फिलहाल इस पूरे प्रकरण ने समाज कल्याण विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

# बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण: डीएम



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति बैंकर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम वार्षिक ऋण योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंशन योजना, फसल ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन तथा पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया।तथा सभी बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए।अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए। इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु कैंप लगाने के निर्देश एलडीएम व बैंकर्स को दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजीव पाण्डेय, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार, जीएमडी आईसी दिनेश चौरसिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आन्तरिक निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 31 महिलाएं सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 31 महिलाओं को एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। माधव सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह का उदघाटन भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ, रायबरेली के जिला संयोजक और समाजसेवी अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट और व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा के द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सभी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए संस्थान कृत संकल्पित है।



इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अरविन्द श्रीवास्तव ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संविधान में सभी को एक समान अधिकार दिए गए हैं, उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार सभी महिलाओं को सम्मान एवं समान अवसर देने के लिए कटिबद्ध है।

महिला को मिलने वाला आरक्षण, तीन तलाक़ से मुक्ति, कौशल विकास योजनाओं के द्वारा महिलाओं को सशक्त करने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह कर महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में जहाँ राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव और सदफ़ ख़ान का सम्मान किया गया, वहीं बेहतर चित्रकारी तथा कला के क्षेत्र में कंचन उपाध्याय और अंशिका अवस्थी का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, लोकनृत्य, गायन, व्यापार, योग, समाज सेवा, सौंदर्य, खेल, कला एवं संस्कृति आदि क्षेत्रों में सम्मानित किए जाने वाली महिलाओं में रूमा परवीन, डॉ. वंदना शर्मा, स्मिता दुबे, सपना श्रीवास्तव, नेहा सिंह, डॉ. प्रियंका, फ़ातिमा खान, प्रीति शुक्ला, काजल सिंह, सपना अग्निहोत्री, आकांक्षा सिंह प्रमुख रहीं। सम्मान पाने वाली महिलाओं ने जीवन में मिले संघर्षों और अपने अनुभव को भी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी शर्मा के द्वारा किया गया। इस मौक़े पर छोटे राजा हर्षेन्द्र सिंह, भाषा सलाहकार डॉ. संतलाल, लखनऊ एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरुण प्रताप सिंह, सह संयोजक गुंजन वर्मा, प्रभाकर गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्मृति शुक्ला, कोमल शर्मा, ऊषा सिंह का विशेष योगदान रहा।

# आधुनिकता के इस दौर में खो गया होली का उमंग

**जन एक्सप्रेस । ऊंचाहार, रायबरेली**

बसंत और ग्रीष्म ऋतु को समेटे हुए फागुन का यह महीना न सिर्फ तन को आनंदित करता है अपितु अंदर से मन को भी प्रकृति की भीनी सुगंध से भर देता है। प्रकृति तो नहीं बदली किंतु हमारी परंपराएं और हमारी प्रवृत्ति जरूर बदल गई है। करीब एक दशक पहले इस ऋतु में गांव की गलियां फगुआ लोकगीतों से गुलजार रहते थे, वहां आज वीरानगी है, खामोशी है। होली का पर्व आने वाला है, किंतु गांव में सन्नाटा है। न कहीं कोई शोर है और न ही लोकगीतों की फुहार। लगता है कि आधुनिकता के दौर में होली का उमंग ही खो गया है। सामाजिक समरसता की पहचान रखने वाला होली का त्योहार धीरे-धीरे जाति और समूह के दायरे में बंट रहा है। प्राचीन परंपराएं भी तेजी से खत्म हो रही हैं। एक समय था जब शहरों में भी ढोल-मजीरे के साथ फगुआ के गीत गाए जाते थे, अब शहरों की कौन कहे, गांवों में भी यह परंपरा लोगों को भूल गई हैं।



एक दशक पहले तक फाल्गुन की आहट मिलने लगती थी। शहरों से लेकर गांवों तक फाग गाने और ढोलक की थाप सुनाई देने लगते थे। यह परंपरा बंद हो जाने के पीछे कुछ जीवन शैली में बदलाव को मानते हैं। ऊंचाहार के खोजनपुर गांव के पूर्व प्रधान लालचंद कौशल कहते हैं कि प्रेम सौहार्द के इस त्योहार में लोग दुश्मन के भी गले लग जाते थे। पहले होली एक महीने तक चलने वाला त्योहार था। हर गांव में एक महीने तक ढोल और मंजीरे बजते थे। लेकिन अब एक दूसरे के साथ तालमेल के अभाव, कद्रदानों की कमी और गांवों से तेज होते पलायन के चलते यह पुरानी परंपरा दम तोड़ रही है। युवा पीढ़ी को तो फगुआ गीतों के बोल तक याद नहीं है। फगुआ के गीतों में पति-पत्नी, प्रेमी प्रेमिका, देवर-भाभी के रिश्तों में हास्य का पुट तो होता ही था, धार्मिक गीतों को भी शामिल किया जाता है। इनकी जगह अब फूहड़ गीत बजने लगे हैं।

## सुहागरात में पति-पत्नी की मौत मामले में आया नया मोड़, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ खुलासा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्या जिले के कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज स्थित मुरावन टोला में सुहागरात के दौरान दूल्हा और दुल्हन की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। दूल्हा प्रदीप और दुल्हन शिवानी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। इसके अनुसार खुलासा हुआ है कि दूल्हे ने पहले दुल्हन की गला दबाकर हत्या की और आधे घंटे बाद खुद भी पंखे के हुक में फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने जांच आगे बढ़ा दी है। गवाह के तौर पर पुलिस के पास सिर्फ दूल्हे का मोबाइल है। दुल्हन के पास मोबाइल नहीं था। पुलिस सूत्रों के अनुसार दूल्हे के मोबाइल से उसके एक दोस्त को संदेश भी भेजा गया। समझा जाता है कि सुहागरात के दौरान दूल्हे और दुल्हन में कुछ विवाद हुआ और उसके बाद दूल्हे ने दुल्हन की हत्या की वारदात को अंजाम देकर खुद भी जान दे दी। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। इस बारे में पुलिस के अधिकारी कैमरे पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

# सहजयोग ध्यान की एक अनूठी विधि है: डॉ. राजेश



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सहजयोग आज का महायोग है। इसका मतलब यह है कि महायोग का समय है, जहां अंदर की सारी घटनाएं अपने-आप हो जाती हैं। यह कथन परमपूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी ने कहा था। उन्होंने बताया कि सहजयोग, ध्यान की एक अनूठी विधि है। यह आत्मसाक्षात्कार (कुंडलिनी ऊर्जा के जागरण) नामक एक अनुभव पर आधारित है। इस प्रक्रिया से व्यक्ति नैतिक, एकाग्र, एकीकृत और संतुलित हो जाता है। यह उद्गार लालगंज रोड स्थित कृष्णपुर ताला में आयोजित तीसरे दिन चलो गांव की ओर कार्यक्रम के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय गायक डॉ. राजेश यूनिवर्स ने भक्ति संगीत एवं कुण्डलिनी जागरण व आत्म साक्षात्कार कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने सहज योग के फायदे बताते हुए कहा कि तनाव, चिंता, स्वास्थ्य और मानसिक लाभ संतुलन और खुशहाली की भावना को बहाल करना, आत्म-सम्मान को बेहतर बनाना, ऊर्जा को पुनर्जीवित करना, आशावाद, शांति और संतोष को बहाल करना, अपने ध्यान को स्वयं नियंत्रित करने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने बताया कि सहज योग की संस्थापक निर्मला देवी थी। जिन्हें श्रीमाताजी निर्मला देवी के नाम से भी जाना जाता है। इस मौके पर दुर्गेश कुमार, धीरेन्द्र कुमार यादव, अल्पना शर्मा, दुर्गेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## राशन वितरण में घटतौली किये जाने पर उचित दर विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी ने बताया कि गया प्रसाद शुक्ला, सदस्य सलाहकार समिति, फूड कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया, उत्तर प्रदेश, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार मूल निवासी ग्राम पंचायत-रहवा, थाना-हरचन्दपुर द्वारा सशपथ शिकायती प्रार्थना पत्र 25 फरवरी 2025 को उपजिलाधिकारी, सदर महोदय रायबरेली को प्रस्तुत की गयी, जिसमें ग्राम पंचायत रहवां, विकास खण्ड हरचन्दपुर के उचित दर विक्रेता प्रमोद कुमार के विरूद्ध माह फरवरी, 2025 में राशन कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अगूंठा लगवाने के बावजूद उन्हें राशन न दिये जाने एवं राशन वितरण में घटतौली किये जाने की शिकायती की गयी, जिसकी जाँच कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया। तहसीलदार सदर द्वारा बताया गया कि उपर्युक्त शिकायत की जांच 25 फरवरी 2025 को गांव में जाकर की गयी। जांच आख्या उपजिलाधिकारी, सदर महोदय के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिसके क्रम में उपजिलाधिकारी, सदर महोदय द्वारा रामशंकर मिश्रा, नायब तहसीलदार सदर की अध्यक्षता में अजय कुमार कुशवाहा वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान रायबरेली, प्रदीप कुमार मिश्रा पूर्ति निरीक्षक हरचन्दपुर/अमावां एवं अरविन्द कुमार सिंह राजस्व निरीक्षक रहवां की संयुक्त जांच टीम गठित कर उपर्युक्त शिकायत की जाँच करायी गयी।

जॉच में शिकायती पत्र में उल्लिखित तथ्यो की पुष्टि होने पर प्रमोद कुमार उचित दर विक्रेता ग्राम पंचायत रहंवा विकास खण्ड हरचन्दपुर पर 3/7 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना हरचन्दपुर में दर्ज करायी गयी तथा निलम्बन की कार्यवाही प्रचलन में है।

# गोरखपुर से दिल्ली जा रही बस पोल से टकराई, एक यात्री की मौत, 32 घायल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या के भेलसर चौराहे पर गोरखपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर फुटब्रिज के पोल से टकरा गई। हादसे में गोरखपुर निवासी अमित शर्मा (28) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 32 यात्री घायल हो गए। 19 गंभीर घायलों को दर्शननगर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। हादसे से हाईवे पर जाम लग गया।



गोरखपुर से दिल्ली यात्रियों को लेकर जा रही डबल डेकर बस भेलसर चौराहे पर दुर्घटना का शिकार हो गई। बस चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर फुटब्रिज पर लगे पोल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में गोरखपुर के रहने वाले एक यात्री ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 32 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर 19 यात्रियों की हालत गंभीर होने पर तत्काल दर्शननगर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में अधिकांश यात्री नेपाल, गोरखपुर, कुशीनगर व देवरिया के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

हादसा रविवार की रात डेढ़ बजे हुआ। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी के अनुसार डबल डेकर बस नंबर बीआर 28 पी 5076 गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी। चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे फुटब्रिज पर लगे पोल से टकराकर हाईवे पर ही पलट गई।

इस हादसे में गोरखपुर जिले के शाहपुर के असुरन चौराहा निवासी 28 वर्षीय अमित शर्मा की मौत हो गई। घटना होते ही चीख पुकार मच गई। भेलसर गांव के हाइवे किनारे घरों में रहने वाले बचाव के लिए दौड़े। हादसे के बाद अयोध्या से लखनऊ जाने वाली लेन पर जाम लग गया।

प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य सहित पुलिस बल ने जेसीबी मशीन से बस को हाईवे से उठाकर अलग किया। लगभग दो घंटे से अधिक समय तक हाइवे जाम रहा। प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि चालक का नाम पता अज्ञात है। अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## सोया हुआ है खाद्य सुरक्षा विभाग: ऊंचाहार में मनमानी कीमत पर बेची जा रही मिठाई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिले का खाद्य सुरक्षा विभाग एक ऐसा विभाग है मानो की जैसे वह दिन रात सोया हुआ है। होली जैसे बड़े त्यौहारों पर भी उसकी आंख खुलती नहीं दिख रही है, जबकि होली पर रंग गुलाल की दुकानों के बाद भारी भीड़ मिठाई की दुकानों पर ही देखने को मिलती है। अब तक मिठाई की दुकानों पर टीमें जांच तक करने नहीं पहुंची, जिसका लाभ उठाकर दुकानदारों ने खोया, पनीर, दूध, तेल, मसाले आदि एकत्र करना शुरू कर दिया है, यही नहीं तीन दिन बाद बिकने वाली मिठाई अभी से बनाकर दुकानों में सजाना शुरू कर दिया है। साथ ही इनकी कीमतों में भी इजाफा हो गया है। ऊंचाहार नगर, सवैया तिराहा पर संचालित तमाम मिठाई की दुकानों पर मनमानी कीमत पर मिठाई बेची जा रही है। वहीं इन दुकानों पर न तो मिठाईयों की वैधता लिखी हुई और न ही कीमत। ऐसे में दुकानदार जैसा ग्राहक देखते हैं वैसी ही कीमत बताकर बेच देते हैं और अधिक मुनाफा कमाते हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की लापरवाही के कारण ग्राहकों के साथ एक तरह की ठगी हो रही साथ ग्राहकों को शुद्धता की भी कोई गारंटी नहीं मिल रही।



### हिंदूवादी संगठन के जिलाध्यक्ष की एसडीएम...

होटल संचालक से गाली गलौज और धमकाने के मामले में हिंदू वादी संगठन के जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद एसडीएम कोर्ट के लिए चालान किया गया |जमानत देने की जानकारी लगते ही तहसील पंहुचे सिख समुदाय के लोगों ने एसडीएम कोर्ट का घेराव किया... पढ़ें पेज 10 पर...

# गर्लफ्रेंड को घर पर लाकर प्रेमी ने गला रेत कर की हत्या







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सोमवार को शहर में एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड को अपने रूम पर ले गया। फिर धारदार हथियार से गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसकी सहेली को फोन किया कहां तेरी सहेली बेवफा है। गला रेत का मार डाला। उसे अपनी खूबसूरती पर बहुत घमंड था ना उसके बाप को भी बता देना। इसके बाद फोन काट कर घर से फरार हो गया। लड़की के परिवार वाले और पुलिस मौके पर पहुंची। परिवार के लोगों ने करीब 2 घंटे बाद हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने परिजनों को काफी समझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक खाड़ेपुर नौबस्ता में रहने वाली शीतल उम्र 17 वर्ष इंटर की छात्रा थी। इस समय इंटर की परीक्षा दे रही थी। परचून की दुकान चलाने वाले पिता शिवपूजन ने बताया कि सोमवार दोपहर को उसकी सहेली दीक्षा घर आई थी। उसने बताया कि उसे करही मार्केट से शॉपिंग करनी है। वह बेटी को भी अपने साथ ले गई। शीतल ने मार्केट से दीक्षा के मोबाइल से शिवम वर्मा को कॉल किया। शिवम बाइक से वहां आया। शीतल को अपने साथ रूम पर ले गया। शीतल ने जाते समय कहा कि मैं थोड़ी देर में वापस आ जाऊंगी। तब तक तुम शॉपिंग कर लो। दीक्षा ने बताया कि शीतल के जाने के करीब 45 मिनट बाद शिवम का कॉल आया। उसने कहा कि मेरी बेवफा सहेली को गला रेत कर मार डाला। फिर उसने फोन काट दिया। दीक्षा ने तुरंत अपनी सहेली के पिता को यह जानकारी दी। उसे उनके साथ दीक्षा भी शिवम के रूम पर गई। वहां शीतल का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। उसकी गर्दन चाकू से रहती गई थी। परिजनों ने घटना की सूचना बर्रा पुलिस को दी।

### परिजन बोले मकान मालिक भी साजिश में था शामिल

घटना की जानकारी मिलते ही एसीपी चित्रांशु गौतम एडीसीपी साउथ महेश कुमार और डीसीपी साउथ आशीष कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान छात्रा के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि मकान मालिक को सब पता था। यह लड़का आए दिन अपने रूम पर लड़कियों को लाता था। मर्डर में उसकी भी संलिप्तता है। 2 घंटे हंगामा बवाल के बाद पुलिस ने शव को कमरे से बाहर निकाल। मामले में डीसीपी साउथ आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है आरोपी लड़का फरार है जिसकी तलाश के लिए दो टीमें लगाई गई है। लड़के के गिरफ्तार होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निगम का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन का शपथ ग्रहण हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन नगर निगम विकास प्राधिकरण जलकल कानपुर का शपथ ग्रहण कार्यकम प्रमिला सभागार मोतीझील में सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण कार्यकम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने यह शपथ ली कि हम कर्मचारियों को न्याय अधिकार सम्मान दिलाने एवं शोषण से मुक्ति दिलाने हेतु ध्येयनिष्ठा के साथ शासन और प्रशासन से संघर्ष करेंगे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में यूनियन के महामंत्री सुरेश कुमार गहरवार ने कर्मचारियो को संबोधित करते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग व अचयनित संविदा कर्मचारियों को जीने लायक वेतन दिये जाने, संविदा कर्मचारियों के नियमतीकरण करके आबादी के अनुपात में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाये जाने, संविदा कर्मचारियों को बोनस भुगतान करने, कर्मचारियों का इलाज कराने हेतु कैशलेस व्यवस्था आदि दिलाये जाने हेतु आन्दोलन करेंगे। शपथ लेने वालों में जीतेन्द्र उर्फ बबलू ठाकुर, अध्यक्ष, सुरेश कुमार गहरवार, महामंत्री राम प्रकाश, उपाध्यक्ष भगवानदीन कुक्कू, उपाध्यक्ष बृजभान, जगदीश बक्शी, शिवबरन, विमल भारती, विजय रघुवंशी, रेहान, मंत्री विजय रघुवंशी, रवि हठी, संजय वैरीशाल, संगठन मंत्री सुजीत कुमार, छोटा पप्पू, रामबाबू ताराचन्द्र, कार्यालय मंत्री हीरो, सह कार्यालय मंत्री हीरो, सह कार्यालय मंत्री हीरो, मीडिया प्रभारी रत्नाकर दया, सह मीडिया प्रभारी रामजी, प्रचार एर्व प्रकाशन मंत्री आनन्द हजारिया, एवं प्रकाशन मंत्री रवि खोटे आदि लोगों ने शपथ लिया। शपथ ग्रहण कार्यकम का संचालन धीरज वाल्मीकि जी ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में श्रीमती प्रमिला पाण्डे महापौर, सुरेन्द्र मैथानी जी. विधायक मौजूद रहे।



# शिवराजपुर पुलिस ने हत्या के तीन और आरोपियों को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर थाना क्षेत्र के बुद्धपुर गांव के पास नहर किनारे दोस्त की मदद के लिए आए तीन साथियों को घेरकर एक की गई हत्या और दो को घायल करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और घटना में शामिल कार भी बरामद कर ली। मामले में दो आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है जबकि छह आरोपी अभी भी फरार हैं। चौबेपुर थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी आदी का एक मार्च की रात अपने पारिवारिक पड़ोसी से दीवार को लेकर विवाद हो गया था। उसने झगड़े में मदद के लिए शिवराजपुर थाना क्षेत्र के काकूपुर गांव निवासी गोविंद पाल को फोन कॉल कर बुलाया था। बिल्हौर में एक शादी कार्यक्रम में शामिल गोविंद अपने दोस्त बहरमापुर गांव दीपक पाल और बेहटा पुरवा गांव निवासी विनय पाल के साथ स्कूटी से आदी के गांव पहुंचा था। रविवार सुबह शिवराजपुर के बुधपुर गांव के पास नहर पटरी के किनारे गोविंद का रक्त रंजित शव पड़ा मिला था और दीपक व विपिन मरणासन्न अवस्था में घायल पड़े थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया था और जांच पड़ताल करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक की मां गीता देवी ने जगतपुर गांव निवासी फौजी मनोज यादव, रिटायर्ड दरोगा मुन्नालाल, नीतेश, अनिल, नितिन, रवि यादव, दीपक, जिंदल, रंजन, प्रमोद व आदी पर तीनों साथियों को घेरकर उनके बेटे की हत्या कर देने और दीपक व विनय को मरणासन्न हालत में छोड़कर हालत में छोड़कर फरार हो जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस मनोज यादव व अनिल यादव को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सोमवार को थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया आरोपी जगतपुर निवासी रवि यादव उर्फ अभय यादव, दीपक यादव, नीतेश यादव को क्षेत्र में गंगा पुल सड़क के पास से घेरकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या में टक्कर मारने के लिए प्रयोग की गई।

# मार्च में धूप अप्रैल जैसी, पारा 32 पार, आखिरी हफ्ते तक 40 तक जा सकता तापमान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हिमाचल और उत्तराखंड की पहाड़ियों पर इस बार हुई भारी बर्फबारी के बावजूद यूपी के मैदानी क्षेत्रों में मार्च महीने में ही अप्रैल जैसी गर्मी महसूस होने लगी है। रविवार को दिन का पारा 32 डिग्री से अधिक रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य तापमान 25 डिग्री से सात डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। पिछले वर्ष नौ मार्च को अधिकतम तापमान 26 डिग्री था। यह सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार मार्च महीने के आखिर तक दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। पिछले वर्ष 31 मार्च को तापमान 37 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। मार्च 2024 के आंकड़ों पर नजर डालें तो 30 डिग्री या इससे ऊपर पारा 20 मार्च के बाद से बढ़ना शुरू हुआ था। इस बार मार्च के पहले सप्ताह से ही तेज धूप और गर्मी का असर दिखने लगा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि इस बार मार्च से लेकर मई के बीच जमकर गर्मी पड़ सकती है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार सर्दियों के सीजन में बारिश की मात्रा 80 प्रतिशत कम रही। इससे हवा की नमी गायब है। इसके अलावा बार-बार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पहाड़ों से आने वाली नम हवाएं भी कम चलीं। इससे मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ रहा है। सुबह 10 बजे ही दोपहर के 12 बजे की धूप लोगों ने महसूस की।





# बिठूर का अनादि काल से चला रहा पौराणिक पंचकोसी परिक्रमा मेला हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**बिठूर।** फाल्गुन मास की जेष्ठ एकादशी तिथि को पौराणिक नगरी बिठूर में अनादि काल से लगता चला आ रहा पंचकोसी परिक्रमा मेला सोमवार को संपन्न हो गया। परिक्रमा मेले में राम जानकी बड़ा मंदिर से सिंहासन महामंडलेश्वर जितेंद्र दास जी महाराज के नेतृत्व में निकाल गया, वही छोटा सिंहासन बिठूर के सुप्रसिद्ध गुदड़ दास आश्रम के महंत जय नारायण दास की अगवाई में निकाल गया। दोनों सिंहासन गाजे बाजे के साथ ब्रह्मावर्त घाट सुबह 8 बजे पहुंचे। ब्रह्मावर्त घाट पर दोनों सिंहासन का आचार्य एवं परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं द्वारा भव्य पूजन एवं अर्चन किया गया। बड़ा सिंहासन आगे और छोटा सिंहासन पीछे चल रह था। जो कि ब्रह्मावर्त घाट से शुरू होकर पुरातन काली मंदिर, भैरव मंदिर, हरीधाम आश्रम, गणेश मंदिर, वाल्मीकि आश्रम, भूतेश्वर महादेव, छोटे हनुमान मंदिर, रामपुर, बड़े हनुमान मंदिर, किशनपुर, पटकापुर, खंडेरावन, होते हुए पुराना बिठूर ध्रुव आश्रम होते हुए ब्रह्मावर्त घाट पर पंचकोशी यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु महिलाएं पुरुष एवं बच्चे अपने हाथों में बस की छड़ी लिए हुए चल रहे थे। पौराणिक मान्यता के अनुसार बस की छड़ी को परिक्रमा यात्रा के दौरान साथ में लेकर चलने से एवं इसका घर जाकर पूजन करने से वंश वृद्धि होती है। इसी के साथ-साथ घर में समृद्धि बढ़ती है। परिक्रमा यात्रा के दौरान श्रद्धालु कहीं-कहीं भक्ति में गीतों पर नृत्य करते हुए भी नजर आए। परिक्रमा यात्रा के दौरान प्रमुख रूप से बड़े सिंहासन के साथ महामंडलेश्वर कृष्ण दास जी महाराज, हरि ओम हरि बाबा, पुजारी दिवाकर शुक्ला, शिवदीन द्विवेदी, अभय तिवारी, विकास पांडे, प्रशुंत त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी, चल रहे थे वहीं छोटे सिंहासन के साथ सोनू महाराज, मोहित, ऋषभ ,देवांश शुक्ला, रामेंद्र विश्वकर्मा ,आदि हजारों श्रद्धालु चल रहे थे।

# उत्तरीपुरा कस्बे में सिद्धि विनायक लाईब्रेरी का उद्घाटन रमेश कुशवाहा ने फीता काटकर किया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा रेलवे स्टेशन के सामने सिद्धि विनायक लाइब्रेरी के उद्घाटन से विद्यार्थियों लिए कुशल शिक्षा व किताबें उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकांश विद्यार्थियों को कानपुर की लाईब्रेरी में जाकर पढ़ाई करनी पड़ती जिससे समय के साथ पैसों पर प्रभाव पड़ रहा है। सोमवार को मुख्य अतिथि रमेश कुशवाहा ने चैननिवादा रोड स्थिति सिद्धि विनायक लाईब्रेरी का फीता काटकर उद्घाटन कर बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान,लाइब्रेरी संचालक अमित कुशवाहा ने बताया ग्रामीण स्तर के छात्रों को शांति पूर्ण व्यवस्था कराई गई है। दूर दराज से पढ़ने वाले छात्रों को अब कानपुर न जाकर उत्तरीपुरा में शिक्षण दिया जाएगा। जहां 24 घंटे फ्री वाई फाई सीसीटीवी सर्विलांस, इंग्लिश, हिंदी, न्यूजपेपर, पढ़ने के लिए बुक्स उपलब्ध होगी। इस मौके पर आरएसएस प्रचारक रमेश कुशवाहा, भरत कुशवाहा, अनुपम कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, शिवम् वार्नर सिंह, संदीप आदि लोग मौजूद रहे।

# होली पर हुड़दंगियों पर नकेल कसेगी पुलिस

## होलिका दहन पर अतिसंवेदनशील इलाकों में रहेगी खास निगरानी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

इस बार 13 मार्च को होलिका दहन और मस्जिदों में तरावीह की नमाज एक साथ आयोजित होगी। इसको लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए हैं। शहर में 100 मस्जिद ऐसी चिह्नित की गई हैं जहां पास में ही होलिका दहन कार्यक्रम होगा। 13 मार्च को होलिका दहन के दिन रावतपुर रामलला मंदिर से मसवानपुर-जामा मस्जिद होते हुए जाने वाले जुलूस के समय लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। 13 मार्च की रात को लगभग 250 मस्जिद ऐसी हैं, जहां तरावीह पढ़ी जाएगी और होलिका दहन का कार्यक्रम भी होगा। डीएम ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य, सुरक्षा, बिजली, पानी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, एडीएम, वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर, उप जिलाधिकारी सदर आदि मौजूद रहे। व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### होली पर हुड़दंगियों पर नकले कसेगी पुलिस

होली पर हुड़दंगियों और नशेबाजों पर सख्त नजर रहेगी। अगर किसी ने हुड़दंग किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस और थाने का फोर्स सड़कों व चौराहों पर ब्रीथ एनलाइजर के साथ जांच करेगी। कमिश्नरेट पुलिस के चारों जोन को अतिसंवेदनशील, संवेदनशील व सामान्य श्रेणी में बांटा गया है। पूर्वी जोन में 19 अति-संवेदनशील 59 संवेदनशील 627 सामान्य होलिका हैं, जिसके लिए 16 इंस्पेक्टर, 278 दारोगा, 415 हेड कांस्टेबल, 50 महिला सिपाही, तीन क्यूआरटी, 114 होमगार्ड और डेढ़ प्लाटून पीएसी तैनात किए जाएंगे। पुलिस बल के अतिरिक्त सीपीएमएफ, फायर टेन्डर और घुड़सवार पुलिस को लगाया गया है। शराब की अवैध रूप से बिक्री को रोकने के लिए चेकिंग टीम लगाई गई हे। कुल 120564 सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से मिश्रित और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रहेगी।

### होली में यहां पहले हो चुके विवाद

- महाराजपुर थाना के अंतर्गत ग्राम बैजाखेड़ा में 2019 में रंग डालने के कारण दो वर्गों में विवाद हो गया था।
- नरवल थाना के अंतर्गत 2013 में ग्राम आखिरी में झगड़ा हुआ था।
- रावतपुर थाना के अंतर्गत ग्राम मसवानपुर में पूर्व में गुड़िया गुड्डू का जुलूस निकाला जाता था, जनता के विरोध पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया था।
- काकादेव थाने के अंतर्गत शास्त्रीनगर लाइन के किनारे एक घर के सामने होली जलती है, वहां पर भी लोगों में आपसी विवाद होता है।
- थाना नजीराबाद के अंतर्गत रंजीतनगर में होली सड़क के दूसरे तरफ काकादेव क्षेत्र में रखी जाती है, इसको लेकर विवाद की स्थिति बनती है।

### यहां पर बनेंगे कंट्रोल रूम

कोतवाली, रावतपुर, और बाबूपुरवा थानों में कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए। होली खेलते समय बजने वाले साउंड की आवाज बहुत तेज ना हो इसके लिए कड़े निर्देश डीएम ने दिए हैं।

# शरारती तत्वों ने शिवलिंग खंडित कर माहौल बिगड़ने का किया प्रयास

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बेकनगंज के विश्वनाथ बाबू हाते में शरारती तत्वों ने मंदिर के अंदर रखी शिवलिंग तोड़कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों की सूचना भारी फोर्स संग मौके पर पहुंचे एडीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार श्रीवास्तव ने नया शिवलिंग मंगाकर उसे स्थापित कराया। इसके बाद से लोग शांत हुए। पुलिस मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से शरारती तत्वों की तलाश में जुटी है। मिश्रित आबादी वाले विश्वनाथ बाबू हाता में पुराना शिवमंदिर स्थापित है। सोमवार दोपहर इलाके के लोगों ने मंदिर का शिवलिंग खंडित देख हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते मंदिर के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहां मौजूद लोगों ने आक्रोशित होकर नारेबाजी शुरू कर दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंचे एडीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार श्रीवास्तव ने इलाके में भारी संख्या में फोर्स तैनात कर दी।

# बिल्हौर क्षेत्र में कोल्ड स्टोर मालिक बेतहाशा आलू भंडारण शुल्क के विरोध में किसानों ने ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन भानु गुट की पंचायत हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव बाबू सिंह ,जिलाध्यक्ष आर के सिंह राजावत, सुनील कुमार, राम सिंह राठौड़, अरविंद कुमार कश्यप ने अपने संबोधन में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और किसानों ने भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बाबू सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन से कहा कि पिछली पंचायत में जिन मुद्दों पर आश्वासन दिया गया था और ज्ञापन भी सौपा गया था उसमें एक भी काम नहीं हुए हैं । आखिरकार हम लोगों के ज्ञापन रद्दी की टोकरी में डाल दिए जाते हैं इसका अगली पंचायत में फैसला होगा अगर कोई भी निर्णय न लिया गया तो जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री तक इसकी शिकायत करेंगे। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र में कोल्ड स्टोर मालिक मनमानी ढंग से हर वर्ष किराया बढ़ाते चले जा रहे हैं जबकि डीजल पेट्रोल के दाम वही चल रहे हैं। जबकि आलू भंडारण शुल्क प्रति पैकेट वह हर वर्ष पैसा बढ़ते रहते हैं वहीं पर कोल्ड स्टोर मालिक जैसे बिल्हौर क्षेत्र के शिवदेवी कोल्ड स्टोर, कमसान में जैसे किसान आलू लेकर पहुंचता है उसको रू40 पैकेट के हिसाब से तुरंत कोल्ड स्टोर द्वारा कर दिया जाता है क्या यह रू40 वह किसानों से वापस लेंगे या फिर उनको भाड़े में ही जोड़ देंगे इस पर भी तहसील के अधिकारियों से आग्रह किया कि इस पर जांच कर विधिवत लिखित में आश्वासन दे मिल मालिक की हम किसानों से यह रुपया नहीं लेंगे। बाकी भाड़ा लेने का जो उनके कंप्यूटर कार्यालय है उसमें जो इस समयभाड़ा लेने के लिए वजन भरा जाता है पैकेट के हिसाब से वह 58 , 60 और 62 किलो तक का भरकर भुगतान किसानों से वसूलते हैं जबकि किसान लगभग 50 और 52 किलो का ही आलू भरकर लाता है लेकिन किसानों के सामने कोई भी आलू कोल्ड स्टोर में लाते वक्त वजन नहीं कराया जाता है वहीं पर जब उनसे आलू निकासी के दौरान तटपट्टी पर अंकित बजन पूरा मांगा जाता है तो वह नहीं दे पाते हैं। तमाम मुद्दों पर उन्होंने अधिकारियों से बात कर ज्ञापन सौंपा तहसीलदार तिमराज सिंह ने ज्ञापन लेकर आश्वासन दिया कि जल्द हर समस्या का निदान किया जाएगा। इस मौके पर आकाश सैनी, अनिल कुमार, श्रीराम गौतम, अरविंद कुमार, महेंद्र कुमार, दिलीप कुमार रामा आदि नेता मौजूद रहे।

# बड़ी बहन से विवाद के बाद किशोर ने फंदे से लटक कर दी जान, साड़ी के सहारे लटकता मिला शव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सेन पश्चिम पार के न्यू आजादनगर में बड़ी बहन से विवाद के बाद 14 वर्षीय किशोर ने फंदे से लटककर जान दे दी। रविवार देर रात उसका शव मकान की छत पर पानी की टंकी से साड़ी के सहारे लटकता मिला। फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। न्यू आजादनगर निवासी सुनील जायसवाल मुंबई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके परिवार में बड़ी बेटी माही दो बेटे यश व प्रतीक थे। यश उर्फ अज्जू सरस्वती ज्ञान मंदिर में आठवीं का छात्र था। उनकी पत्नी विवाद के कारण अलग रहती हैं। इस वजह से बच्चे दादी जयंती और बाबा संतराम की देखरेख में रहते हैं। होली के चलते शनिवार को वह मुंबई से शहर के लिए निकले थे। रविवार देर शाम जब वह घर पहुंचे तो यश नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद परिजन जब छत पर ढूंढने पहुंचे तो जीना भीतर से बंद मिला। इसके बाद वह पड़ोसी की छत के रास्ते अपनी छत पर पहुंचे जहां यश का शव पानी की टंकी में साड़ी के सहारे लटकता मिला। एडीसीपी महेश कुमार ने बताया कि पिता ने पूछताछ में बताया कि बड़ी बहन माही से किसी बात को लेकर यश का विवाद हो गया था। इस पर माही ने उसे डांट डपट दिया था।

### फैक्ट्री कर्मी ने फंदे से लटक कर दी जान

गोविंदनगर थानाक्षेत्र के कच्ची बस्ती निवासी चप्पल कारीगर संजय के बेटे आशीष (18) ने फंदे से लटक कर जान दे दी। वह दादानगर स्थित एक बिस्किट कंपनी में काम करता था। वह तीन भाइयों शशांक, प्रशांत में सबसे छोटा था। तीन बहनों में दो की शादी हो चुकी है। पिता ने बताया कि रात को सब लोग मैच देखकर सो गए थे। सोमवार सुबह उठे तो आशीष का शव फंदे से लटकता मिला। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके हैं।

पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# स्मार्टफोन से शुरू, जिंदगी पर खत्म, सट्टेबाजी की लत

**इस संकट से निपटने के लिए सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं, पर वे नाकाफी साबित हो रहे हैं। हाल ही में 658 विदेशी सट्टेबाजी वेबसाइटों को ब्लॉक करने का फैसला लिया गया, जो एक सकारात्मक पहल है। साथ ही, बैंकों को संदिग्ध लेन-देन की निगरानी के लिए निर्देश दिए गए हैं। लेकिन यह समस्या इतनी जटिल और व्यापक है कि केवल सतही उपायों से इसका समाधान संभव नहीं। जो इस उद्योग के हर पहलू को परिभाषित करे और इसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित करे। तकनीकी मंचों पर सख्त नियंत्रण, वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता और जन-जागरूकता अभियान इस संकट से उबरने के लिए अनिवार्य हैं।**

*आज का युग तकनीक का युग है, जहाँ हर हाथ में स्मार्टफोन की चमक और हर नज़र के सामने डिजिटल दुनिया का सम्मोहन फैला है। यह चकाचौंध भरी दुनिया जितनी सुख-सुविधाओं का खज़ाना लेकर आई है, उतने ही गहन और खतरनाक अंधेरे भी साथ लाई है। इन अंधेरों में सबसे भयावह है ऑनलाइन सट्टेबाजी का वह जाल, जो भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था पर काले बादलों की तरह छाया हुआ है। तकनीक के अनियंत्रित विस्तार और डिजिटल प्लेटफॉर्मों की सहज उपलब्धता ने इस अवैध धंधे को चंद रातों में एक सुनियोजित और विशाल उद्योग में तब्दील कर दिया है। यह महज़ एक गैरकानूनी कारोबार नहीं, बल्कि एक ऐसी लाइलाज बीमारी है, जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को चुपचाप खोखला कर रही है और आर्थिक स्थिरता को नेस्तनाबूद करने की कगार पर खड़ी है। स्थिति की भयावहता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि अक्टूबर से दिसंबर 2024 के महज़ तीन महीनों में परिमैच, स्टैक, 1एक्सबेट और बैटरी फर्स्ट जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी मंचों पर 1.60 अरब से ज़्यादा विजिट्स दर्ज की गईं। यह आँकड़ा उस विनाशकारी हकीकत का महज़ एक झरोखा है, जो इस उद्योग के राक्षसी आकार और प्रभाव को उजागर करता है। एक नीति समूह के हालिया आँकड़ों ने इस संकट की गहराई को और स्पष्ट किया है—अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी क्षेत्र में हर साल 100 अरब डॉलर (8.3 लाख करोड़ रुपये) से अधिक का लेन-देन हो रहा है, और यह हर साल 30त्न की चौंकाने वाली दर से बढ़ रहा है। यदि इस दानव को अभी नहीं कुचला गया, तो यह एक ऐसा नासूर बन जाएगा, जो हमारी सभ्यता की जड़ों को उखाड़ फेंकेगा और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को अंधेरे में धकेल देगा। इस काले कारोबार की जड़ें गहरी और बहुआयामी हैं। सबसे पहला और प्रमुख स्रोत है खेल सट्टेबाजी, जो क्रिकेट, फुटबॉल और टेनिस जैसे लोकप्रिय खेलों पर आधारित है। भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक भावना है, और इसी भावना का शोषण यह उद्योग कर रहा है। खासकर आईपीएल जैसे टूर्नामेंट्स के दौरान यह कारोबार चरम पर पहुँच जाता है। देशभर में फैले हजारों बुकियों का संगठित तंत्र लोगों को झूठे मुनाफे का लालच देकर इस जाल में फँसाता है। एक बार इस दलदल में कदम पड़ जाए, तो निकलना असंभव-सा हो जाता है। दूसरा स्रोत है ऑनलाइन कैसीनो गेमिंग, जिसमें पोकर, ब्लैकजैक और रूले जैसे जुए के खेल शामिल हैं। ये खेल न केवल मनोरंजन के नाम पर लोगों को लुभाते हैं, बल्कि काले धन के प्रवाह को भी बढ़ावा देते हैं। यह एक ऐसा चक्रव्यूह है, जहाँ प्रवेश आसान है, पर बाहर निकलने का रास्ता कहीं दिखाई नहीं देता। तीसरा महत्वपूर्ण आयाम है सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का दुरुपयोग। व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे मंचों पर सक्रिय हजारों सट्टेबाजी ग्रुप्स लोगों को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करते हैं। ये समूह विदेशी सर्वरों से संचालित होते हैं, जिसके चलते भारतीय कानून की पकड़ इन तक आसानी से नहीं पहुँच पाती। यहाँ तक कि साधारण नागरिक भी अनजाने में इन ग्रुप्स का हिस्सा बन जाते हैं और धीरे-धीरे इस व्यसन के शिकार हो जाते हैं। चौथा और सबसे चिंताजनक पहलू है प्रचार का वह भोंडा खेल, जिसमें बड़े-बड़े इन्फ्लुएंसर्स और सेलिब्रिटीज मोटी रकम के बदले इन अवैध प्लेटफार्मों का गुणगान करते हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**बाबा भोलेनाथ की मसान होली के नाम पर आज काशी के शमशान घाटों पर मृतात्माओं के अस्थियों के राख के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है और जहां शमशान घाटों पर लोग दुखित मन से अपने किसी प्रिय का अंतिम संस्कार करनें आते है उनके मन को और भी दुखित किया जाता है। इस नए परंपरा के कारण शवों के अंतिम संस्कार में अवरोध उत्पन्न होता है और शमशान की मर्यादा का उल्लंघन किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि, जिस शमशानघाट पर मौन, शांति और सुचिता व्याप्त रहती है वहां हो हल्ला और हुड़दंग द्वारा काशी के महाशमशानों का अपमान किया जाता हैं। शिव पार्वती के प्रतीकात्मक रूपों को भीड़ के सामने हो- हुड़दंग के साथ नचाया जाता है।**



प्रतीक तिवारी

**सबसे बड़ी बात यह की जो चिता की भस्म गृहस्थों एवं अन्य लोगों के लिए अमंगल जनक हैं, उसको लोग बेझिझक, बेफ़िक्र होकर उससे नहा लेंते हैं। शवों के राख का ऐसा निरादर और मानवों का उसके साथ गुलाल के जैसे खेलना एक अमानवीय कृत्य का साक्षात दर्शन कराता है, और सबसे चिंतनीय बात यह हैं कि इसे परंपरा और धार्मिक आयोजन की आड़ में किया जा रहा हैं। आज मसान होली को एक इवेंट की तरह बना दिया गया है,जो काशी पुरी के महत्व और पवित्रता के साथ सनातन संस्कृति के लिए चिंतनीय विषय बन गया है।**

# काशी की देव होली को विकृत रूप देता मसान होली का अशास्त्रीय आयोजन

काशी का हर एक दिन उत्सव है और देव उपासना -आराधना से संबद्ध है, उसी में से एक वैष्णवों के महत्त्वपूर्ण एकादशियों में से एक फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की आमलकी (रंगभरी) एकादशी पर काशी में देव होली की परंपरा है, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार रंगभरी एकादशी पर विष्णु सहित शिव पार्वती के पूजन का विशेष महत्व है। इसी अवसर पर काशीक्षेत्र सहित संपूर्ण सनातन धर्म में देव होली की मान्यता हैं, इस दिन देवी-देवताओं द्वारा होली खेंली जाती है। काशी को मोक्षप्रदाता तीर्थक्षेत्र भी कहा गया हैं, इसीलिए यहां पर मान्यता है कि शिवजी के गण यहां के महाशमशानों में होली खेलतें हैं भूत ,प्रेत, बैताल, गंधर्व आदि काशी क्षेत्र के महाशमशानों में होली खेलतें हैं। लोक परंपरा एवं मान्यता के अनुसार रंगभरी एकादशी को बाबा विश्वनाथ माता गौरा का गौना करानें के लिए आते हैं, उसी उल्लास में काशीवासी गुलाल और अबीर के साथ होलीं खेलतें हैं। एकादशी वैसे तो वैष्णव संप्रदाय का प्रमुख व्रत हैं, पर हम जब रंगभरी एकादशी की बात करतें है, तो ये शैव एवं शाक्त संप्रदाय और विशेषतः काशी के लिए एक महाउत्सव हैं। फाल्गुन शुक्ल एकादशी को रंगभरी एवं आमलकी एकादशी कहा जाता हैं, इस एकादशी को देवहोली की संज्ञा प्राप्त हैं। रंगभरी एकादशी के संदर्भ में एक कथा प्रचलित हैं,एक समय कैलाश पर्वत पर तप साधना में लीन भगवान शिव का ध्यान अचानक भंग हो गया ,उनके मन में माता पार्वती संग होली खेलने की तीव्र इच्छा जागृत हुई।मायके गयी हुई माँ गौरी के पास शीघ्र अति शीघ्र पहुंचने की उत्कंठा में प्रभु नंदी एवं अन्य गणों को साथ लिए बगैर पैदल ही ससुराल को चल पड़ें।होली के पर्व को आनें में अभी पाँच दिन शेष थे,परंतु भोलेनाथ की ज़िद के आगे माता गौरी को अबीर - गुलाल लेकर आना ही पड़ा। जिसके बाद दोनों ने ऐसी दिव्य होली खेली ,जिससे प्रभु के कंठ से लिपटे सर्प घबराकर फुफकार मारने लगें,उनकी फुफकार से शीश पर विराजित चन्द्र से अमृत की धारा बह निकली, जिसका पान कर भगवान का बाघंबर जीवित सिंह बन कर गर्जना करनें लगा। परिणामस्वरूप,भोले नाथ को दिगम्बर अवस्था में देख माता पार्वती अपनी हंसी रोक न सकी ,वह अदभुत दिन एकादशी का था ,तब से फाल्गुन शुक्ल एकादशी को रंगभरी एकादशी और देवहोली के नाम से जाना जानें लगा। काशी में रंगभरी एकादशी काशी विश्वनाथ के महाउत्सवों में से एक हैं। काशी में होली रंगभरी एकादशी से ही सुरू हो जाती हैं, काशीपुरी में ये मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर बाबा के विवाह के बाद रंगभरी एकादशी पर बाबा विश्वनाथ माता गौरा का गौना करानें जातें हैं। इस अवसर पर बाबा विश्वनाथ और भगवती गौरी की चल प्रतिमाओं को रजत पालकी पर नगर में जुलूस के साथ निकाला जाता हैं। बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा को पालकी में बिठाकर राजसिक पोशाक और अकबरी ,जो कइ वर्षों से एक मुस्लिम परिवार बाबा के लिए तैयार करता हैं, एक अकबरी पगड़ी को पहनाकर उनके ससुराल लें जाने की परंपरा हैं, इस दौरान भक्तों की भारी भीड़ अबीर-गुलाल उड़ाकर बाबा विश्वनाथ के गौने का उत्सव मनातें हैं। पूरी काशी बाबा के गौना के उत्सव में ऐसे रम जातीं हैं मानों उसी दिन होली का पर्व हो। कुछ वर्षों से काशी में मणिकर्णिका, हरिश्चंद्र आदि महाशमशानों में चिता की ताजा भस्म से लोगों ने होली खेलना चालू कर दिया , बहुत पहलें कुछ अघोरियों,मसानिक साधुओं और अवधूतों द्वारा होली खेली जातीं थी धीरे-धीरे इसमें बढ़ोतरी होंने लगी। काशी निवासियों के अनुसार इस मसान होली का आयोजन पहली बार 2012 में हुआ था ,आज बाहर से आकर लोग इस अशास्त्रीय धार्मिक आयोजन में शामिल हो रहें है। इसको लेकर वाराणसी के बुद्धिजीवी वर्ग, हिंदू संगठनों ने विरोध के स्वर बुलंद कर हैं, दरअसल उनका कहना है कि, ऐसे किसी भी आयोजन का उल्लेख शास्त्रों में नहीं है, शमशान की भूमि शोक और सामाजिक ज्ञान को दर्शाती है, वहां किसी भी प्रकार का उत्सव नहीं होना चाहिए। खासतौर पर गृहस्थ युवा वर्ग और बच्चियों, महिलाओं को ऐसे स्थल पर इस प्रकार के आयोजन के तहत जाना अमंगल का सूचक है। काशी विद्वत परिषद, विश्व वैदिक सनातन न्यास सहित अन्य हिंदू संगठनों की तरफ से एक चर्चा का आयोजन किया गया था, जिसमें लोगों से अपील करते हुए कहा गया कि ऐसे किसी भी आयोजन में शामिल न हो। मशहूर शास्त्रीय गायक छन्नूलाल मिश्र द्वारा गाया हुआ गीत होली खेले मसाने दिगंबर... काफी लोकप्रिय है। चर्चा के दौरान इस बात का भी उल्लेख किया गया कि अगर काशी के घाट से जुड़ा हुआ कोई गीत गाया जाता है तो उसके पीछे संगीत के ज्ञाता और साहित्य के जानकारों की अपनी कल्पना होती है, लेकिन उसको शास्त्र के आधारित परंपराओं से जोड़ देना बिल्कुल गलत है। लोगों ने इस बात को भी जोड़कर देख लिया कि भगवान शंकर शमशान भूमि पर होली खेलते हैं, इसलिए सभी लोग उसमें शामिल हो सकते हैं। देवो के देव महादेव भगवान शंकर के जीवन से एक आम व्यक्ति खासतौर पर गृहस्थ लोगों की तुलना नहीं की जा सकती हैं,ऐसे में काशी के विद्वानों ने लोगों से अपील कि हैं की इस प्रकार के आयोजन में शामिल होने से बिल्कुल बचना चाहिए। बाबा भोलेनाथ की मसान होली के नाम पर आज काशी के शमशान घाटों पर मृतात्माओं के अस्थियों के राख के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है और जहां शमशान घाटों पर लोग दुखित मन से अपने किसी प्रिय का अंतिम संस्कार करनें आते हैं उनके मन को और भी दुखित किया जाता है। इस नए परंपरा के कारण शवों के अंतिम संस्कार में अवरोध उत्पन्न होता है और शमशान की मर्यादा का उल्लंघन किया जाता है ।सबसे बड़ी बात यह है कि, जिस शमशानघाट पर मौन, शांति और सुचिता व्याप्त रहती है वहां हो हल्ला और हुड़दंग द्वारा काशी के महाशमशानों का अपमान किया जाता हैं। शिव पार्वती के प्रतीकात्मक रूपों को भीड़ के सामने हो- हुडदंग के साथ नचाया जाता है। शमशान में चिता की आग पर उनका विवाह करवाया जाता है और हिंदू देवी- देवताओं की झांकियां बड़ी बेअदब तरीके से निकल जातीं है। काशी की मसान होली में आज बाबा भोलेनाथ के प्रसाद के नाम पर नशा किया और कराया जाता हैं।



**शमशान में चिता की आग पर उनका विवाह करवाया जाता है और हिंदू देवी-देवताओं की झांकियां बड़ी बेअदब तरीके से निकल जातीं है। काशी की मसान होली में आज बाबा भोलेनाथ के प्रसाद के नाम पर नशा किया और कराया जाता हैं। और भी अनेक ऐसे कृत्य काशी के मसान होली में किए जाते हैं जो सनातन धर्म के लिए उपयुक्त नहीं है।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 08:15 तक |
| नक्षत्रः | आश्लेषा 26:14 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | अतिगंदा, 13:17 |
| सूर्योदयः | 06:38 |
| सूर्यास्तः | 18:22 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 15:26-16:54 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:07-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### भर रहे हुंकार !

*जाएंगे वो दिल्ली ।*
*भर रहे हुंकार ।।*
*अधिकारों के खातिर ।*
*आना सब इस बार ।।*
*है करना अवश्य ।*
*हमको आर-पार ।।*
*इसी महीने होना ।*
*कस कमर तैयार ।।*
*लड़नी है लड़ाई ।*
*ना सुनती सरकार ।।*
*रास्ते में हक के ।*
*सहन न इस प्रकार ।।*
*फैलाया संदेश ।*
*बन रहा विचार ।।*
*कब तक आखिर हम ?*
*रहें यूं लाचार ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हल्दी, नीम और एलोवेरा जेल मिलाकर चेहरे पर लगाएं, स्किन को मिलेंगे कई फायदे

**हल्दी,** नीम और एलोवेरा जेल में बहुत से पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में हल्दी, एलोवेरा और नीम को नींबू के रस की 3-4 बूंदों के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाने से स्किन की कई समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**एलोवेरा जेल, हल्दी और नीम में मौजूद गुणः** एलोवेरा जेल में फास्फोरस, कैरोटीन, प्रोटीन, विटामिन-ए, ई और सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें मॉइस्चराइजिंग, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल के गुण पाए जाते हैं। वहीं, औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल के गुण पाए जाते हैं। वहीं, औषधीय गुणों से भरपूर नीम में एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी- ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं। इनका इस्तेमाल करने से स्किन की कई समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**कैसे करें एलोवेरा जेल, हल्दी और नीम इस्तेमाल?:** इसके लिए नीम की पत्तियों, एलोवेरा, हल्दी और नींबू के रस की कुछ बूंदों को मिक्सर में डालकर अच्छे से पीस लें। अब इस पेस्ट को फ्रिज में रखकर जमा लें। अब रोज 1 आइस क्यूब को चेहरे पर डालकर रब करें और फिर इसके सूखने पर चेहरे को धो लें। इससे स्किन को कई लाभ मिलते हैं।



**पिंपल्स से दे राहतः** हल्दी, नीम और एलोवेरा जेल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल के गुण पाए जाते हैं। इसे चेहरे पर लगाने से पिंपल्स की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे स्किन का इंफेक्शन से बचाव करने में मदद मिलती है।

**स्किन को मॉइस्चराइज करेः** एलोवेरा जेल में मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं। ऐसे में हल्दी, नीम और एलोवेरा जेल को लगाने से स्किन को नेचुरल रूप से मॉइस्चराइज और हाइड्रेट करने में मदद मिलती है। इससे स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं।

**त्वचा पर निखार लाएः** हल्दी, नीम और एलोवेरा जेल तीनों में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं। इनको लगाने से त्वचा पर निखार लाने, स्किन को सॉफ्ट बनाने और दाग-धब्बों को कम करने में मदद मिलती है। इससे स्किन को हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**एजिंग से बचाव करेः** हल्दी, एलोवेरा जेल और नीम में एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं। इनको चेहरे पर लगाने से स्किन का फ्री रेडिकल्स से बचाव करने में मदद मिलती है, जिससे झुर्रियों और फाइन लाइन्स जैसे एजिंग के लक्षणों से बचाव करने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे स्किन यंग रहती है।

**इंफेक्शन से बचाव करेः** हल्दी, नीम और एलोवेरा जेल में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इनकी आइस को चेहरे पर लगाने से स्किन का इंफेक्शन से बचाव करने, खुजली, रैशेज और रेडनेस की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है।

**स्किन को साफ करेः** हल्दी, नीम और एलोवेरा जेल में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल के गुण स्किन के लिए फायदेमंद है। इनकी आइस को चेहरे पर लगाने से स्किन को गहराई से साफ, सूजन को कम करने और स्किन को मुलायम बनाने में मदद मिलती है।

### एक्सप्रेस विशेष



प्रियंका सौरभ

**केंद्र को भाषा नीति पर चर्चा में राज्यों को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। संयुक्त शिक्षा समिति की स्थापना से राज्यों को कार्यान्वयन प्रक्रिया में अधिक आवाज मिल सकेगी।**

# त्रिभाषा नीति और चुनौतियां

**आंध्र प्रदेश में डिजिटल भाषा प्रयोगशाला पहले से ही प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्थानीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देने में प्रगति कर रही हैं। छात्रवृत्ति, करियर प्रोत्साहन और व्यावहारिक भाषा प्रशिक्षण की पेशकश से छात्रों को स्वेच्छा से अतिरिक्त भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यूजीसी संस्कृत, पाली और फारसी में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है।**

**देश** में भाषा शिक्षा को लेकर चर्चा जारी है। तमिलनाडु में त्रिभाषा नीति का कड़ा विरोध भाषायी पहचान और केंद्र की नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण चिंता को उजागर करता है। वास्तविक शैक्षिक सुधार के लिए भाषा शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना आवश्यक है, न कि केवल नीतिगत ढांचों पर ध्यान केंद्रित करना है। केंद्र और राज्य के बीच सकारात्मक बातचीत और व्यावहारिक समझौता ही आगे का सबसे अच्छा रास्ता है। आपातकाल के दौरान शिक्षा को समवर्ती सूची में शामिल किया गया था, जिसका अर्थ है कि यह एक संयुक्त जिम्मेदारी है। त्रिभाषा (तीसरी भाषा) से सम्बंधित विवादों के कारण समग्र शिक्षा, जो एक आवश्यक शिक्षा पहल है, के वित्तपोषण में बाधा नहीं आनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाने और भाषायी विविधता की सुरक्षा के उद्देश्य से त्रिभाषा ढांचा प्रस्तुत करती है। आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं और बोलियों की समृद्ध विविधता के साथ, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन हासिल करना काफी चुनौतीपूर्ण है। गैर-हिन्दी भाषी राज्यों की चिंताएं कथित भाषायी प्रभुत्व से सम्बंधित मुद्दों और इस नीति को कार्यान्वित करने में व्यावहारिक कठिनाइयों पर जोर देती हैं। त्रिभाषा नीति का लक्ष्य बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और भारत का भाषायी परिदृश्य समृद्ध होगा। उदाहरण के लिए, उत्तर भारतीय स्कूलों में तमिल पढ़ाने से सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिल सकता है और क्षेत्रीय अंतर को पाटने में मदद मिल सकती है। अनेक भाषाओं, विशेषकर क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता से सरकारी नौकरियों, अनुवाद और पर्यटन में विभिन्न कैरियर के रास्ते खुलते हैं। इसके अलावा, कूटनीति और बहुराष्ट्रीय निगमों में पदों के लिए बहुभाषी कौशल अकसर आवश्यक होते हैं। नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि सीखी जाने वाली कम से कम दो भाषाएं भारत की मूल भाषाएं हों, जिससे देश की भाषाई विरासत और साहित्य का संरक्षण हो सके। देश की शास्त्रीय और क्षेत्रीय भाषायी परंपराओं को बनाए रखने के लिए संस्कृत, बंगाली, तेलुगु और मराठी जैसी भाषाओं का प्रचार-प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य इस नीति को हिन्दी को धीरे-धीरे थोपने की नीति के रूप में देखते हैं। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्रीकृत भाषा सीखने की नीति लागू करना संघीय सिद्धांतों के लिए चुनौतियां उत्पन्न करता है। तमिलनाडु सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की तीन-भाषा आवश्यकता का पालन नहीं करने का विकल्प चुना है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्त पोषण में देरी हो रही है। इसके अतिरिक्त, कई राज्यों को इन अतिरिक्त भाषाओं के लिए योग्य शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों में कार्यान्वयन जटिल हो रहा है। उदाहरण के लिए, ओडिशा और केरल के स्कूलों को सीमित उपलब्धता के कारण हिन्दी शिक्षकों को ढूंढने में संघर्ष करना पड़ रहा है। अतिरिक्त भाषा पाठ्यक्रम शुरू करने से भी छात्रों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे गणित जैसे आवश्यक विषयों में उनकी दक्षता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्रीय दलों का प्रतिरोध भाषा नीतियों को अपनाने में महत्वपूर्ण चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में राजनीतिक समूह अकसर इन नीतियों को अपने स्थानीय शासन में घुसपैठ के रूप में देखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विरोध होता है। कई ग्रामीण छात्रों को दूसरी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे तीसरी भाषा सीखने की प्रक्रिया जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण बिहार में 40 फीसद छात्रों को अंग्रेजी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे उनकी अन्य भाषाएं सीखने की क्षमता में बाधा आती है। राज्य हिन्दी की अपेक्षा अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हैं, जिससे केंद्रीय नीतियों के साथ उनका सम्बंध टूट जाता है। पश्चिम बंगाल में बंगाली-अंग्रेजी शिक्षा पर अधिक जोर दिया जाता है तथा अनिवार्य हिन्दी शिक्षा को अस्वीकार कर दिया जाता है। सरकारी स्कूलों में, विशेषकर आर्थिक रूप से वंचित राज्यों में, अक्सर भाषा शिक्षकों, संसाधनों और डिजिटल भाषा प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक धन की कमी होती है। पूर्वोत्तर भारत में तीसरी भाषा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की कमी से प्रभावी नीति कार्यान्वयन में बाधा आती है। राज्यों के लिए एक मानकीकृत त्रिभाषा नीति का पालन करने की बजाय अपनी क्षेत्रीय भाषा चुनने की स्वतंत्रता होना अधिक लाभदायक होगा। उदाहरण के लिए, कर्नाटक सरकार हिन्दी लागू करने के बजाय कन्नड़, अंग्रेजी और विद्यार्थी की पसंद की भाषा पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना, ई-लर्निंग संसाधनों का विकास करना, तथा भाषा अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना स्थिति में काफ़ी सुधार ला सकता है।

# अधिक पैदवार हेतु बीज चयन एवं पेडी प्रवधन अतिमहत्वपूर्णः पी.एस. चतुर्वेदी

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला के मिल गेट क्षेत्र के ग्राम भेलवा में एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में चीनी मिल के वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी,ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर एवं मिल परिक्षेत्र के लगभग 150 कृषकों ने भाग लिया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला ने बताया कि गन्ना आयुक्त महोदय उत्तरप्रदेश द्वारा बुआई वर्ष 2024-25 वास्ते पेराई सत्र 2025-26 के लिए संशोधित तालिका जारी की गई है,जिसमे गन्ना प्रजाति को0हरियाणा 119 तथा पी0बी0 95 एवं अन्य अनामित गन्ना प्रजातियां अस्वीकृत श्रेणी में हो गयी है, इसलिए इन प्रजातियों का सर्वे अस्वीकृत प्रजाति में किया जाएगा, साथ ही गन्ना प्रजाति कोशा0 8436 काफी पुरानी एवं लाल सड़न रोग से ग्रसित होने के कारण सावधानी बरतने तथा इसकी बुवाई कदापि न



करने के निर्देश जारी हुए है। साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा उनमे देय अनुदान के बारे में तथा बसंत कालीन बुवाई में ध्यान देने योग्य आवश्यक बातें, प्रजातियों, ड्रिप सिंचाई महिला स्वयं सहायता समूह से उत्पादित सीडलिंग के लगाने के लाभ, फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध यंत्रों के सदुपयोग किफायती दरों में किराये पर ले जाकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने तथा समिति द्वारा दी जाने वाली नैनो यूरिया तथा अन्य दवाइयां आदि के बारे में विस्तार से बताया। इसी क्रम में वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी ने कृषकों से अपील की कि कोल्हू, क्रेशरों पर गन्ना न बेचे आपके मिलगेट व क्रयकेन्द्रों पर मुक्त खरीद की जा रही है,अपना आपूर्ति योग्य समस्त गन्ना अपने सट्टे पर 12 मार्च तक मिल में आपूर्ति कर दे, उसके बाद चीनी मिल पेराई सत्र 2024 - 25 के लिए बन्द हो जाएगी, साथ ही उन्होंने अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0 0118, को0 15023,कोशा0 13235,कोलख014201 तथा जल भराव वाले क्षेत्रो के लिए को0 98014 एवं कोलख 94184 का चयन कर ट्रेंच विधि से गन्ना बुआई करने की जानकारी दी। उन्होंने ने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि गन्ने के ऊपरी एक-तिहाई हिस्से का जमाव अच्छा होता है,इस लिए ऊपरी एक-तिहाई हिस्से को बीज में प्रयोग करके शेष भाग को मिल में आपूर्ति कर दे।प्रबंधक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने पेड़ी गन्ने की अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए गन्ना कटाई के तुरन्त बाद सिचाई करके 75 किग्रा0 यूरिया प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा कृषकों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है तथा मृदा उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा व बीज उपचार हेतु फफूंदीनाशक थायोफिनेट मिथाइल भी मिल द्वारा कृषकों को अनुदान पर उपलब्ध कराई जा रही है और ये भी बताया कि अपना बेसिक कोटा मजबूत बनाए रखने के लिए सारा गन्ना मिल में ही आपूर्ति करें।गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील कृषक चिन्ता प्रसाद वर्मा ने की तथा मंच संचालन प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर सहायक गन्ना अधिकारी राहुल यादव,कृषक ब्रजेश वर्मा, चन्द्रिका प्रसाद वर्मा, रामेश्वर दयाल, पवन कुमार, राजेश कुमार, हंसराम, अशोक वर्मा, गन्ना समिति के गन्ना पर्यवेक्षक व चीनी मिल के मोटिवेटर/कामदार सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

## होली के त्यौहार की वजह से जुमा की नमाज के समय में फेर बदल



**जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी**

पलिया नगर की विभिन्न मस्जिदों में मस्जिद कि प्रबंधन समितियां ने बैठक कर शुक्रवार को होली का त्यौहार होने के कारण जुम्मे की नमाज में फेर बदल का निर्णय लिया। जिससे कि नगर में आपसी भाईचारा कम रहे और किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे इस पर भी विचार विमर्श किया गया है इसी क्रम में नूरी जामा मस्जिद में तथा करीमी मस्जिद में 2ः30 पर तथा रजा मस्जिद 2ः45 पर इसी प्रकार नगर की विभिन्न और मस्जिदों में नमाज के समय में फेरबदल किया गया है। मस्जिदों की प्रबंधन समितियां ने यह निर्णय लेकर गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने की पहल की है। यही गंगा जमुना तहजीब हमारे मुल्क हिंदुस्तान की पहचान भी है।

# पत्रकार राघवेंद्र की हत्या मामले में पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

■ पत्रकार राघवेंद्र की हत्या के प्रकरण में सड़कों पर उतरा पत्रकारों का आक्रोश, घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन लगातार जारी

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**



जनपद सीतापुर के महोली में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की अमानवीय तरीके से हत्या के बाद पूरे प्रदेश में पत्रकारों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है हत्या के बाद पत्रकारों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है और उन्होंने इस घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है प्रदेशभर में पत्रकार संगठनों के नेतृत्व में पत्रकार एकजुट हो गए हैं और वे प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं जैसा कि आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) के शीर्ष नेतृत्व के निघासन में पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा ज्ञापन में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की गई और प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई जैसा कि ऐप्जा संघ निघासन व सिंगाही के पत्रकार बंधु तहसील परिसर से होते हुए एसडीएम के दफ्तर जा पहुंचे साथ अपराधियों की गिरफतारी की मांग करते हुए कठोरतम कार्यवाही मांग के नारे लगाए एकत्रित पत्रकार बंधुओं ने एसडीएम राजीव निगम को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा इस दौरान पत्रकारों ने कहा कि सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या चौथे स्तंभ पर सीधा कुठाराघात है इसलिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की आवश्यकता है समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व पत्रकार करता है इसलिए पत्रकार हत्या कांड के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी व एक करोड़ रुपये दिए जाएं व बच्चों की शिक्षा निःशुल्क की जाए तभी कलमकार राघवेंद्र बाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या से पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है।इसलिए पत्रकार के हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए जबकि बहुत से जनपद में बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया इस दौरान पत्रकार ऐप्जा संगठन का कुनबा मौजूद रहा।

# अध्ययन वीजा के नाम पर धोखाधड़ी महिला समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**




अध्ययन वीजा के नाम पर धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। एक अभिभावक ने एक महिला समेत पांच लोगोके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पीलीभीत जिला के तहसील पूरनपुर के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव ववरौआ निवासी वीरेंद्र कुमार शर्मा पुत्र ओम प्रकाश शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने मेपल वीजा ट्री संस्थान गोला गोकर्णनाथ ने लंदन के लिए स्टडी वीजा दिलाने का झांसा दिया था। इसके तीन संस्थान है, गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, महोली (पंजाब), जिसमे अमरजीत सिंह उर्फ तरसेम सिंह गोला ब्रांच, मोहर सिंह लखीमपुर ब्रांच, उल्फत चौधरी, निशांत, सिमरनजीत कौर महोली ब्रांच। इन सभी ब्रांच को विक्रम सिंह संचालित करते है।यह संस्थान विदेश जाने के लिए फर्जी स्टडी बीजा का कार्य करते है। मैपल वीजा ट्री इमीग्रेशन गोला गोकर्णनाथ के तहत लंदन मे स्टडी वीजा के नाम पर उनसे तीन लाख रुपये लिए इसके अलावा यूनिवर्सिटी की फीस जो की 876265 रूपया जमा हुई थी। फीस इन्होने 7 महीने बाद वापस कराई। उन्होंने 12 हजार रुपये नकद और 1 लाख 80 हजार रुपये ऑनलाइन पेमेंट किया। इन लोगों ने फर्जी कोचिंग चलाने के नाम पर लोगो से धोखाधडी करते हैं। फर्जी इंटरव्यू कराते हैं। लोगों को ठग रहे हैं, जिसका वह भी शिकार हो गया। उनका कहना है कि ब्लैंक चेक बुक हस्ताक्षरित सिक्योरिटी के तौर पर भी उनसे ली थी।वीजा प्रेसेसे के लिए एवं एटीएम, पासबुक तरसेम सिंह और मोहर सिंह के पास है जो वापस नही कर रहे हैं और चेक को बार बार बैंक में लगा रहे हैं।

काफी भाग दौड़ के बाद भी विपक्षी पार्टी ने उन्हें एक भी पैसा वापस नही किया है और बोल रहे हैं कि पैस वापस नही करेंगे और अगर तुम कुछ कार्यवाही करोंगे तो तुम्हे जान से मार कर गायब करा देंगे।

पैसे वापस नही करेंगे। तरसेम सिंह गोला में पंजाबी कालोनी के निवासी है।

# विधायक ने फीता काटकर किया डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ



**जन एक्सप्रेस। गोलागोकर्णनाथ खीरी**

छोटी काशी में भारत डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ फीता काटकर मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने किया है। अतिथियों नें स्वच्छता, जागरुकता एवं विश्वसनीयता पर बल देते हुए कहा कि विभिन्न प्रकार की पैथोलोजिकल जाचें बीमारी आने से पहले रोकथाम करने में मदद करती हैं।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ते हॉस्पिटल, डायग्नोस्टिक सेंटर, पैथोलॉजी आदि संसाधन आमजन के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं।

कार्यक्रम में अतिथि पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुर्जनलाल वर्मा, कांग्रेस नेता प्रहलाद पटेल, डॉ कौशल वर्मा, बृजस्वरूप उर्फ बीटू पटेल, जि प सदस्य वारिस अली, भाकियू अ कुलवंत जोशन, डॉ कौशल वर्मा, डॉ जगदीश वर्मा, डॉ रामसरन, डॉ डीएन पुरवार, डॉ राम रतन, डॉ दीपू वर्मा, डॉ सुभाष वर्मा, डॉ रमेशचंद्र, डॉ शिवम कश्यप, डॉ.अनिल राज मितौली, डॉ चाँद बाबू मितौली, डॉ सचिन राज मितौली, डॉ गुरप्रीत मितौली, अवधेश मिश्रा, अरविंद गुप्ता रामजी, आदर्श सोनी, मूलचंद वर्मा, भाजपा नेता विनोद वर्मा, रामनिवास वर्मा, पटेल सुशील वर्मा, ठाकुर प्रसाद गंगवार, कुलदीप वर्मा, पारस वर्मा, कपिल वर्मा, सत्यप्रकाश अग्रवाल, पूर्व प्रधान बिजेंद्र पटेल, महेश वर्मा एड, सुरेश कनौजिया एड, प्रमोद वर्मा एड, रामकिशोर एड, असिस्टेंट प्रोफेसर अंकुर वर्मा, विशाल पटेल, हरिओम वर्मा सभासद, नानक चन्द सभासद, विजय वर्मा, अनुज सिंह, प्रतीक मिश्रा, प्रमोद कनौजिया, अनिल सिंह वर्मा, दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे। संचालक विक्रम वर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत कर आभार जताया व शुभकामनाएं अर्जित की।

## सीओ अनुज चौधरी के बयान पर भड़के सपा नेता

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** सपा के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने कहा कि पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति ने भाजपा को विधानसभा चुनाव में आधा किया है। 2027 के चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को हटाने का काम करेगी। इसके लिए कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं। सपा पूर्ण बहुमत के साथ आएगी। राजपाल कश्यप सोमवार को बरेली पहुंचे थे। उन्होंने संभल के सीओ अनुज चौधरी के बयान को लेकर भाजपा और आरएसएस पर भी निशाना साधा। सीओ अनुज चौधरी के बयान पर राजपाल कश्यप ने कहा कि वह बयान सीओ का नहीं, भाजपा व आरएसएस का है। भाजपा ने हमेशा नफरत की राजनीति की है, यह उसी का उदाहरण है। होली भाईचारों का त्योहार हिंदू मुस्लिम सब मिलकर यह त्योहार मनाते हैं। होली के त्योहार में तो सब झगड़े समाप्त हो जाते हैं लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने दे रही है। कहा कि प्रदेश में तैनात कुछ अधिकारी भाजपा के प्रवक्ता की तरह बोलते हैं। हमारी सरकार आई तो ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जंगलराज है। दिनदहाड़े लोगों की हत्या कर दी जा रही है। बरेली में ही कुछ माह पहले लेखपाल की हत्या की गई। तीन दिन पहले सीतापुर में पत्रकार की हत्या कर दी गई। लेकिन सरकार सिर्फ हाथ पर हाथ रख कर बैठी है। इस सरकार से किसान से लेकर सभी वर्गों के लोग परेशान हैं। खेतों में छुट्टा जानवर फसलों को खा रहे हैं। पशु सड़कों पर टहल रहे हैं।

# पत्रकारों के लिये भी जारी की जाएं पत्रकार बीमा योजनाः सुनील राजवंशी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने महोली क्षेत्र के दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार हत्याकाण्ड प्रकरण के बाद कहा कि देश मे पीएम व मुख्यमंत्री के द्वारा हर वर्ग के विकास के लिये योजनाएं जारी की गई है जिससे लोग जारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे है लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ पत्रकार समाज में जागरूकता फैला रहे है और रह वर्ग की लड़ाई अपनी लड़ाई समझकर जान जोखिम में डालकर लड़ाई लड़ रहे है। अधिकतर पत्रकारों का कोई भी निर्धारित मानदेय नही होता है वह निःस्वार्थ भाव से हर पीड़ित की लड़ाई को अपनी लड़ाई समझकर लड़ रहे है। कभी कभी तो समाज की लड़ाई लड़ते लड़ते पत्रकारों को बड़ा मुआवजा भी भुगतना पड़ता है। पत्रकारों के साथ हो रही दुर्घटनाएं चिन्ता का विषय है कहीं मार्ग दुर्घटना मे पत्रकार की मौत हो रही है तो कहीं लम्बी बीमारी के चलते पत्रकार की मौत हो जाती है तो कहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर पत्रकार को दिन दहाड़े रोड पर गोलियों से भून दिया जाता है। जैसा कि राघवेन्द्र बाजपेई हत्याकाण्ड में हुआ है। समाज सेवा कर रहे पत्रकारों की किसी भी प्रकार से मृत्यु हो लेकिन अपने पीछे वह अपना परिवार छोड़ जाते है जिन्हे बाद में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। शासन के द्वारा हर वर्ग के लिये योजनाएं लागू की गई है। जैसे कि किसान की मौत के बाद किसान बीमा योजना के तहत किसान के परिवार को मरणोपरान्त शासन से पांच लाख रूपये का लाभ दिया जाता है इसी प्रकार प्रदेश सरकार को चाहिए अगर किसी पत्रकार के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो उनके परिवार के भरण पोषण के लिये पत्रकार बीमा योजना संचालित करनी चाहिए जिससे पत्रकार परिवारो को आर्थिक तंगी में कुछ सहायता शासन से मिल सके।

## पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष सौरभ मिश्र का लम्बी बीमारी के चलते हुआ निधन



**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

**रामकोट।** रामकोट पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा (राहुल) का लंबी बीमारी के चलते सोमवार सुबह इलाज के दौरान पीजीआई लखनऊ में निधन हो गया है। निधन की सूचना मिलते ही इलाके भर में शोक की लहर दौड़ गई। जनप्रतिनिधियों शुभचिंतकों ने घर पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्ति की। कस्बे के प्रखर व बहुमुखी प्रतिभा के धनी पत्रकार सौरभ मिश्रा के आकस्मिक निधन पर स्थानीय बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों व राजनीतिक कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है। वे बीते कई माह से बीमार चल रहे थे। तथा लखनऊ के पीजीआई में इलाज चल रहा था। सोमवार सुबह 8ः00 बजे के करीब उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली।

# पत्रकार के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर उतरे विभिन्न संगठन

■ हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर सीतापुर बन्द का हो सकता है एलान- व्यापारी नेता

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



महोली तहसील के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की दो दिन पहले हुई निर्मम हत्या के अब तक खुलासे के न होने से सीतापुर के तमाम सामाजिक किसान व्यापारी व अधिवक्ता संगठनों में आक्रोश है। इस घटना के दोषियों की गिरफ्तारी व मृतक के परिवारीजनों को आर्थिक मुआवजा, पत्नी को नौकरी, माता पिता के उपचार व बच्चो की शिक्षा प्रबंध आदि मांगो को लेकर नगर के विभिन्न संगठन संयुक्त रूप से लालबाग से जिलाधिकारी कार्यालय तक नारे लगाते हुए मार्च निकाला व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा राघवेंद्र की हत्या के पीछे जमीनों की अवैध खरीद फरोख्त करने वाले लोगो के समूह का हाथ हो सकता है क्योकिं राघवेंद्र ने ऐसी तमाम खबरों का प्रकाशन किया था। महोली तहसील के सभी राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए साथ ही निर्भीकता से पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों की सुरक्षा को सरकार गंभीरता से ले। बार अध्यक्ष विजय अवस्थी ने मृतक के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक मदद देने की मांग की। संगतिन किसान मजदूर संगठन की रिचा सिंह ने कहा भूमाफियाओं और प्रशाशन का खुला गठजोड़ सीतापुर में है सरकार इसकी जांच कराए। व्यापारी नेता पवन अग्रवाल, भगवती गुप्ता व प्रदीप गुप्ता ने कहा व्यापारी पत्रकारों के साथ है जरूरत पड़ी तो सीतापुर बंद का आह्वान किया जायेगा। सचेन्द्र दीक्षित ने कहा भृष्टाचार के विरुद्ध बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी।

ज्ञापन देने के बाद कलेक्ट्रेट में ही संयुक्त शोक सभा की गई व दो मिनट का मौन रखकर मृतक राघवेंद्र की आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 11 महिलाओं से लूटपाट, बदमाशों ने गला दबाकर सोने के जेवर लूटे, पुलिस जांच में जुटी



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र में सोमवार को एक महिला से लूटपाट की वारदात सामने आई है। घूरे खेड़ा गांव की रहने वाली रामरानी कंडे पाथकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान काली पल्सर बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोक लिया।बदमाशों ने महिला का गला दबाकर उनके गले से सोने की माला और कुंडल लूट लिए। महिला के चिल्लाने पर ग्रामीण मौके की तरफ भागे। लेकिन इससे पहले ही बदमाश भूलनपुर-ओयल मार्ग की तरफ फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही एसओ सुनीता कुशवाहा और बेहजम चौकी इंचार्ज सिद्धांत पवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़िता के पति रामनरेश ने यूपी 112 को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है।पीड़िता ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि,अभी तक पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### 2024-25 के लिए 12 मार्च को बंद कर दी जाएगी चीनी मिल पेराई सत्र

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला द्वारा दि्वतीय मिल बंदी सूचना दिनांक 12 मार्च 2025 सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड को भेज दी है। इस संबंध में चीनी मिल के युनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि पिछले 22 फरवरी से गेट व वाह्य क्रय केन्द्रों पर खुली खरीद की जा रही है, इसके बावजूद भी चीनी मिल को प्रयाप्त गन्ना नहीं मिल पा रहा है जिससे बड़ी मिल पिछले दस दिनो से गन्ने के अभाव में बंद है। जिसके कारण पेराई कार्य बाधित हो रहा है। अतः क्षेत्र के समस्त किसान भाइयों से अनुरोध है कि दिनांक 12 मार्च दिन बुधवार तक आपूर्ति योण्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर देवें ।इसके पश्चात चीनी मिल पेराई सत्र 2024-25 के लिए बंद कर दी जाएगी।

### मंझरा पूरब में खाना बनाते समय लगी आग, 30 घर जलकर हुए खाक



**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** पढुआ थाना क्षेत्र के गांव जम्हौरा गौढी मजरा मझरा पूरब में सोमवार दोपहर खाना बनाते समय एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई, ग्रामीण कुछ समझ पाते की तब तक हवा के रूख के चलते आग बेकाबू हो गई और देखते ही देखते पड़ोस के खर फूस से बनी करीब 30 झोपड़िया जलकर राख हो गई, जिसमें नगदी समेत लाखों रुपए का अनाज व अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया ।सोमवार दोपहर चंद्रिका प्रसाद के घर खाना बन रहा था इस दौरान किसी तरह से उसकी झोपड़ी में अचानक आग लग गई घर के लोग कुछ समझ पाते की तब तक आग बेकाबू हो गई और देखते ही देखते पड़ोस के प्रमोद, अखिलेश, संतोष, प्रेमचंद, रमाकांत, मेवालाल, हेमराज, रोहित, अंगद, केशव राम तथा राम मोहन समेत 30 ग्रामीणों के कच्चे मकान जलकर स्वाहा हो गएद्य हलांकि इस भीषण अग्निकांड में कोई जन व पशु हानि नहीं हुई है द्य अग्निकांड में कुछ नगदी समेत लाखों रुपए की गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई है द्य सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड के बाद गांव पहुंचे राजस्व कर्मियों ने सर्वे कर पीड़ित परिवारों को अति शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### इलाज के दौरान मरीज की हुई मौत, परिजनों ने सड़क पर शव रख कर काटा हंगामा



**जन एक्सप्रेस। संपूर्णानगर खीरी।** मिलन बाजार की रहने वाली मृतक बालेश्वरी देवी का कई दिनों से इलाज चल रहा था परिवार के परिजनों द्वारा ऐसा कहा जा रहा है कि उनका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संपूर्णानगर में किया जा रहा था सोमवार के दिन ज्यादा तबीयत खराब होने के कारण उनका निधन हो गया जिसको लेकर परिवार के लोग उग्र हो गए सोमवार के दिन शव रास्ते पर रखकर परिवार के लोगों ने हंगामा काटा उनका आरोप है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सही इलाज न मिलने के कारण उनके मरीज की मौत हो गई और उन्होंने मृतक बालेश्वरी देवी की मौत का इल्जाम संपूर्णानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पंकज सिंह पर लगाया। डॉक्टर पंकज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की कि मृतक बालेश्वरी देवी के परिजन उनको 21 फरवरी को इलाज के लिए लेकर आए थे उन्हें सांस और सीने में दर्द की शिकायत थी उसके बाद उनका इलाज 4 मार्च और 7 मार्च को किया गया ज्यादा तबीयत खराब होने के कारण उन्होंने पलिया सामुदायिक केंद्र भेजने के लिए उन्हें रेफर किया था।

### पूर्व प्रधान का बेटा लाता था नकली नोटों की खेप, पकड़े गए गुर्गे

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में मिलिट्री इंटेलिजेंस की सूचना पर नकली नोटों के दो तस्करों की गिरफ्तारी के बाद फिर से भोजीपुरा इलाके से धंधे के तार जुड़े होने की पुष्टि हुई है। पहले यहां का कथित नेता अफसार नकली नोटों के धंधे का सरगना था। अब पूर्व प्रधान के बेटे डंपी को पुलिस टीम तलाश रही है, जो गुर्गों के सहारे नेटवर्क चला रहा है। फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस ने रविवार को नकली नोटों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से सौ-सौ के 514 नकली नोट बरामद हुए थे, जिन्हें वह बाजार में चलाने जा रहे थे। इन्हें नकली नोट देने वाला डंपी फरार हो गया। उसके खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने जांच कराई तो पता लगा कि डंपी भोजीपुरा के चठिया गांव के पूर्व प्रधान शब्बीर का बेटा है। वह काफी समय से ठगी व हेरफेर के धंधे में है, हालांकि राजनैतिक जुगाड़ लगाकर बचता रहा है।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की पहल पर आकांक्षा स्टोर की हुई स्थापना

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि आकांक्षा समिति महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। इसका प्रयास है कि स्वयं सहायता समूहों को बाजार तक पहुंच और सही मूल्य मिले, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को सही बाजार उपलब्ध कराने के लिए आकांक्षा स्टोर एक महत्वपूर्ण पहल है। अब तक जिले में कोई ऐसा प्लेटफार्म नहीं था, जिससे महिलाओं को अपने उत्पादों के सही दाम मिल सकें। यह स्टोर स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी मदद करेगा। इस अवसर पर आकांक्षा समिति की सदस्यों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल के अभिनव पहल के तहत आकांक्षा स्टोर की स्थापना की गई, जो स्वयं सहायता समूहों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस स्टोर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश आकांक्षा समिति अध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह, आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब और जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर लगाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुये आरसेटी द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पादकों तथा अन्य समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादकों की सराहना भी की। मुझे यहां आकर गर्व की अनुभूति अनुभव हो रही है। उन्होंने आकांक्षा समिति सीतापुर के महिला कल्याण, महिला सशक्तिकरण, विकास में महिलाओं की भूमिका के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। यहां की समूह की महिलाएं विकास की गति के साथ आगे बढ़े। मुझे खुशी है कि एक छत के नीचे एक साथ कई समूह को समायोजित होते हुए देखना, जहां उनके सारे सपने पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आकांक्षा स्टोर में उपलब्ध उत्पादों की गुणवत्ता को प्रभावित होकर कई उत्पादों की खरीद की। कार्यक्रम में आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ0 रोशन जैकब ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए आकांक्षा स्टोर एक क्रांतिकारी कदम है। यह न केवल महिला उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर देगा, बल्कि स्थानीय बाजार को भी मजबूती प्रदान करेगा।

उम्मीद जताई की कि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के नेतृत्व में आकांक्षा समिति का यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और महिलाओं को स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में नए अवसर प्रदान करता रहेगा। आकांक्षा समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्व-रोजगार और उद्यमिता के लिए अवसर प्रदान करना है।

# रंग-अबीर लेकर गए तो लगेगा जुर्माना, होली खेलने का शौक पड़ सकता है महंगा

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

चिड़ियाघर में होली के दौरान रंग-अबीर ले जाने पर रोक लगा दी गई है। रंग और अबीर से वन्यजीवों को नुकसान पहुंच सकता है। रंगों में पाए जाने वाले केमिकल वन्यजीवों की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं और उनकी आंखों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। रंगों से वन्यजीवों को सांस लेने में भी दिक्कत हो सकती है। इन दिनों होली की धूम मची हुई है। हर कोई इस त्योहार की तैयारियों में लगा हुआ है। रंगों का यह त्योहार अपने साथ खुशी और आनंद लेकर आता है। देश और दुनिया में लोग अलग-अलग अंदाज में इस त्योहार का जश्न मनाते हैं। लेकिन, कुछ लोगों की लापरवाही का खमियाजा बेजुबानों को भुगतना पड़ता है।

इसे देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन भी सतर्क हो गया है। यहां रह रहे वन्यजीवों को नुकसान न हो, इसके लिए चिड़ियाघर में आने वाले दर्शकों को रंग और अबीर लेकर आने पर रोक लगा दी है। मंगलवार से



चिड़ियाघर आने वाले दर्शकों की जांच होगी। रंग व अबीर मिलने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में 325 से अधिक वन्यजीव रह रहे हैं। चिड़ियाघर प्रशासन का मानना है कि होली के दौरान यहां आने वाले कुछ दर्शक साथ में रंग व अबीर भी लेकर आते है। इसके बाद वन्यजीव के बाड़े में स्थित पोखरे में रंग को फेंक देते है, जिसे पीने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ जाती है। वहीं अबीर के उड़ने से उनकी आंखे खराब हो सकती है। चिड़ियाघर के उपनिदेशक डा. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि वन्यजीव अपने शरीर को साफ रखने के लिए अपनी जुबान का इस्तेमाल करते हैं। वह अक्सर खुद को चाटकर अपना शरीर साफ करते हैं। ऐसे में अगर उनके शरीर पर रंग पड़ता हैं, तो वह इसे साफ करने के लिए जुबान का सहारा लेते हैं। ऐसे में केमिकल वाला यह रंग शरीर के अंदर जाता है। इससे पेट व आंत संबंधी कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

डा. योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि रंगों में आमतौर पर लीड आक्साइड, एल्यूमिनियम ब्रोमाइड, मरकरी सल्फेट और कापर सल्फेट जैसे केमिकल पाए जाते हैं। ऐसे में शरीर पर इन रंगों के लगने से न सिर्फ इंसानों, बल्कि वन्यजीवों की त्वचा को भी काफी नुकसान पहुंचता है। किसी भी माध्यम से अगर उनके शरीर पर रंग लग जाता हैं, तो उन्हें स्किन एलर्जी, त्वचा में जलन और सूजन जैसी समस्याएं हो जाती हैं।

चिड़ियाघर में रंग और अबीर ले जाने पर रोक लगायी गई है। मंगलवार से आने वाले दर्शकों की जांच होगी। उनके पास किसी भी तरह का रंग मिलने पर जुर्माना लगेगा। होली के दिन चिड़ियाघर दर्शकों के लिए बंद रहेगा।

डॉ. योगेश प्रताप ने बताया कि रंग भरा गुब्बारा या पानी फेंकने या अबीर उड़ाने पर पर वन्यजीव के आंखों में चला जाता है। इससे उनकी आंखे खराब हो जाती है, उनकी रोशनी तक जा सकती है। वन्यजीवों के लिए गीला या सूखा दोनों ही तरह का रंग खतरनाक साबित होता है। नाक और श्वसन नली में जाने से उन्हें सांस लेने में भी दिक्कत हो सकती है। कई बार तो वह पागल तक हो जाते है और उनकी मृत्यु भी हो जाती है। अबीर व रंग सिर्फ वन्यजीव के लिए ही न सड़क पर घूने वाले जानवरों के लिए भी नुकसान है।

## पिकअप की टक्कर से टेंपो चालक की मौत, दो घायल

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। क्षेत्र के कप्तानगंज-रामकोला मार्ग स्थित साहबगंज के पास रविवार सुबह करीब दस बजे टेंपो और पिकअप में टक्कर हो गई। टेंपो चालक फेरी लगाकर कपड़े बेचने वालों को कप्तानगंज से लेकर जा रहा था। हद से के बाद सड़क किनारे टेंपो पलट गया। टेंपो चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोगों ने तीनों को कप्तानगंज सीएचसी भेजवाया। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर तीनों को मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर रेफर कर दिया। रास्ते में टेंपो चालक की मौत हो गई। रामकोला थाना क्षेत्र के बरठा बेलवानिया निवासी 45 वर्षीय संतोष मिश्रा रोज कप्तानगंज में रहकर कपड़ा बेचने वाले मुजफ्फरनगर निवासी बृजेश और मोहम्मद कैफ को लेकर रामकोला की तरफ से आ रहे थे। साहबगंज के पास रामकोला की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार पिकअप से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टेंपो चालक संतोष मिश्रा और उसमें सवार बृजेश व मोहम्मद कैफ गंभीर रूप से घायल हो गए। मौजूद लोगों ने तीनों घायलों को कप्तानगंज सीएचसी भेजवाया। डॉक्टर ने तीनों घायलों की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां जाते समय रास्ते में ही टेंपो चालक संतोष मिश्रा की मौत हो गई।

# होली पर सफर हुआ महंगा, निजी बसों का बढ़ा किराया, टिकट के लिए लगाना पड़ रहा जोर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

होली के त्योहार पर घर लौटने वालों की संख्या बढ़ने से निजी बसों का किराया आसमान छू रहा है। गोरखपुर से दिल्ली आगरा पंजाब राजस्थान सहित अन्य जगहों के लिए बस का किराया लगभग दो गुणा बढ़ गया है। यात्रियों का कहना है कि बस संचालक जाने वालों के हिस्से का किराया भी वसूल रहे हैं।

होली का त्योहार नजदीक आने के साथ परदेस से लौटने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। ट्रेनों में टिकट की मारामारी होने से लोग बसों से सफर कर रहे हैं। आने वाले यात्रियों की तादाद देखकर बस संचालकों ने लगभग दो गुणा किराया बढ़ा दिया है। यात्रियों का कहना है कि घर लौटने वाले लोगों से ही बस संचालक जाने वालों के हिस्से का किराया भी वसूल ले रहे हैं।

नौसढ़ बाजार से विभिन्न शहरों के लिए 150 से अधिक स्लीपर बसों का संचालन होता है। गोरखपुर आगरा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान सहित अन्य जगहों के लिए आम दिनों में जहां 1500 से अधिक यात्री आते-जाते हैं। होली करीब होने की वजह से जाने वालों की संख्या घटी है, जबकि आने वालों की भीड़ लगी हुई है। ट्रेनों का टिकट मिलने में आने वाली समस्या के कारण अधिकांश लोगों को बसों से यात्री करनी पड़ रही है।

इसका फायदा उठाते हुए बस संचालकों ने टिकट की दरें बढ़ा दी हैं। सामान्य दिनों में दिल्ली से आने -जाने वाली स्लीपर बस किराया 1250 होता है। वह बढ़कर तीन हजार तक पहुंच जा रहा है।

गोरखपुर से दिल्ली जाने वाली बस में बैठकर जाने का किराया 450 रुपये है, लेकिन वर्तमान में लौटने वालों 1200 से 1500 रुपये तक लिया जा रहा है।

रविवार की दोपहर में दिल्ली में रहने वाले गगहा के राधेश्याम परिवार संग बस से उतरे। उन्होंने बताया कि दो यात्रियों के टिकट का 4100 रुपया एजेंट ने लिया है। रमेश, दिनेश सहित अन्य यात्रियों ने बताया कि अन्य दिनों में दिल्ली का किराया 1100 से 1400 रुपये तक होता है। लेकिन त्योहार की वजह से लौटने वाले लोगों को अधिक किराया देना पड़ रहा हैं। इस संबंध में आरटीओ (प्रवर्तन) संजय कुमार झा ने बताया कि अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। इसकी जांच करके कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली कश्मीरी गेट, इंदौर तीन इमली, जयपुर सिंधी कैंप, लुधियाना शेरपुर चौक, कानपुर फजलगंज, सिलीगुड़ी में रेलवे स्टेशन के समीप, नागपुर संतरा मार्केट ओवरब्रिज के नीचे,आगरा और झांसी बाईपास, वाराणसी मुड़ैला चौराहा सहित अन्य जगहों के लिए बसों का संचालन होता है।

इसका फायदा उठाते हुए बस संचालकों ने टिकट की दरें बढ़ा दी हैं। सामान्य दिनों में दिल्ली से आने -जाने वाली स्लीपर बस किराया 1250 होता है। वह बढ़कर तीन हजार तक पहुंच जा रहा है।

गोरखपुर से दिल्ली जाने वाली बस में बैठकर जाने का किराया 450 रुपये है, लेकिन वर्तमान में लौटने वालों 1200 से 1500 रुपये तक लिया जा रहा है।

# बाढ़ और जलजमाव से निपटने की तैयारी पूरी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में बाढ़ और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए शहरी बाढ़ की पूर्व चेतावनी प्रणाली (यूएफई डब्ल्यूएस) तैयार की गई है। इस सिस्टम के तहत नदी नाला ही नहीं संपवेल में भी सेंसर लगाए गए हैं। जैसे ही जलस्तर बढ़ने लगेगा इसकी सूचना तत्काल नगर निगम के कंट्रोल रूम तक आ जाएगी। इससे जल भराव की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी।

मानसून के दौरान बाढ़ और जलभराव जैसी विभीषिका से शहर के लोगों को इस साल काफी हद तक निजात मिलने की संभावना है। एक तरफ नगर निगम की ओर से शहर में नालियों का जाल तैयार कर दिया गया है।

वहीं, नगर निगम में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन निधि के सहयोग से शहरी बाढ़ की पूर्व चेतावनी प्रणाली (यूएफईडब्ल्यूएस) पूरी तरह से बनकर तैयार हो चुका है। करीब एक साल पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 56.76 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस परियोजना का शिलान्यास किया था।

द अर्बन फ्लड अर्ली वार्निंग सिस्टम के तहत नदी, नाला ही नहीं संपवेल में भी सेंसर को इस तरह से लगाया गया है कि जैसे ही जलस्तर बढ़ने लगेगा, इसकी सूचना तत्काल ही नगर निगम में बनाए गए कंट्रोल रूम तक आ जाएगी। इसके बाद नगर निगम की क्विक रिस्पांस टीम जलभराव की समस्या को दूर करने में जुट जाएगी। इस सिस्टम को तैयार करने वाली कंपनी एक ऐप भी तैयार कर चुकी है।

इस ऐप के माध्यम से जलस्तर, मौसम का पूर्वानुमान आदि की जानकारी नगर निगम के सारे अधिकारियों के अलावा उससे जुड़े लोगों को मिलेगी। हालात के अनुसार अधिकारी संबंधित को निर्देश जारी कर सकते हैं। कंपनी के गोरखपुर हेड राजीव पांडेय ने बताया कि जल्द ही इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस एप को डाउनलोड कर शहर का कोई भी व्यक्ति बारिश का पूर्वानुमान, बारिश के दौरान जलस्तर की जानकारी आदि की भी जानकारी मिल सकेगी।

द फ्लड अर्ली वार्निंग सिस्टम काफी हद तक तैयार हो चुका है। इस बार की बारिश में यह सिस्टम पूरी तरह से काम करने लगेगा। इससे मानसून के दौरान जलभराव आदि की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। समय से सूचना मिल जाने से शहर को बाढ़ और जलभराव से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए जा सकते हैं।- दुर्गेश मिश्रा, अपर नगर आयुक्त इस सिस्टम के जरिए 21 संपवेल व पंपिंग स्टेशन, 53 बड़े नाले और जलजमाव वाले 29 स्थानों पर सेंसर लगाए गए हैं। इसके अलावा सभी वेदर स्टेशन और ऑटोमेटिक रेन गेज को भी अर्ली वार्निंग सिस्टम से जोड़ा गया है। इससे नगर निगम में बनाए गए कंट्रोल रूम में बारिश और जलभराव का सटीक डाटा और पूर्वानुमान मिल सकेगा। साथ ही सभी पंपिंग स्टेशन में लगे पंप को स्काडा परियोजना के अंतर्गत इस सिस्टम से जोड़कर ऑप्टिमाइज कर दिया गया है।

# सोते समय युवक की कुल्हाड़ी से हत्या, लेन-देन का विवाद बना मौत का कारण

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक युवक की सोते समय कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। लेन-देन के विवाद में हुई इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी बरामद कर ली है और आरोपी को पकड़ लिया है। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है।

राजघाट के चकरा अव्वल में रविवार की रात छत पर सो रहे युवक की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। सिकरीगंज के दुघरा चौराहा निवासी डीएम उर्फ विजय अग्रहरी,15 वर्षों से मोहल्ले में रहने वाले वीरेंद्र निषाद के मकान में किराए पर रहकर मजदूरी करता था।

दोपहर में रुपये को मूंगफली बेचने वाले रमेश निषाद नाम व्यक्ति से विवाद हुआ था।कहासुनी होने पर विजय ने रमेश को थप्पड़ मार दिया था।हत्या का मुकदमा दर्ज कर राजघाट थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

रविवार रात में नौ बजे भोजन करने के बाद विजय अग्रहरी छत पर सोने गया था, आरोप है कि सिकरीगंज के डकवा बाजार का रहने वाला रमेश उसी दौरान रमेश निषाद ने कुल्हाड़ी लेकर विजय पर हमला किया। हमले में विजय के सिर और गले पर गहरे घाव आए, जिससे उसकी





मौके पर ही मृत्यु हो गई।

घटना की जानकारी तब हुई जब रात में 10 बजे मकान मालिक वीरेंद्र निषाद छत पर गए और खून से लथपथ विजय के शव को देखा। इसकी जानकारी उन्होंने पुलिस के साथ ही विजय के बड़े भाई योगेंद्र को दी। घटना की जानकारी होने पर सीओ कोतवाली ओंकार दत्त के साथ ही राजघाट थाने पर मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की है और आरोपित रमेश निषाद की तलाश शुरू कर दी है।एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि लेनदेन के विवाद में हत्या होने की बात सामने आयी है। सभी पहलुओं की जांच चल रही है। रात में ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। विजय अग्रहरी उर्फ डीएम और आरोपी रमेश निषाद दोनों साथ मजदूरी करते थे और एक ही इलाके में रहते थे।विजय अग्रहरी उर्फ डीएम के पिता चंद्रभान अग्रहरी दुघरा में चाय और मिठाई की दुकान चलाते हैं। विजय तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके दो बड़े भाई योगेंद्र और पप्पू घर पर रहकर दुकान और खेती का काम संभालते हैं। विजय अविवाहित था। रमेश निषाद सिकरीगंज के शिवपुर गांव का निवासी है। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर का है और पिछले पांच वर्षों से चकरा अव्वल में रहकर मजदूरी करने के साथ ही शाम के समय मूंगफली बेचता था। रमेश की पत्नी और चार बच्चे हैं।एक साल पहले वह घर गया था, लेकिन पत्नी और परिवार वालों ने उसे डांट-फटकार कर वापस भेज दिया था। रमेश का सिकरीगंज थाने में कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। विजय अग्रहरी की हत्या करने के बाद रमेश निषाद शहर छोड़कर जा रहा था। हार्बर्ट बांध पर रहने वाले लोगों से उसने पहले टिकट के लिए रुपये मांगे। पूछने पर बताया कि बाहर जाना है,कपड़े पर खून का निशान देख स्थानीय लोगों को संदेह हुआ तो उन्होंने विजय अग्रहरी के बारे में पूछा जिसके बाद उसने बताया कि उसकी हत्या कर दिया हूं।युवकों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तो घेराबंदी करके प्रेमचंद पार्क के पास पुलिस ने रमेश को पकड़ लिया।

# गोरखपुर एयरपोर्ट पर तीन घंटे रनवे रहा जाम, शाम तक रही अफरातफरी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

स्पाइस जेट की दिल्ली से गोरखपुर आने वाली फ्लाइट में तकनीकी खराबी के कारण एयरपोर्ट पर तीन घंटे तक रनवे जाम रहा। विमान को हटाने के लिए स्पाइस जेट के पास टो-मशीन न होने की वजह से अन्य विमानों की आवाजाही ठप हो गई। दिल्ली मुंबई और कोलकाता से आए चार विमान डेढ़ से तीन घंटे तक रनवे पर खड़े रहे। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

एयरपोर्ट पर यात्रियों को रविवार को तब भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब स्पाइस जेट की दिल्ली से आई फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई। इसकी वजह से उड़ान को रद करना पड़ा। विमान को हटाने के लिए स्पाइस जेट के पास टो-मशीन न होने की वजह से जिससे विमान तीन घंटे तक एप्रेन (जहां विमान खड़े होते हैं) पर खड़ा रहा।

इस दौरान अन्य विमानों की आवाजाही ठप हो गई। दिल्ली, मुंबई व कोलकाता से आए चार विमान डेढ़ से तीन घंटे तक रनवे पर खड़े रहे। इसमें सवार यात्री इस दौरान परेशान रहे। इसके अलावा जिन्हें मुंबई, दिल्ली और कोलकाता जाना था वे भी टर्मिनल में बैठे थे। शाम सात बजे एप्रेन से स्पाइस जेट का विमान हटा, जिसके बाद परचालन शुरू हुआ।इस बीच एयरपोर्ट पर अफरातफरी की स्थिति रही।

दिल्ली से दोपहर 12:45 बजे आने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट 2:54 बजे गोरखपुर पहुंची। यात्रियों के उतरने के बाद इंजन में तकनीकी खराबी पाई गई, जिसे अकासा एयरलाइन के इंजीनियरों ने ठीक कर दिया, लेकिन सुरक्षा कारणों से उड़ान रद कर दी गई।

रविवार को हवाई यात्रियों को गोरखपुर एयरपोर्ट पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तीन घंटे से अधिक हवाई जहाज में इंतजार करना पड़ा। एअरपोर्ट के बाहर परेशान



परिवारीजन।

विमान को हटाने के लिए स्पाइस जेट के पास अपनी टो-मशीन नहीं थी, जिससे रनवे जाम हो गया और अन्य विमानों की लैंडिंग और टेकआफ बाधित हो गई। दिल्ली, मुंबई और कोलकाता से आए स्पाइस जेट, इंडिगो व अकासा के विमान को रनवे पर ही रोक दिया गया।

रविवार को हवाई यात्रियों को गोरखपुर एयरपोर्ट पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तीन घंटे से अधिक हवाई जहाज में इंतजार करना पड़ा। बेटा दर्श व बेटी अंदाशिका के साथ परेशान नाइजीरिया से आ रही श्वेता।

दिल्ली से 3:39 बजे आई इंडिगो की फ्लाइट को तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। शाम चार बजे पहुंचा स्पाइस जेट का दूसरा विमान भी रनवे पर ही खड़ा रहा। कोलकाता से 4:49 बजे आया इंडिगो का विमान डेढ़ घंटे तक रुका रहा, जबकि मुंबई से 5:05 बजे आई इंडिगो की फ्लाइट को दो घंटे तक खड़ा रहना पड़ा। दिल्ली से आई अकासा एयरलाइन की फ्लाइट भी एक घंटे तक रनवे पर फंसी रही।

दिल्ली से आए स्पाइस जेट के विमान के इंजन में तकनीकी खामी की जानकारी मिलने के बाद विमानन कंपनी के अधिकारियों ने उड़ान रद कर दी। एप्रेन से विमान के हटने में देरी होने की वजह से दूसरे विमान को रनवे पर खड़ा करना पड़ा। यात्रियों को इसकी जानकारी दे दी गई थी। गोरखपुर एयरपोर्ट पर दो एप्रेन हैं जिसमें एक बड़े व एक छोटे विमान के खड़े हो सकते हैं। स्पाइस जेट के जिस विमान के इंजन में खराबी आई थी वह बोइंग विमान (बड़े विमान) वाले एप्रेन में खड़ी थी इसलिए दिल्ली, मुंबई से आने वाले दूसरे विमान को रनवे पर खड़ा होना पड़ा।

# फर्जी दस्तावेजों पर पासपोर्ट बनाने का खेल जारी, निशाने पर कई दलाल

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

- गोरखनाथ में फर्जी पासपोर्ट प्रकरण खुलने के बाद बढ़ी सख्ती

गोरखपुर में फर्जी दस्तावेजों के जरिए पासपोर्ट बनवाने का खेल लंबे समय से चल रहा है। गोरखनाथ क्षेत्र में फर्जी पासपोर्ट मामले में जाल साजी करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने दलालों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अब तक कार्रवाई केवल उन लोगों पर होती थी जिन्होंने फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट बनवाया था लेकिन अब बिचौलियों को भी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जिले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए पासपोर्ट बनवाने का खेल लंबे समय से चल रहा है। गोरखनाथ क्षेत्र में फर्जी पासपोर्ट मामले में जालसाजी करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने दलालों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अब तक कार्रवाई केवल उन लोगों पर होती थी, जिन्होंने फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट बनवाया था, लेकिन अब बिचौलियों को भी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।शनिवार को दो दलालों के जेल जाने के बाद हड़कंप मचा है।

हाल ही में गोरखनाथ थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए पासपोर्ट बनवाने की कोशिश की। पासपोर्ट सत्यापन के दौरान संदेह होने पर जब पुलिस ने जांच की, तो पता चला कि दस्तावेजों में नाम, जन्मतिथि और पता बदलकर आवेदन किया गया था। जब गहराई से जांच हुई तो पता चला कि यह काम अकेले आवेदक ने नहीं किया, बल्कि कुछ बिचौलिए इसमें शामिल थे, जो ऐसे मामलों को अंजाम देते थे। पुलिस ने पासपोर्ट बनवाने वाले के साथ-साथ दलालों पर भी कार्रवाई की, जिससे इस पूरे खेल का पर्दाफाश हुआ।इसके अलावा जिले के बड़हलगंज, गोला, गगहा, बेलीपार और खजनी में फर्जी पासपोर्ट बनवाने के कई मामले दर्ज हैं। वर्ष 2022 और 2023 में इन थानों में पासपोर्ट एक्ट के तहत कुल 19 मुकदमे दर्ज हुए थे, लेकिन इनमें से अधिकतर आरोपित विदेश में हैं, जिससे पुलिस की कार्रवाई ठप पड़ी थी।मामला सामने आने के बाद एसएसपी ने अधिकांश लोगों के विरुद्ध लुकआउट नोटिस भी जारी किया है। पासपोर्ट बनाने के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र और शैक्षिक दस्तावेजों की जरूरत होती है।

# कोर्ट का फैसला: नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मासूम रजा को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

- आरोपित को बचाने में शामिल सिपाही आदिब खान और गुड्डू खान को चार-चार साल की जेल

बीते दो साल पहले हुए नाबालिग से दुष्कर्म व छेड़छाड़ और उसके पिता की हत्या के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी राही मासूम रजा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी को बचाने में शामिल सिपाही आदिब खान और गुड्डू खान को चार-चार साल की जेल की सजा दी गई है।

घटना दो साल पहले महराजगंज जनपद के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में घटी थी, जहां संतकबीरनगर जिले का एक दलित परिवार राही मासूम रजा के मकान में किराए पर रहता था। आरोप है की भाजपा का पूर्व नेता राही मासूम रजा एक परिवार की बड़ी बेटी के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ किया है। जब पीड़िता के पिता ने इसका विरोध किया, तो उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। मामले को दबाने और आरोपी को बचाने के लिए सिपाही आदिब खान और गुड्डू खान ने कई प्रयास किए, लेकिन पुलिस जांच में सच सामने आ गया। सदर कोतवाली पुलिस ने पुख्ता सबूतों के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया और दोषियों को गिरफ्तार किया। इस मामले को अदालत ने गंभीरता को देखते हुए कड़ा फैसला सुनाया। फैसले के बाद पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली और कहा कि मुझे इंसाफ मिल गया।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष को आजीवन कारावास, नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और उसके पिता की हत्या के दोषी करार

- सहयोग करने और साक्ष्य मिटाने के आरोप में पुलिसकर्मी व एक को भी चार-चार वर्ष की सजा
- 28 अगस्त को हुई थी घटना, न्यायालय विशेष न्यायाधीश विनय ने डेढ़ वर्ष में सुनाया फैसला

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पाक्सो कोर्ट ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और उसके पिता की हत्या के मामले में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस अपराध में सहयोग करने वाले दो अन्य लोगों को भी सजा सुनाई गई है।

विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट विनय कुमार सिंह ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और उसके पिता की हत्या के दोषी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही उर्फ राही मासूम रजा को आजीवन कारावास तथा 2.05 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस अपराध में सहयोग करने तथा साक्ष्य मिटाने के दोषी भाजपा नेता के घर किराएदार रहे देवरिया निवासी पुलिसकर्मी आबिद अली और महराजगंज निवासी गुड्डू शाह उर्फ मुमताज अली को चार वर्ष का कारावास और क्रमशः तीन-तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के वीर बहादुर नगर निवासी पीड़िता अपने पिता और चार नाबालिग भाई-बहनों के साथ आरोपित राही मासूम रजा के मकान में किराए पर रहती थी। पीड़िता के पिता ठेला लगाकर अंडा पकौड़ी बेचते थे। अभियोजन के अनुसार, मकान मालिक राही मासूम रजा ने अगस्त 2023 में दिन घर में अकेली पाकर नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इसके कुछ दिनों बाद आरोपित ने पीड़िता के छोटे भाई को मारापीटा और उसके साथ भी छेड़खानी की। जब शाम को पीड़िता के पिता घर लौटे, तो बच्चों ने उन्हें पूरी घटना बता दी। जिसके बाद मामला शहर के नगर चौकी पर पहुंचा था। लेकिन अभियुक्त के प्रभाव में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और सुलह-समझौता करा दिया। इसके बाद अभियुक्त ने पीड़िता के पिता को जान से मारने की धमकी दी। कुछ दिनों बाद पीड़िता के पिता की संदिग्ध परिस्थिति में तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद मामले में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पांच सितंबर 2023 को राही मासूम रज़ा के विरुद्ध दुष्कर्म, हत्या और अनुसूचित जाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित के घर में किराएदार रहे भटनी, देवरिया निवासी पुलिसकर्मी आबिद अली और बिस्मिल नगर, महराजगंज निवासी गुड्डू शाह उर्फ मुमताज अली को भी पीड़िता को प्रलोभन देकर साक्ष्य मिटाने का दोषी पाया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार सिंह ने पीड़िता के बयान, गवाहों की गवाही और अभिलेखीय साक्ष्यों को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## फैसल एकेडमी ने स्टार बेकर्स इलेवन को छह रन से दी मात

देवरिया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में आयोजित देवरिया क्रिकेट लीग में रविवार को खेले गए लीग मैच में फैसल एकेडमी गौरी बाजार ने स्टार बेकर्स इलेवन देवरिया को छह रन से हराकर दो अंकों की बढ़त हासिल की। बल्ले व गेंद से बेहतर प्रदर्शन कर जीत में अहम योगदान देने वाले गौरीबाजार के विशाल निषाद को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 01.04.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 02402025 dated 08.03.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 47-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर (प्रथम) सुलतानपुर के तहत सुलतानपुर-उतरेटियॉ सेक्शन में समपार सं.-87, 91, 110, 111, 112, 113, 114, 122, 126, 130, 132, 134, 155, 160, 164 एवं 169 पर बने एलएचएस में सुधारात्मक कार्य जैसे जोड़ों पर दबाव ग्राउटिंग द्वारा सील बन्द करना सैम्पवेल की सफाई, रिटेनिंग वाल को ऊचा करना, एप्रोच पर सेड का विस्तार, पीपीसी का कार्य और जल भराव को रोकने के लिए अन्य कार्य का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 32258216.97 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 311300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 18.03.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01.04.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 750/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पुतला दहनकर विश्व हिंदू महासंघ ने जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अबू आजमी का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया।
जानकारी के अनुसार 10 मार्च को विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष चौधरी विजय सिंह एवं गंगा शर्मा कौशिक प्रदेश अध्यक्ष सोशल मीडिया के संयुक्त नेतृत्व में अबू आजमी का पुतला फूंका। विश्व हिंदू महासंघ जिला कार्यालय के सामने पुतला फूंका। जिला अध्यक्ष चौधरी विजय सिंह ने कहा सुल्तान औरंगजेब को महान बताने वाला अबू आजमी जो कि भारतवर्ष में सबसे क्रूर शासक था उसने महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना की जिसका विश्व हिंदू महासंघ परिवार बलरामपुर कड़ी निंदा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि ऐसा शासक औरंगजेब जो अपने भाइयों की हत्या करता है अपने पिता को जेल में डालता है वह महान कैसे हो सकता है। मंडल प्रभारी सुंदर बाबू सिंह ने बताया कि अबू आजमी औरंगजेब को महान बता रहा है, लेकिन औरंगजेब दुर्दांत आक्रांता था। औरंगजेब ने तमाम हिंदू मंदिरों को तोड़ते हुए हिंदुवों के साथ बहुत बड़ा अत्याचार किया। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ परिवार बलरामपुर की तरफ से हम मांग करते हैं कि भारत की नागरिकता समाप्त करके इसके साथ कठोर से कठोर कार्रवाई किया जाए।
इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सोशल मीडिया गंगा शर्मा कौशिक, बाबू मंडल प्रभारी सुंदर बाबू सिंह, जिला अध्यक्ष चौधरी विजय सिंह, जिला अध्यक्ष मातृशक्ति प्रकोष्ठ सुनीता तिवारी, मीडिया प्रभारी राजेश प्रताप सिंह बबलू, महामंत्री जगदंबा प्रसाद तिवारी, जय सिंह, जिला मीडिया उपाध्यक्ष सुग्रीव कश्यप, जिला मंत्री दीपक श्रीवास्तव, शैलेंद्र शर्मा, अभिषेक सिंह, सोनू राजपूत, सत्य प्रकाश जायसवाल, राम अशोक जायसवाल, विष्णु प्रसाद द्विवेदी, अजय तिवारी, पंडित राम अचल, नान बाबू चौरसिया व गुड्डू सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# आगरा में देश के प्रख्यात जादूगरों का जमघट

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



आगामी 1 अप्रैल 2025 को भारत वर्ष के ख्यात प्राप्त जादूगरों का जमघट जादूगर ओपी शर्मा स्मृति सम्मान समारोह में होने जा रहा है जिसमें बंगाल महाराष्ट्र मध्य प्रदेश राजस्थान पंजाब उत्तराखंड बिहार उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों के विख्यात जादूगर भाग ले रहे हैं, यह कार्यक्रम जीनियस वर्ल्ड रिकॉर्ड, दिव्य आत्म ज्ञान फाउंडेशन ,और जादूगर ओपी शर्मा स्मृति सम्मान समारोह समिति, के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में जादू कला के उत्थान के लिए प्रख्यात जादूगर अपने विचार व्यक्त करेंगे, और प्रख्यात जादूगर स्व ओपी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे एवं जादू के क्षेत्र में किए गए नए-नए आविष्कारों के संबंध में बताएंगे, आजकल यूट्यूब और सोशल मीडिया पर बहुत सारे जादू सीक्रेट उपलब्ध है, इस कला को बर्बाद होने से रोकने के लिए एक ज्ञापन तैयार कर भारत सरकार को भी दिया जाएगा तथा इस कला को ललित कला की श्रेणी मान्यता मिले ,इसके लिए क्या करना चाहिए इस पर विचार होगा एक रंगारंग शो भी होगा जिसमें सभी जादूगर एक से दो ट्रिक दिखाएंगे। यह कार्यक्रम लक्ष्मी वाटिका फिरोजाबाद रोड पर दोपहर 1:00 बजे से शुरू होगा, कार्यक्रम में भाग लेने वाले मुख्य जादूगरों में जादूगर ओ पी शर्मा जूनियर, जादूगर शिव कुमार राजस्थान, जादूगर राजकुमार दिल्ली, जादूगर देवाशीष मंडल उत्तराखंड, जादूगर राय अजमेर, जादूगर मोगाम्बो पंजाब, जादूगर एस कुमार सतेंद्र जयपुर, जादूगर हर्षद मुंबई, जादूगर एम के गोगा बिहार, जादूगर गौरव सम्राट हरियाणा, जादूगर मुरली मंडल बंगाल, जादूगर कुमार कुलदीप गाजियाबाद, जादूगर संतोष आडवाणी एम.पी. मेंटलिस्ट जादूगर हरीश यादव, जादूगर पत्रकार भंवर तलायचा के अलावा अन्य बहुत से जादूगर आ रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक जादूगर अखिलेश जैसवाल और मुख्य अतिथि श्रीनिवास गुप्ता ठाकुर जी हैं।

# महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण की नई पहल



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद में शनिवार को विश्व महिला दिवस के अवसर पर उत्कर्ष महिला कल्याण सेवा संस्थान, आदर्श मानव समाज सेवा संस्थान और नव्या ग्रीन फाउंडेशन के संयुक्त बैनर तले ग्राम चहोड़ा शाहपुर पंचायत भवन में नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान चहोड़ा शाहपुर और विशिष्ट अतिथि महिला उपनिरीक्षक रजनी एवं पूजा बर्मा (कोतवाली आलापुर) ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। ए.एन.एम आशा भारती ने संस्थान की सराहना करते हुए सभी से सामाजिक कार्यों में योगदान देने की अपील की।
संस्थान की सचिव कुमारी पूनम और प्रेम कुमारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की आत्मरक्षा से आत्मनिर्भरता तक की यात्रा पर गहन चर्चा हुई। समापन के दौरान महिलाओं में सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया, जिससे मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़े। इस अवसर पर नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज मौर्य, समाजसेवी रमेश मौर्य, रविंद्र कुमार और संस्थान के मीडिया प्रभारी सुनील कुमार गौड़ भी उपस्थित रहे।

# आगामी त्योहारों को लेकर जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद में आगामी होली पर्व एवं रमजान माह को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में जनपद स्तरीय केंद्रीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।
इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों को आगामी पर्वों की अग्रिम बधाई देते हुए सभी पर्वों को सामाजिक समरसता, सौहार्द एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाए जाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित धर्मगुरुओं द्वारा आगामी समस्त पर्वों को गंगा जमुनी तहजीब के साथ मनाने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत तहसीलवार एवं थानेवार समस्त उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं धर्म गुरुओं/गणमान्य नागरिकों से एक एक करके अपने-अपने क्षेत्र की तैयारियो से अवगत कराया गया कि सभी तहसीलों में धर्म गुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर ली गई है। सभी एसडीएम एवं सीओ द्वारा अवगत कराया गया कि सभी होलिका दहन स्थलों एवं जुलूस मार्गो का भौतिक निरीक्षण कर लिया गया है समस्त स्थलों पर ड्यूटियां लगाई जा चुकी हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने ऐसे होलिका दहन स्थल जो सघन आबादी क्षेत्र में हैं वहां विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। होलिका दहन स्थलों के ऊपर से विद्युत तारों अथवा ट्रांसफार्मर आदि के दृष्टिगत सुरक्षा एवं सतर्कता के इंतजाम सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। ऐसे स्थानों से आवश्यकतानुसार विद्युत तारों को हटाने, जुलूस मार्गो एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर विद्युत पोलों पर सुरक्षा हेतु प्लास्टिक लपेटने, ढीले तारों को टाइट करने के भी निर्देश दिए। ऐसे स्थल जहां विवाद की संभावना है वहां पर संबंधित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को स्वयं भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कहीं पर शांति व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था



बिगड़ती है तो संबंधित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी जिम्मेदार होंगे। जिला पंचायती राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को साफ सफाई व्यवस्था को उच्च स्तर का रखने तथा अधिशासी अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था एवं आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने त्योहार के सीजन को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम हेतु प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने। मिलावटी रंग एवं गुलाल के बेचने पर रोकथाम लगाने के कड़े निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी को प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने तथा समस्त आबकारी टीमों को क्रियाशील कर अभियान चलाने की निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील एवं जनपद स्तर के कंट्रोल रूमों को भी सक्रिय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज की फिजा खराब करने का प्रयास करने वालों पर कठोरता करवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जुलूस मार्ग से लेकर समस्त प्रमुख आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी के साथ-साथ ड्रोन कैमरे से एक एक व्यक्ति पर पैनी नजर रखी जाएगी। संपूर्ण जनपद में एलआईयू की टीम सक्रिय है। केंद्रीय शांति सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित धर्म गुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों से उनके क्षेत्र से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को एक-एक करके सुना गया तथा उनके तुरंत समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक में आगामी त्योहार के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, साथ ही मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखें, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें।

# सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 गणित विषय की परीक्षा आयोजित



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में सोमवारको सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित कक्षा 10 के गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई।
जानकारी के अनुसार 10 मार्च को सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की पूर्व प्रस्तावित परिषदीय (बोर्ड) परीक्षाओं के अंतर्गत कक्षा 10 की गणित बेसिक व गणित स्टैंडर्ड विषय की परीक्षा संपन्न हुई। कक्षा 10, गणित बेसिक (241) की परीक्षा में कुल 235 परीक्षार्थियों मे से 234 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। जबकि गणित स्टैंडर्ड (041) में 127 परीक्षार्थियों में से 125 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। गणित स्टैंडर्ड में दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराई गई।

# पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल सीमा पर किया पैदल गस्त

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में सोमवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नेपाल के सीमावर्ती थानों की पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में शांति सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिगत इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में पैदल गस्त किया गया।
जानकारी के अनुसार 10 मार्च को आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद में शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखनें हेतु पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में नेपाल राष्ट्र के सीमावर्ती थानों की पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया। इस दौरान बार्डर एरिया से सटे गाँवों में निरन्तर पैदल गस्त कर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग की। साथ ही इण्डो नेपाल बार्डर पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व सम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थो की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान तथा अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें मे बताया जा रहा है, जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। पुलिस टीम द्वारा एसएसबी के साथ पैदल गस्त के दौरान नेपाल बॉर्डर से सटे गांव का भ्रमण कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तथा बताया गया कि शान्ति और कानून व्यवस्था बनाये रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पत्रकार हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के पत्रकारों में जनपद सीतापुर में पत्रकार साथी राघवेंद्र वाजपेई की निर्मम हत्या के बात आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को प्रकारों ने लोकसभा करके मृतक पत्रकार की आत्मा शांति तथा शोकाकुल परिवार के सान्त्वना हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। जानकारी के अनुसार 10 मार्च को पत्रकार की हत्या के विरोध में जनपद के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। दैनिक जागरण कार्यालय पर दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की जघन्य हत्या के विरोध में बलरामपुर के पत्रकारों में भी रोष व्याप्त है। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि इस घटना में शामिल दोषियों पर कठोरतम कार्यवाही की जाए। पीड़ित परिवार को सुरक्षा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और एक करोड रुपए का मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है।

# सड़क चौड़ीकरण का देवीपाटन मंदिर महंत व विधायक ने किया भूमि पूजन



**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर के पिपरहवा चौराहे से नंदमहारा तक के सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण के कार्य का भूमि पूजन सोमवार को देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी, क्षेत्रीय भाजपा विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने नारियल फोड़ कर पूजा हवन के साथ किया। क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने 10 मार्च को भूमि पूजन के उपरांत बताया कि मार्ग के चौड़ीकरण से नंदमहरा जाने के लिए ग्रामवासियों को अब दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा । बेहद जर्जर सकरा सड़क राहगीरों के लिए काफी कष्ट दायक साबित हो रहा था। तुलसीपुर हरैया मार्ग पर पिपरहवा चौराहे से नंदमहारा तक 15 किलोमीटर से अधिक की सड़क का निर्माण व चौड़ीकरण का कार्य होना है ।देवीपाटन मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के लिए ग्रामीण क्षेत्र का विकास प्राथमिकता पर है । उनके प्रयास से ही ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का चौड़ीकरण तथा नवीनीकरण कराया जा रहा है। पिपरहवा नंदमहारा सड़क के चौड़ीकरण होने से इस क्षेत्र के लोगों को आने जाने में सहूलियत के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी मदद मिलेगी । इस अवसर पर मंदिर सेवादार अरुण गुप्ता, विजय सिंह, रितेश द्विवेदी, राम प्रसाद सिंह, मनीष त्रिपाठी, संतोष गुप्ता, अनूप गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विश्राम सिंह, मंडल अध्यक्ष महंत राम गुप्ता, बृज गोपाल पांडे, विजय प्रताप सोनी व ठेकेदार रूपेश ओझा उपस्थित रहे।

## हाइपरटेंशन है किडनी रोग का प्रमुख कारण

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** हाइपरटेंशन, जिसे आमतौर पर उच्च रक्तचाप के रूप में जाना जाता है, दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है। आमतौर पर, हाइपरटेंशन को हृदय रोग और स्ट्रोक से जोड़ा जाता है, लेकिन कई लोग इसके किडनी स्वास्थ्य पर प्रभाव को नजरअंदाज कर देते हैं। अनियंत्रित रक्तचाप धीरे-धीरे किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) और अंतत: किडनी फेल्योर हो सकता है।
लंबे समय तक उच्च रक्तचाप किडनी में मौजूद छोटी रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे वे विषाक्त पदार्थों और अतिरिक्त तरल पदार्थों को प्रभावी रूप से फ़िल्टर नहीं कर पातीं। इससे किडनी की कार्यक्षमता कम हो जाती है और शरीर में विषाक्त पदार्थों के जमा होने के कारण जटिलताएं बढ़ सकती हैं। इसके अलावा, क्षतिग्रस्त ग्लोमेरुली के कारण मूत्र में प्रोटीन का रिसाव हो सकता है, जिससे किडनी का स्वास्थ्य और बिगड़ सकता है। गंभीर मामलों में, बिना इलाज के हाइपरटेंशन रक्त वाहिकाओं को पूरी तरह नष्ट कर सकता है, जिससे अपरिवर्तनीय किडनी क्षति या अंतिम चरण की किडनी बीमारी (एंड-स्टेज किडनी डिजीज) हो सकती है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पांचवें दिन निकली जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पांचवें दिन जागरूकता रैली निकालकर सरकार की योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।
जानकारी के अनुसार 10 मार्च 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के ईकाई एक दो तीन द्वारा 6 मार्च से उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगाडीह मे आयोजित किए जा रहे सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन का कार्यक्रम दो सत्रों मे आयोजित किया गया। साथ ही ईकाई चार के पांचवे दिन का कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय मुसीबत पुरवा बलरामपुर मे आयोजित किया गया। ईकाई एक दो तथा तीन के पांचवे दिन के कार्यक्रम के प्रथम सत्र का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के ईकाई एक दो तीन तथा चार के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आलोक शुक्ल , डॉ रमेश शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट के नेतृत्व मे एक जागरूकता रैली गंगाडीह, मुसीबत पुरवा, सौबत पुरबा व बंजारनडीह गांवो मे निकाली गई। इसमे साक्षरता, आर्गेनिक फार्मिंग, किसान क्रेडिट कार्ड, कौशल विकास, तथा ग्रामीण विकास से संबधित विभिन्न प्रकार के सरकारी योजनाओं के विषय मे जागरूकता का प्रचार ग्रामीण क्षेत्रों मे किया गया। साथ ही स्वयसेवक तथा स्वयंसेवीकाओ द्वारा ग्रामीण क्षेत्र का सर्वे कर उस रिपोर्ट को शिविर मे प्रस्तुत किया गया।
आज के कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का विषय था जल संरक्षण का हमारे जीवन मे महत्व। इसमे ईकाई एक, दो तथा तीन के द्वितीय सत्र के मुख्य गायत्री विद्यापीठ रिसिया बहराइच के प्राचार्य प्रो डी डी तिवारी थे। विशिष्ट अतिथि डॉ शकुंतला तथा मणिका मिश्रा थी। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ आलोक शुक्ल, डॉ रमेश शुक्ल तथा डॉ अनामिका सिंह ने परम्परागत ढंग से किया। अपने सम्बोधन मे मुख्य अतिथि प्रो तिवारी ने कहा कि भारत की प्राचीन सनातन पद्धति एक वैज्ञानिक पद्धति है। उन्होने जल संरक्षण के वर्तमान जीवन मे महत्व विषय पर अपने विचार संक्षेप में प्रस्तुत किए। उन्होने हाइडोलोजिकल साइकल के बारे मे संक्षेप मे बतलाया। उन्होने कहा कि शुद्ध पेय जल का अभाव विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या का कारण बनता है। साथ ही जल संरक्षण का ईकाई एक दो तथा तीन मे जल संरक्षण का हमारे जीवन में महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ आलोक शुक्ल ने दिया। ईकाई चार मे डॉ ओमप्रकाश सिंह मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल थे। ईकाई चार के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जितेन्द्र भट्ट ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का कार्यक्रम मे परंपरागत ढंग से स्वागत किया। अतिथि के रूप मे डॉ आशीष लाल, डॉ मणिका मिश्र, डॉ शकुंतला सिंह, डॉ एस एन सिंह मौजूद थे। साथ ही डॉ प्रखर त्रिपाठी, डॉ ए के दिक्षित, डॉ के पी मिश्रा, डॉ अभय नाथ ठाकुर, डॉ सुधा आदि भी कार्यक्रम मे उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# हिंदूवादी संगठन के जिलाध्यक्ष की एसडीएम कोर्ट से जमानत के विरोध में हंगामा





- पुलिस पर कार्रवाई में मनमानी का आरोप, एसडीएम कोर्ट का घेराव, शांति व्यवस्था को लेकर तहसील में तैनात रहा भारी पुलिस बल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

होटल संचालक से गाली गलौज और धमकाने के मामले में हिंदू वादी संगठन के जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद एसडीएम कोर्ट के लिए चालान किया गया।जमानत देने की जानकारी लगते ही तहसील पंहुचे सिख समुदाय के लोगों ने एसडीएम कोर्ट का घेराव किया। आरोपित को जेल भेजने की मांग करने लगे। पुलिस पर मनमानी कार्रवाई का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस से तीखी नोंकझोंक हुई। जमानत के दौरान तहसील में भारी पुलिस बल तैनात रहा। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव खानपुर चुकटिहाई निवासी गुरनाम सिंह ने भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा के विरुद्ध प्राथमिकी लिखाई थी। आरोप था कि शुक्रवार रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने फोन कर एक होटल में खाना भेजने का आर्डर किया। इस पर उसने घर होने की बात कह कर खाना भेजने में असमर्थता जताई। आरोप था कि गाली गलौज कर धमकाया गया। सिख समुदाय के केश की बे-अदबी की गई। काल रिकार्डिंग की पेन ड्राइव भी पुलिस को सौंपी गई थी।चार दिन बाद भी आरोपित की गिरफ्तारी न होने से समुदाय के लोगों में रोष पनपने लगा। विरोध में सोमवार को सिख समुदाय की ओर से नगर के ब्लाक रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में बैठक की गई। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस भी गंभीर हो गई। बैठक की सूचना मिलते ही सोमवार पुलिस ने आरोपित संजय मिश्रा को गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट के लिए चालान कर दिया। कोर्ट में जमानत की प्रक्रिया चल रही थी। जानकारी पर गुरुद्वारा में बैठक कर रहे सिख समुदाय के सैकड़ो लोग तहसील पंहुच गए। एसडीएम कोर्ट का घेराव कर लिया। जमानत देने का विरोध कर जेल भेजने की मांग पर अड गए। इंस्पेक्टर नरेश कुमार त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। सिख समुदाय के लोगों ने एसडीएम कोर्ट के अन्दर घुसने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। सिख समुदाय के लोगों ने पुलिस पर मनमानी कार्रवाई करने और आरोपित को संरक्षण देने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया।

### गुरुद्वारा में बैठक कर तय की रणनीति

हिंदू वादी संगठन के जिलाध्यक्ष द्वारा केश की बे-अदबी को लेकर सिख समुदाय के लोगों में भारी रोष है ।सोमवार ब्लॉक रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में समुदाय के लोगों ने बैठक की ।आरोप लगाया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर धाराएं नहीं लगाई। आरोपित को संरक्षण देने का काम किया गया है। पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत करने की बात कही गई।

मामला दो समुदायों का होने के कारण तहसील में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।इसके बाद सिख समुदाय के लोगों ने एसडीएम वार्ता की।

# यूपी बोर्ड परीक्षा, डीएम के कड़े तेवर ने नकल माफियाओं पर लगाई नकेल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट 2025 की परीक्षा में शिक्षा माफियाओं के खिलाफ लिए गए कड़े फैसले ने इस बार अपना असर खूब दिखाया।

पड़ोसी जनपद आजमगढ़ के गंभीरपुर थाना क्षेत्र में जहां बड़े पैमाने पर पैसे लेकर उत्तर पुस्तिकाएं लिखने का खुलासा हुआ। स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य और साल्वर बैठाकर प्रश्न पत्र हल कराने वाले नकल माफिया जेल तक गए।

लेकिन जौनपुर जैसे शिक्षा माफियाओं के गढ़ में इस बार परिंदा भी पर नहीं मार सका ।

इसका मुख्य श्रेय जिला प्रशासन की सख्ती बताई जा रही है। क्योंकि परीक्षा शुरू होने से दो दिन पूर्व ही डीम दिनेश चंद्र ने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक में कड़ा तेवर दिखाते हुए सख्त निर्देश दिया था कि जिस भी केंद्र पर नकल की शिकायत मिलेगी वह जेल जाएगा।

24 फरवरी से दो पालियों में शुरू हुई यूपी बोर्ड हाई स्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा अब समाप्त होने के कगार पर है। महज दो दिन 11 और 12 मार्च को परीक्षा होनी अभी बाकी है।

प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा में नकल रोकने के लिए जिला प्रशासन ने इस बार बेहद ही कड़े इंतजाम किए थे। क्योंकि बीते वर्ष इसी जिले में शहर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियापुर स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस में छापेमारी करके यूपी बोर्ड की डुप्लीकेट उत्तर पुस्तिकाएं छापने का बड़ा खुलासा किया था। पुलिस ने इस मामले में उत्तर पुस्तिकाओं का ऑर्डर देने वाले प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक व प्रिंटिंग प्रेस मालिक जेल जा चुके हैं। उस दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन डिप्टी सीएम व माध्यमिक शिक्षा मंत्री डॉ दिनेश शर्मा यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान खुद जौनपुर में छापेमारी करने के लिए आए थे। इस बार नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए परीक्षा कंट्रोल रूम प्रभारी ब्रह्मजीत यादव के नेतृत्व में उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। जिससे परीक्षार्थियों और परीक्षा प्रशासन दोनों को कोई कठिनाई नहीं हुई। ब्रह्मजीत यादव के निर्देशन में जिले में परीक्षा के दौरान पारदर्शिता, नकलविहीन परीक्षा और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए सात सचल दल की टीम बनाई गई है।

कंट्रोल रूम के प्रभारी ने बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने से पहले सचल दल की टीम को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भेजने के साथ ही उनकी क्रास चेकिंग भी कराई जाती थी। सोमवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल के चित्रकला विषय में कुल 59186 पंजीकृत छात्र/छात्राओं में 55598 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे, और 3588 छात्र/छात्राएं अनुपस्थित पाए गए। ब्राह्मजीत यादव ने बताया कि, हमारा मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्रों को एक तनावमुक्त और सुरक्षित परीक्षा माहौल मिले। हमें खुशी है कि हम इसे पूरी तरह से सफलतापूर्वक पूर्ण कर पाए। कंट्रोल रूम में मुख्य रूप से विनय कुमार यादव,सुनील विश्वकर्मा, सरिता विमल संतोष गुप्ता, ऋतु चौबे, विकास साहू, इंदु यादव, सहित अन्य शिक्षक /शिक्षिकाएं उपस्थित

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में पूरनपुर के पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

- श्रम जीवी पत्रकार यूनियन ने हत्यारोपियों का एंनकाउंटर कराने की उठाई मांग
- पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिलाएं जाने की मांग



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में पूरनपुर के पत्रकारों ने सीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस ज्ञापन में पत्रकारों ने हत्यारोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। पत्रकारों ने कहा कि यह घटना उनके पेशेवर सुरक्षा पर सवाल खड़ा करती है और सरकार से मांग की कि ऐसे मामलों में तुरंत सख्त कानूनन कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश श्रम जीवी पत्रकार यूनियन पीलीभीत के जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह के नेतृत्व में पूरनपुर इकाई के तहसील अध्यक्ष रामकरण शर्मा ने संगठन के तमाम पत्रकारों के साथ तहसील पहुंचकर सीतापुर में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन में बताया है कि सीतापुर जिले में पत्रकार साथी राघवेन्द्र वाजपेयी की बेखौफ दबंगों ने दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। उनका कसूर इतना था कि राघवेन्द्र वाजपेयी घोटाले, दवंगों की करतूतों को उजागर कर रहे थे। कानून व्यवस्थ सुदृढ करने वाली आपकी सरकार में इस तरह पत्रकार का मारा जाना अराजकता को उजागर करता है। पत्रकार की हत्या से प्रदेश भर के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। संगठन की तरफ से हत्यारोपियों का एनकाउंटर किए जाने के साथ पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू किया जाए। इसके साथ पत्रकारों के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए कानून बनाया जाएं। तथा पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की हत्या की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया जाए। जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज द्वारा की जाए। मांग है कि इन जायज मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो जिले में पत्रकारों द्वारा व्यापक आन्दोलन शुरू किया जाएगा। पत्रकारों ने जिला प्रशासन से यह भी मांग की कि पत्रकारों के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित किया जाए और उनके खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा, दबाव या उत्पीड़न पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, पत्रकारों को सुरक्षा देने के लिए प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि पत्रकार स्वतंत्र रूप से बिना किसी डर के अपना कार्य कर सकें। इस मौके पर शैलेन्द्र शर्मा, अकील अहमद, मुकेश तिवारी, विकास सिंह, प्रशांत शर्मा, सद्दाम, इजहार खांन, दिनेश कुमार, वेदप्रकाश, फैजान, छुन्न खां, मीनू बरकाती, अरविन्द मिश्रा सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# पूरनपुर के युवराज ने स्टेट लेवल की बॉडी बिल्डिंग कंपटीशन में जीता गोल्ड मेडल



- बहेड़ी में आयोतिज स्टेट लेवल प्रतियोगिता में पूरनपुर का नाम किया रोशन
- मेडल जीतकर वापस लौटे युवराज का नेकी की दीवार ने किया जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

स्टेट लेवल की बॉडी बिलिडंग प्रतियोगिता में पूरनपुर के गांव मकरंदपुर के रहने वाले युवराज ने 75 किलो भार में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता है। उनकी इस सफलता से परिजनों और नगर के लोगों में खुशी की लहर है। गोल्ड मेडल के साथ घर वापसी पर नेकी की दीवार संस्था ने युवराज का जोरदार स्वागत किया।

पूरनपुर क्षेत्र के हरसिंहपुर के पास पास स्थित गांव मकरंदपुर के रहने वाले रंजीत सिंह के पुत्र युवराज सिंह बॉडी बिल्डर खिलाड़ी हैं। वह अनेक मेडल जीतकर परिजनों और पूरनपुर का नाम रोशन कर चुके है। इसी क्रम में उन्होंने एक बार फिर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों बहेड़ी में बॉडी बिल्डिंग फिटरेशन द्वारा प्रतियोगिता कराई गई जिसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सौ से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को पछाड़कर 75 किलो वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतकर परिवार और पूरनपुर का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 27 फरवरी को रामपुर में आयोजित प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता था। उनका कहना है कि जिले के युवा अन्य खेलों की तरह बॉडी बिल्डिंग को भी अहमियत दें और मेडल जीतकर नाम रोशन करें। नकी की दीवार संस्था के गुरमेल सिंह ने बताया कि युवराज ने गोल्ड मेडल जीतकर नगर का नाम रोशन किया है। संस्था की टीम द्वारा बॉडी बिल्डर खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर टीम के तमाम लोग मौजूद रहे।

### बालिकाओं को सशक्त बनाने का साधन है योग: कृष्ण मोहन यादव

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।**

गौराबादशाहपुर। जिले के धर्मापुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव द्वारा बताया गया की योग स्व अनुशासन के मूल स्रोत में है और नियमित और निरन्तर इसके क्रियात्मक और सैद्धांतिक पक्षों का अभ्यास करके बालिकाएं हर तरह से खुद को सक्षम बनाते हुए सशक्त बन सकती हैं। योग के क्रियात्मक और सैद्धांतिक पक्षों का प्रशिक्षण देते हुए पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति के द्वारा बताया गया की योगाभ्यास सर्वोत्तम स्वास्थ्य के लिए एक वरदान है और बिना इसका अभ्यास किये कोई भी व्यक्ति पूर्णतः स्वस्थ हो ही नहीं सकता है। मनुष्य के अंतःस्रावी ग्रन्थियों से स्वस्थ रहनें के अधिकतम हार्मोन्स योगाभ्यास के दौरान ही बनते हैं इसलिए हर अवस्था के लोगों को नियमित और निरन्तर योगाभ्यास को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। बच्चों में बढ़ रहे हार्मोनल असंतुलन को भी प्राणायामों के माध्यम से पूर्णतः संतुलित किया जा सकता है। भ्रामरी और उद्गीथ प्राणायामों का अभ्यास बच्चों के मानसिक संतुलन के लिए अति आवश्यक होता है।

# दीवार तोड़ने का विरोध करने पर घर में घुसे आरोपियों ने की मारपीट

- पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 12 आरोपितों के विरुद्ध लिखी प्राथमिकी



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

दीवार तोड़ने का विरोध करने पर घर में घुसे आरोपितों ने तोड़फोड़ कर मारपीट की। गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जेवर और मोबाइल भी छीन लिया। पुलिस ने 12 आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखकर जांच शुरू की है। नगर के मोहल्ला खानका निवासी रुखसार ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी जगह में दीवार बनाई थी। आरोप है कि 29 अगस्त 2024 आरोपित गुलशेर, नौशाद, नाजमी, मिम्बर ने एक राय होकर दीवार को तोड दिया। विरोध करने पर मारपीट की। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए। 31 अगस्त 2024 की शाम छह बजे आरोपितों के रिश्तेदार बली शेर, मोहसीन, रिजवान, साहिल, खातून, नाजमा, सायवा निवासी मोहल्ला रंगरेजान मछली मंडी थाना पलिया, को बुला लिया। कार से आए आरोपित जबरन घर में घुस आए। तोड़-फोड़ कर जमकर उत्पाद मचाया। विरोध पर जमकर मारपीट की। बीच-बचाव करने आई बहन उजमा नजमा बा नगमा के साथ भी मारपीट की। उजमा के पुत्र रहमान को डंडों से बेरहमी से मारा पीटा इससे उसे गंभीर चोटें आई। मारपीट में उजमा भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे गंभीर हालत में पूरनपुर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आरोपितों ने नजमा के जेवर और मोबाइल फोन भी छीन लिया। रास्ते से गुजर रहे लोगों के को आता देख आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए ।मामले की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 12 आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है। पुलिस ने बताया की विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यपाल से सम्मानित हुई प्रतिभा सिंह

## आंगनबाड़ी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिला सम्मान



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

खुटहन जहां चाह, वहां राह उक्ति को बखूबी चरितार्थ किया है आंगनबाड़ी कार्यकर्ती प्रतिभा सिंह ने। इन्होंने अपनी दृढ़इच्छा शक्ति, लगन व नवाचार के माध्यम से बड़नपुर आंगनबाड़ी केंद्र को एक आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है। इस उत्कृष्ट कार्य व प्रबन्धन हेतु महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्हें राजभवन लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया। वापस घर आने पर क्षेत्रवासियों ने प्रतिभा को बधाई व शुभकामना संदेश प्रेषित किया।

- महिला दिवस के अवसर पर उन्हें राजभवन लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया

### वेतन खर्च कर जुटाए संसाधन

नैतिकता की प्रेरणा लेकर प्रतिभा सिंह ने सरकारी धन के अलावा अपना वेतन खर्च कर आंगनबाड़ी केंद्र में नौनिहालों के लिये कुर्सी, बेंच, टेबल, स्वच्छ जल के लिए आरो, साउंड सिस्टम, वाद्य यंत्र, एलईडी टेलीविजन,फैन, खिलौने तथा अन्य साज सज्जा हेतु सामग्री समेत तमाम संसाधन जुटा लिए। जिससे बच्चों को पढ़ने में सहूलियत महसूस हो रही है।

### अभिभावकों से बनाया बेहतर तालमेल

समाज मे बदलाव की चाहत हो तो रास्ते खुद ही निकल आते है। प्रतिभा सिंह ने अपनी मातृत्व कुशलता की बदौलत केंद्र के पढ़ने वाले नौनिहालों को अपना बना लिया है। उनके अभिभावकों से भी सम्पर्क साधकर उन्हें बच्चों की शिक्षा के प्रति प्रेरित करती रहती है।

### मुख्यमंत्री से भी मिला है सम्मान

सकारात्मक सोच की धनी प्रतिभा सिंह को वर्ष 2020 में लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया था। इससे पूर्व पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में भी राज्यपाल ने उन्हें उनके अच्छे कार्यो की वजह से सम्मानित किया था। इसके अलावा इनको प्रशासनिक स्तर पर डीएम व बीईओ द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या पर पत्रकारों में आक्रोश, डीएम को सौंपा ज्ञापन





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

सीतापुर जिले के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना ने प्रदेशभर के पत्रकारों में आक्रोश भर दिया है। उनकी हत्या उन घोटालेबाजों और दबंगों ने की, जिनकी करतूतों को वे उजागर कर रहे थे। इस घटना के विरोध में सोमवार को उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के बैनर तले पत्रकारों ने जिलाधिकारी संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

पत्रकारों ने प्रदेश में पत्रकारों की बढ़ती हत्याओं और उत्पीड़न की घटनाओं को देखते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। इसके साथ ही पत्रकारों से अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए विशेष कानून बनाने की अपील की गई। पत्रकारों को शस्त्र लाइसेंस देने के लिए विशेष कोटा निर्धारित करने की मांग की गई, ताकि वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें।

### जिलाध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

यूनियन के जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह ने कहा कि यदि सरकार ने पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथी उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर सरकार से जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### ज्ञापन देने वाले प्रमुख पत्रकार

इस मौके पर उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह, करन देव शर्मा, तेजपाल वर्मा, पूरन सिंह, रिंटू वर्मा, सौरभ दीक्षित, रामनरेश शर्मा, जगन्नाथ, मुकेश कुमार, प्रसून, मयंक शर्मा, धर्मेंद्र सिंह चौहान, अंकित मिश्रा, रितेश वाजपेई, विक्रांत शर्मा, राजकुमार, महेश कुमार कौशल, पंकज सिंह, शिव कुमार, मुकुल शर्मा सहित सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।

### एनकाउंटर, आर्थिक सहायता और न्यायिक जांच की मांग पत्रकारों ने अपनी मांगों को रखते हुए कहा कि...

- हत्या में शामिल सभी अपराधियों का एनकाउंटर किया जाए।
- मृतक पत्रकार के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए।
- परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए।
- इस मामले की जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग से कराई जाए।

# ब्लॉक स्तरीय 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

खुटहन। स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रांगण में प्रधानाध्यापक एवं आंगनवाड़ी की ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विपुल कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया। इस दौरान प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय अशरफगढ़ के प्रधानाध्यापक द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। परिषदीय विद्यालयों एवं बाल वाटिका हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में एआरपी राजीव सिन्हा ने नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत रूप से चर्चा किया वहीं आरपी वेंकटेश्वर विश्वकर्मा ने प्री प्राइमरी की अवधारणा एवं उद्देश्य पर सभी लोगों को अवगत कराया को लोकेटेड आंगनबाड़ी केदो पर भौतिक संसाधनों एवं टीएम की उपयोगिता को लेकर संदीप यादव ने कहा की आंगनवाड़ी में बच्चे स्कूल आना सीखते हैं और आंगनबाड़ी से ही बच्चों को बेसिक चीज पता चलती हैं। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाएं की भी जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की सराहना करते हुए सुझाव दिया गया कि सभी आंगनबाड़ी व अध्यापक टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक बच्चों एवं अभिभावकों को परिषदीय विद्यालयों से जोड़ने का कार्य करें। इस दौरान प्रतिमा सिंह के कार्यों का उदाहरण बताते हुए शिक्षा और शिक्षण में बेहतरी कर सरकार की मंशा को पूर्ण कर निपुण विद्यालय बनाने का प्रयत्न करते रहें।

जिससे हमारा प्रदेश निपुण प्रदेश बन सके। इसके लिए हम पूरा सहयोग करने हेतु तैयार हैं। इस मौके पर पुरस्कार स्वरूप 60 बच्चों को स्टेशनरी किट प्रदान की गई। अंत में आए हुए समस्त अतिथियों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशिकांत यादव राजकुमार यादव अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ,मंत्री आलोक कुमार, मेवालाल, रामनारायण गुप्ता, वीरेंद्र बघेल, रामजी यादव, सर्वजीत यादव रमाकांत यादव जंग बहादुर यादव जयप्रकाश सिंह सुरेंद्र बहादुर सिंह रोहित सिंह राकेश सिंह सहित सैकड़ो शिक्षक आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका नोडल शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चंद्र उपाध्याय ने किया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के अग्रणी योद्धा ही असुरक्षित : आमिर

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



पत्रकारिता जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, आज उसी स्तंभ को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। खबरों की दुनिया में सच के लिए आवाज उठाने वाले पत्रकार आज खुद असुरक्षित हैं। सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की निर्मम हत्या ने न केवल पत्रकारिता जगत को झकझोर कर रख दिया, बल्कि पूरे समाज में भय और आक्रोश की लहर दौड़ा दी है। इस जघन्य घटना (हत्या) के विरोध में सोमवार को वरिष्ठ पत्रकार आमिर अली और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला के नेतृत्व में पत्रकारों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित आठ सूत्रीय मांगपत्र जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को सौंपा। इस ज्ञापन में दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की गई, साथ ही यह भी आग्रह किया गया कि मृतक पत्रकार के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की हत्या यह दर्शाती है कि अपराधी अब उन लोगों को भी निशाना बना रहे हैं, जो समाज के लिए निडर होकर सच सामने लाते हैं। वरिष्ठ पत्रकार मो. आमिर अली ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब किसी पत्रकार को अपनी कलम की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी हो। इससे पहले भी कई राज्यों में निर्भीक पत्रकारों की हत्या की खबरें सामने आती रही हैं।

आज पत्रकार केवल खबरें कवर करने तक ही सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के अग्रणी योद्धा बन चुके हैं। लेकिन सवाल यह है कि जब यही योद्धा असुरक्षित हैं, तो समाज के अन्य नागरिकों की सुरक्षा की क्या गारंटी है? ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला ने इस घटना के खिलाफ कड़े शब्दों में नाराजगी जाहिर की। उन्होंने साफ कहा कि यदि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

हिन्दी पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पाटेश्वरी प्रसाद ने कहा कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी के परिवार को न केवल मुआवजा दिया जाए, बल्कि उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाए, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। उ.प्र. हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी 'राजू भैया' ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पत्रकारों पर हमलों की संख्या में इजाफा हुआ है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में पत्रकारों की हत्याएं, धमकियां और हमले आम हो गए हैं। सरकार ने पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कई बार आश्वासन दिए हैं, लेकिन इन आश्वासनों का जमीनी हकीकत से कितना वास्ता है, यह घटनाएं खुद बयान करती हैं। एपजा के जिलाध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि समाज में सच लिखने और बोलने की कीमत बहुत अधिक हो गई है।

सरकारों को चाहिए कि वे पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कानून बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि पत्रकारों को किसी भी तरह की धमकी या हिंसा का सामना न करना पड़े। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ पत्रकार श्रुतिमान शुक्ला, रंजीत गुप्ता, शोभित शुक्ला, अलीम शेख, अंकित मिश्रा, मनीष सिंह, शिवम सिंह, राजकुमार सिंह, मुकेश मिश्रा, मोहम्मद उमैर, रणंजय शर्मा, सत्यनाराण गुप्ता, मोहम्मद अरशद, अशोक सैनी आदि कई पत्रकार मौजूद रहे।

# 51 हजार दीपों व एलईडी प्रकाश से जगमगाएगा पौराणिक धनोखर सरोवर

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



आरएसएस के सह विभाग प्रचारक अमरजीत ने कहा कि नव संवत्सर महोत्सव भारतीय समाज के गौरव का कार्यक्रम है। भारतीय नव वर्ष ऐतिहासिक घटनाओं के आनंद का उत्सव है। सह विभाग प्रचारक सोमवार को कोऑपरेटिव सभागार में नव संवत्सर महोत्सव की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित समन्वय बैठक में बोल रहे थे। कहा, दो दिवसीय महोत्सव में विविध कार्यक्रमों के जरिए सनातन संस्कृति व संस्कार को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया जाएगा। बताया कि 28 व 29 मार्च आयोजित होने वाले महोत्सव में समाज के सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। महोत्सव की शुरुआत 28 मार्च को जीआईसी ऑडिटोरियम से उत्सव यात्रा के रूप में होगी जिसमें हजारों युवाओं की टोली बाइक रैली के जरिए राष्ट्रवाद की अलख जगाएंगे। 29 मार्च को नागेश्वर नाथ मंदिर से मातृ शक्ति की भव्य पद यात्रा धनोखर चौराहा पहुंचेगी जहां पौराणिक धनोखर सरोवर को हजारों दीपक व एलईडी प्रकाश से सजाया जाएगा। उसी शाम भजन संध्या भी आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त नगर के मुख्य प्रवेश द्वारों के साथ सभी चौराहों को भव्य स्वरूप दिया जायेगा। संचालन जिला कार्यवाह सुधीर ने किया। महोत्सव समिति के संयोजक डॉक्टर सुजीत चतुर्वेदी ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला संघ चालक डॉक्टर आरएस गुप्ता, ललराम चौधरी, श्रीओम, अमन, इंद्रेश, प्रभात, एससी एसटी अयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, रामनाथ मौर्य, संतोष सिंह, मनीष परिहार, परितोष, आशुतोष सिंह, पंकज गुप्ता, आशीष सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, विजय आनंद बाजपेई, संदीप गुप्ता, शील रत्न मिहिर, श्रवण सिंह, शैलेन्द्र, विजय मौजूद रहे।

# पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पूरा में कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग कार्यशाला का एबीएसए ने किया उद्घाटन





**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर विकासखंड के चयनित पी.एम.श्री कंपोजिट विद्यालय पूरा में सुरजीत कुमार सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के संरक्षण एवं रवि कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी के दिशानिर्देशन में कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं को भविष्य निर्माण हेतु विभिन्न क्षेत्रों में उत्तम करियर निर्माण के लिए उनकी रुचि जानते हुए सही दिशा निर्देशन प्रदान करना रहा। 400 छात्र संख्या वाले इस विद्यालय के बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार कैरियर चयन हेतु हस्त निर्मित टी. एल. एम. की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि अंशुल बाजपेई (जिला मीडिया प्रभारी), हरिनाथ सिंह (ब्यूरो चीफ बिल्हौर), अभिजीत सिंह (ग्राम प्रधान), मार्शल जी, देवनारायण यादव एवं खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने बच्चों को विभिन्न क्षेत्र में कैरियर निर्माण हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात आदित्य द्विवेदी (प्र.अ) ने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय से हस्ब्स्- परीक्षा में चयनित देवा, उत्कर्ष, नैना और रौनक चार बच्चों को स्मार्ट वॉच तथा शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले 30 बच्चों को दीवाल घड़ी देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे झूम उठे। अतिथिगण ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से सुषमा शुक्ला, आशा गुप्ता, सुमन आनंद, शबनम, आशुतोष शुक्ला, शिप्रा सिंन्हा, सुमन गुप्ता एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिका भारती गुप्ता अपनी बच्ची नैना गुप्ता को संबिलियन विद्यालय प्रथम में पढ़ा रही हैं जिन्होंने आकर बताया कि आज की इस भाग दौड़ जिंदगी में बच्चों को अभिभावक समय कम दे पाते हैं जिसके चलते अच्छे अंक नहीं आ पाते हैं वह सारी खूबियां हमको इस सरकारी स्कूल में मिली जिसके चलते हम अपनी बच्ची को पढ़ा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह व प्रधानाचार्य आदित्य द्विवेदी ने अभिभावकों को सम्मानित किया। बच्चों और अभिभावकों को सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी कराई गई।

### डीआईओएस कार्यालय में कार्यरत दो क्लर्कों को विजिलेंस टीम ने रंगें हाथों पकड़ा

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव।** जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय में विजिलेंस की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने सोमवार को दो क्लर्कों को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। मामला एक निजी फर्म के बकाया भुगतान से जुड़ा है। क्लर्क फर्म से भुगतान जारी करने के बदले रिश्वत मांग रहे थे। फर्म संचालक ने विजिलेंस विभाग में शिकायत दर्ज कराई। विजिलेंस ने जाल बिछाकर क्लर्कों को पकड़ने की योजना बनाई। फर्म संचालक ने क्लर्कों को डीआईओएस कार्यालय के पास एक पान की दुकान पर बुलाया। जैसे ही क्लर्कों ने रिश्वत की रकम ली, विजिलेंस टीम ने उन्हें दबोच लिया। इसके बाद विजिलेंस की दूसरी टीम ने कार्यालय में छापेमारी की। टीम ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। बता दे कि कार्रवाई से कार्यालय में हड़कंप मच गया। कई कर्मचारी अपनी सीट छोड़कर भाग गए। कुछ ने अपने दस्तावेजों को सही करने की कोशिश की। शिकायतकर्ता का कहना है कि कार्यालय में बकाया भुगतान के लिए अक्सर रिश्वत मांगी जाती थी। भुगतान न करने पर उनका बकाया रोक दिया जाता था। विजिलेंस टीम अब जब्त किए गए दस्तावेजों की जांच कर रही है।

# पुलिस अधीक्षक से पीड़ित महिला ने लगाई न्याय की गुहार



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

ख़बर उन्नाव से है जहां गुलरिहा थाना मौरावां की निवासिनी पीड़िता मंजुदेवी के गांव में ही मकान है, जिसमें सम्पूर्ण गृहस्थी व विवाह में आया सभी सामान व जेवर भी कमरे में बन्द है जिसमें मनोज, रामचन्द्र व अरूण में 31 जनवरी को जबरन ताला डाल दिया था, और सामान निकालना चाह रहे थे तो उपरोक्त लोग झगड़ा करने लगे, पीड़ित महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया था, महिला थाना पुलिस ने दोनो पक्षों को बुलाकर समझौता कराया, किन्तु मनोज वगैरह ने समझौते को न मानकर बिना हस्ताक्षर किये वहा से चले गये। पुलिस ने कहा था ताला खोल देना, पीड़िता मंजूदेवी अपना सामान निकाल लेगी।

पीड़ित प्रार्थिनी ने आज सुबह 7-30 बजे मनोज, रामचन्द्र, अरूण पुत्रगण गयाप्रसाद ने कहा आ जाओ ताला खोल दें, सामान निकाल लो। जब पीड़ित प्रार्थिनी अपने पति जितेन्द्र कुमारं व ससुर गया प्रसाद को साथ लेकर सामान निकालने को गई तो रामचन्द्र, मनोज, अरूण व मनोज की पत्नी शिवानी में प्रार्थिनी के पति को पकड़ लिया, सभी ने लाठी डन्डा व चप्पल जूता से मारने पीटने लगे, मारपीट में पीड़ित प्रार्थिनी व पति व ससुर को चोटे आयी हैं।

पीड़िता मंजुदेवी का मोबाइल व चाभी छीन लिया और धमकी देते हुए कहा कि थाना पुलिस में दुबारा दरख्वास्त दी तो तुम लोगों को जान से मार दूंगा। पीड़िता प्रार्थिनी थाने पर जाकर प्रार्थना पत्र दिया तो वहां न तो प्रार्थिनी की रिपोर्ट लिखी गयी और न ही डाक्टरी करायीं।

जिसके बाद आज पीड़िता मंजुदेवी ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### नवीन पुल पर पीक ऑवर में डेढ़ घंटे जाम से जूझे लोग

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। शुक्लागंज।** सोमवार सुबह नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में पुल से लेकर फोरलेन तक वाहन सवार कतारों में खड़े हो गये। मौजूद पुलिस कर्मी भी जाम हटवाने में खासे परेशान रहे। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बालूघाट मोड़ से वाहन सवार जल्दबाजी में निकल रहे थे। जिससे एक ओर का यातायात रूक गया। आड़े तिरछे वाहन फंस गये और जाम लगना शुरू हो गया। वाहनों का अधिक भार होने के कारण नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर समेत अन्य वाहन कतारों में खड़े हो गये। भीषण जाम को देख गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को सीधा कराने का प्रयास किया। इसके बावजूद जाम नहीं हटा। किसी तरह पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन आगे रेंगे। इस दौरान कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं देरी से स्कूल पहुंची। वहीं नवीन पुल, फोरलेन, मनोहर नगर, पोनी रोड पर चौतरफा जाम लगा रह। दोपहर करीब बारह बजे वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

# 33 केवी लाइन का जंफर उड़ने से पांच घंटे गुल रही बिजली

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



शुक्लागंज। विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी त्रिभुवन खेड़ा सबस्टेशन के लिए कई दिनों से डबल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को भी तार बिछाने का कार्य शुरू करने के लिए सुबह 5 बजे से 7 बजे तक शुक्लागंज सबस्टेशन, गंगाघाट टाउन और त्रिभुवन खेड़ा सबस्टेशन की आपूर्ति बंद रही। कार्य पूरा होने के बाद करीब 7:30 बजे आपूर्ति बहाल कर दी गई, लेकिन मसवासी के पास 33 केवी लाइन का जम्पर उड़ गया, जिससे पूरे शहर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। लाइन स्टाफ मरम्मत कार्य में जुट गया, जिसके बाद दिन में करीब 10:30 बजे बाधित सबस्टेशनों की आपूर्ति बहाल हो सकी। लगभग पांच घंटे तक बिजली गुल रहने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग तीन लाख से अधिक आबादी प्रभावित हुई। हजारों घरों में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा। विद्युत विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि डबल लाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जम्पर उड़ने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी, लेकिन हमारी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आपूर्ति बहाल कर दी। उन्होंने जनता से असुविधा के लिए खेद जताया। स्थानीय लोगों ने बिजली गुल रहने से हुई असुविधा पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की बार-बार कटौती से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने विद्युत विभाग से बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाने की मांग की।

# भाजपा नेता रामबाबू द्विवेदी ने अधिवक्ताओं का किया सम्मान

### काव्य पाठ से सजी होली संगोष्ठी

इस मौके पर कवि रामकिशोर शुक्ला अज्ञात, प्रमोद पंकज और शिवेश राजा ने होलिका दहन पर काव्य पाठ कर समा बांध दिया।

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



**सिरौलीगौसपुर।** बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राम बाबू द्विवेदी ने अधिवक्ताओं को सम्मानित कर होली पर्व की शुभकामनाएँ दीं। समारोह की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिव वरदान सिंह ने की। इस अवसर पर राम बाबू द्विवेदी ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का त्योहार है। उन्होंने अधिवक्ताओं के न्यायप्रिय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनकी भूमिका अहम होती है। उन्होंने पत्रकार हत्या कांड पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा कि दोषियों पर जल्द ही बुलडोजर चलेगा और उनकी सात पीढ़ियों तक इसका असर रहेगा।

### सम्मान समारोह में अधिवक्ताओं की भागीदारी

सम्मान समारोह में बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिव वरदान सिंह, महामंत्री दीपक दास, पूर्व अध्यक्ष सत्यनाम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, एल्डर्स कमेटी चेयरमैन बहोरी प्रसाद शुक्ला, मनोज कुमार तिवारी, अखिलेश कुमार वर्मा, पवन सिंह, राना प्रताप सिंह, पुरेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश कुमार यादव, सुनील द्विवेदी, कुमार सिंह, सौरभ सिंह सहित कई अधिवक्ता व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन काशी प्रसाद द्विवेदी ने किया। आयोजकों ने सभी अधिवक्ताओं और अतिथियों को गुजिया खिलाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और गिले-शिकवे भूलकर एकजुटता के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया।

# सनातन पर्व, त्यौहार की उपेक्षा, मनमानी बर्दाश्त नहीं : विश्व हिन्दू महासंघ



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



सेन्ट जोसफ स्कूल जिगिना के प्रबंधतंत्र द्वारा स्कूली बच्चों को होली न खेलने का सुझाव देना मंहगा पड़ा। समाज में इसकी तीखी प्रतिक्रिया हुई। सेन्ट जोसफ ने इस पर सफाई भी दिया। इसे लेकर सोमवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अगुवाई में जब स्कूली बच्चों, शिक्षकों के साथ महासंघ पदाधिकारियों ने होली खेली तो बच्चों के चेहरे खिल गये। उनका उल्लास देखने लायक था। इस भव्य भगवा होली को सनानत परम्परा की जीत बताते हुये अखिलेश सिंह ने कहा कि हमारे पर्व त्यौहार सदियों से मनाये जा रहे हैं। इसाई मिशनरी द्वारा संचालित विद्यालय सेन्ट जोसफ स्कूल के प्रबंधतंत्र को खुला संदेश दे दिया गया है कि सनातन पर्व, त्यौहारों की उपेक्षा को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा। होली खेलने के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन के लोग भी उपस्थित रहे।

विश्व हिन्दू महासंघ युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि सेन्ट जोसफ स्कूल के प्रबंधतंत्र ने अभिभावकों को संदेश दिया था कि किसी छात्र को होली खेलने के लिये पैसा या रंग आदि न दे, कोई भी बच्चा अपने साथ रंग या गुलाल लेकर नहीं आयेगा, स्कूल कैंपस में होली खेलना सख्त मना है। यह तुगलकी फरमान हैरान करने वाला था। कहा कि जानकारी होते ही विश्व हिन्दू महासंघ के साथ ही अनेक हिन्दू संगठनों ने इसका मुखर विरोध किया। विश्व हिन्दू महासंघ ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि स्कूलों में सनातन परम्परा, पर्व, त्यौहार का विरोध स्वीकार नही किया जायेगा। सेन्ट जोसफ स्कूल में होली खेलकर यह स्पष्ट संदेश दे दिया गया है।

सेन्ट जोसेफ स्कूल में होली खेलने के दौरान विश्व हिन्दू महासंघ के अजय मिश्रा,विजय शंकर शुक्ल, अर्पण श्रीवतास्तव, अभय प्रताप सिंह, विक्रांत प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह के साथ ही स्कूल के छात्र, शिक्षक आदि शामिल रहे।

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या को लेकर आक्रोशित पत्रकारों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



सीतापुर में पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किये जाने से नाराज पत्रकारों ने प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित चार सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। आपको बता दें सीतापुर में बदमाशों ने शनिवार को दिनदहाड़े पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उनकी निर्मम हत्या कर दी।

भेजे गये ज्ञापन में प्रेस क्लब अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निरन्तर कानून व्यवस्था कमजोर हो रही है। भ्रष्टाचार उजागर करने वाले मीडियाकर्मियों को जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। सीतापुर की घटना पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई के परिजनों पर वज्रपात से कम नही है। परिवार को सहारा देने के लिये अहेतुक सहायता दिया जाना बेहद जरूरी है। इससे समाज में एक अच्छा

> बस्ती प्रेस क्लब ने ज्ञापन भेजकर पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई के परिजनों के लिए मांगा एक करोड़ मुआवजा।

संदेश जायेगा और पत्रकारों का मनोबल बना रहेगा। बस्ती के पत्रकारों ने चार सूत्रीय ज्ञापन भेजकर ठोस पहल की मांग किया है। प्रेस क्लब महामंत्री ने कहा पत्रकारों का उत्पीड़न कमजोर लोकतंत्र और खराब कानून व्यवस्था को रेखांकित करता है। समय रहते सरकार को ठोस कदम उठाते हुये पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिये। पत्रकार डर गया तो लोकतंत्र भी नही बंचेगा। पत्रकारों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजे गये ज्ञापन में पत्रकार की विधवा पत्नी को तत्काल एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिय जाने, शैक्षिक योग्यता के अनुसार पत्नी या परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने, मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को मृत्यु दण्ड दिये जाने तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिये पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर उसे सख्ती से लागू किये जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार जयंत मिश्रा, अशोक कुमार श्रीवास्तव, रहमान, कमलेश सिंह, पारस नाथ मौर्य, राकेश गिरी,वसीम अहमद,दिलीप उपाध्याय, दयाशंकर सिंह, दिनेश कुमार पांडे, विपिन बिहारी त्रिपाठी, रत्नेंद्र पांडे, विवेक श्रीवास्तव, दीपक हेमंत पांडे, आशुतोष नारायण मिश्रा, विवेक त्रिपाठी, सैयद जीशान हैदर रिजवी, वशिष्ठ कुमार पांडे, सर्वेश श्रीवास्तव, सरदार जगबीर सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, बबुन्दर यादव, अनिल कुमार पांडे,चंद्र प्रकाश शर्मा, देवेंद्र पांडे, राघवेंद्र सिंह, रमेश मिश्रा, बृजेश कुमार शुक्ला, सुनील सोनी, राजेंद्र उपाध्याय, संदीप गोयल, आनंद कुमार गुप्ता, प्रवीन पांडे, संतोष तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, अरुणेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज।** राजमार्ग पार कर रहा अधेड़ अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे सीएचसी से गंभीर हालत में चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर किया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई नवाबगंज कस्बे के दुर्गा रोड मोहल्ला निवासी राजकुमार श्रीवास्तव 56 पुत्र स्व हरिकृष्ण लाल दही चौकी स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। बीते शनिवार को ड्यूटी से शाम को घर वापस आ रहा था। नवाबगंज बाईपास पर एक रेस्टोरेंट के सामने राजमार्ग पार करने के दौरान उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने गंभीर हालत के चलते उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। बीती रविवार शाम को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# दिनदहाड़े करोड़ों की डकैती

- तनिष्क शोरूम से 25 करोड़ के गहने लूटकर भागे बदमाश
- 2 को गोली मारकर 2 झोला ज्वेलरी बरामद, 4 की तलाश जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आरा

भोजपुर। बिहार में आरा के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम से सोमवार को 6 बदमाश 25 करोड़ की ज्वेलरी लूट ले गए। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से दो झोला ज्वेलरी बरामद की। 4 बदमाश लूटी हुई ज्वेलरी लेकर भाग गए। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, बदमाश में 50 करोड़ से ज्यादा के जेवरात थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के गहने लूट लिए हैं।



## पुलिस को कॉल करते रहे लेकिन नहीं मिली मदद

शोरूम में काम करने वाली सेल्स गर्ल सिमरन ने बताया कि जैसे ही अपराधी अंदर आए, उन्हें शक हो गया कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने छिपकर डायल 112 पर कॉल किया। एक बार कॉल रिसीव भी हुआ और बताया गया कि पुलिस गाड़ी आ रही है, लेकिन आधे घंटे तक कोई पुलिस नहीं पहुंची। सिमरन ने बताया कि उन्होंने करीब 25 से 30 बार कॉल किया, लेकिन किसी कॉल का जवाब नहीं मिला और लुटेरे लूटपाट कर आराम से निकल गए।

## लुटेरों ने किया शोरूम पर कब्जा

जानकारी के मुताबिक, घटना नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम की है। चश्मदीदों के अनुसार, सुबह करीब 10.30 बजे दो-दो की संख्या में अपराधी शोरूम के भीतर प्रवेश करते गए। जैसे ही सभी अंदर इकट्ठा हो गए, उन्होंने अपने चेहरे पर मास्क पहन हथियार निकाल लिए और पूरे स्टाफ को कब्जे में ले लिया। इसके बाद स्टॉल-दर-स्टॉल कीमती ज्वेलरी को बड़े बैग में भरना शुरू कर दिया। शोरूम के गार्ड मनोज कुमार ने बताया- 10 बजे शोरूम खुला था। तभी 3 बाइक से 6 अपराधी आए और शोरूम के पास गाड़ी खड़ी कर दी। शोरूम के नियम के अनुसार, 4 से अधिक लोगों को एक साथ एंट्री नहीं दी जाती है। इसलिए पहले 2 लोग अंदर गए और जैसे ही छठा अपराधी अंदर आया, उसने मेरे सिर पर पिस्टल रख दी। मेरे साथ मारपीट भी की। राइफल भी ले गए। शोरूम में रखे सोने-चांदी और हीरे के जेवरात बैग में भर लिए। लूट के दौरान बदमाशों ने सेल्समैन को भी पीटा है। तनिष्क की सेल्सगर्ल सिमरन ने बताया- जैसे ही अपराधी गार्ड को धक्का देकर अंदर पहुंचे। मैंने पुलिस को 20 से 25 बार कॉल किया, लेकिन तुरंत एक्शन नहीं लिया गया। सिर्फ कहा जा रहा था कि गाड़ी पहुंच रही है। अपराधी 10 की संख्या में थे। सभी के पास दो-दो हथियार थे। अंदर आते ही सभी स्टाफ का फोन लेकर माथे पर हथियार भिड़ा दिया। इसके बाद काउंटर के सारे गहने लेकर फरार हो गए।

## 3 बाइक से आए थे 6 बदमाश

सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे 3 बाइक से आए 6 बदमाशों ने शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। शोरूम में घुसते ही शटर अंदर से बंद करके करीब 22 मिनट तक दोनों फ्लोर पर लूटपाट की। भोजपुर के एसपी राज ने बताया, पुलिस ने शोरूम के अंदर लूट की फोटो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर की थी। बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटी पुल के पास 3 बाइक पर 6 संदिग्धों को देखा। उनके रोकने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें 2 बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से 2 पिस्टल, 10 कारतूस, 2 बड़े झोले में तनिष्क शोरूम से लूटे गए जेवरात मिले हैं। इनके नाम सारण जिले के दिघवारा निवासी विशाल गुप्ता और सोनपुर के सेमरा निवासी कुणाल कुमार है। भोजपुर के एसपी राज ने बताया, एसएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है। सभी चौक-चौराहे पर नाकेबंदी कर दी गई है।

## पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में भी हुई थी करोड़ों की चोरी

इससे पहले 26 जुलाई 2024 को पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में हुई बड़ी लूट ने भी राज्यभर में खलबली मचा दी थी। घटना दिन के करीब 12 बजे हुई थी, जब चार से छह की संख्या में अपराधी शोरूम में घुसे और हथियार के बल पर करोड़ों के जेवरात लूट लिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भागने के दौरान एक अपराधी की बाइक असंतुलित होकर गिर गई, लेकिन वह तुरंत संभलकर फरार हो गया। उसकी पिस्तौल भी सड़क पर गिर गई, जिसे एक ई-रिक्शा चालक मौके से उठाकर ले भागा। पुलिस इस मामले में दो से तीन करोड़ की लूट की बात कह रही है।

## एसआईटी का गठन, अन्य अपराधियों की तलाश जारी

पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि घटना के मुख्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और शेष फरार अपराधियों की तलाश के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

# ऊर्जा विभाग को प्रयोगशाला बनाकर कंसलटेंट के नाम पर लूट जारी

- हजारों करोड़ खर्च के बाद परिणाम की समीक्षा नहीं

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद का विघटन को लगभग 25 साल होने को है तब से लेकर आज तक चाहे वह राज विद्युत परिषद को विघटित करने का मामला रहा हो अथवा चाहे वह समय-समय पर लाई गई केंद्रीय व राज्य सेक्टर की योजनाएं रही हो जिसमें खास तौर पर राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना आरएपीडीआरपी आर0 पी योजना, सम विकास योजना, एफआरपी योजना, सौभाग्य योजना पावर फ़ॉर आल, उदय योजना एनर्जी अकाउंटिंग योजना, आरडीएसएस योजना, निजीकरण और पीपीपी मॉडल योजना सहित टैरिफ फाइलिंग व अन्य केंद्रीय व राज्य सेक्टर की सभी योजनाओं पर डीपीआर बनाने व अन्य कार्य करने के लिए अब तक 25 वर्षों में लगाए गए कंसल्टेंट यानी सलाहकारों पर होने वाले खर्च का आकलन किया जाए तो वह लगभग 2000 से 2500 करोड़ से कम नहीं होगा लेकिन सही मायने में आज बात करें बिजली कंपनियों में सुधार की तो जो अपेक्षित सुधार दिखने चाहिए वह नहीं दिख रहा है और बिजली कंपनियां लगभग 1 लाख 10 हज़ार करोड़ से घाटे में है। सवाल यहाँ यह उठता है कि जिन बिजली कंपनी और ऊर्जा निगमो पर कुल 2500 करोड़ से ज्यादा रकम कंसल्टेंट पर खर्च कर दिए गए और उसका लाभ क्या मिला यह सोचनीय है। सभी देख रहे हैं आज वही पावर कॉरपोरेशन एक बार फिर दक्षिणांचल व पूर्वांचल के 42 जनपदों के निजीकरण करने के लिए कंसल्टेंट चयन के पीछे पड़ा है, एक बार उत्तर प्रदेश सरकार को इस पर विचार करना चाहिए की कंसलटेंट से सुधार नहीं केवल थोड़े दिन के लिए आम जनता को आसानी से सुधार रूपी सपने दिखाए जाते हैं।

## कंसलटेंट कंपनियों के कार्यों की समीक्षा होनी चाहिए: अवधेश कुमार वर्मा

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा केंद्र व राज्य सरकार की आने को योजनाओं में बड़े-बड़े कंसलटेंट कंपनियों को रखा गया इसके बाद भी बिजली कंपनियों का यह हाल है फिर उत्तर प्रदेश सरकार और पावर कॉरपोरेशन क्यों नहीं समझ रही है की जो 42 जनपदों के निजीकरण के लिए एक बार फिर कंसलटेंट की तलाश में लगी है कंसलटेंट केवल उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए एक मसौदा तैयार करके दे देते हैं और अंततः जिसका हस्त यही होता है कि बिजली कंपनियां तो आगे नहीं बढ़ पाती लेकिन उनके साथ जो निजी घराने या जो उपभोक्ता सामग्री के रूप में सिस्टम इंप्रूवमेंट लगने वाले उपकरण के बनाने वाले उद्योगपति हैं उनका फायदा जरूर हो जाता है।

## बंगाल विधानसभा में हंगामा, भाजपा विधायक निलंबित, दो अन्य को बाहर निकाला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को उस समय हंगामा मच गया, जब विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले का विरोध किया। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय ने भाजपा विधायक दीपक बर्मन को शेष सत्र के लिए निलंबित किया और दो अन्य भाजपा विधायकों को विधानसभा से बाहर निकालने के लिए मार्शल को आदेश दिया। इसके बाद भाजपा के विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपाती रवैया अपनाने का आरोप लगाया और सदन से वॉकआउट किया। यह घटनाक्रम तब शुरू हुआ, जब भाजपा विधायक हिरण चटोपाध्याय ने बजट पर चर्चा के दौरान पश्चिम बंगाल लोकसेवा आयोग (डब्ल्यूबीपीएससी) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा और शुभेंदु अधिकारी को बड़ा झटका, हल्दिया से विधायक तापसी टीएमसी में शामिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल के हल्दिया से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक तापसी मंडल ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया है। तापसी मंडल नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की करीबी सहयोगी कही जाती थीं। तापसी मंडल के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के फैसले से न केवल पूर्वी मेदिनीपुर में भाजपा को झटका लगा है, बल्कि पार्टी के विधायक दल को भी इससे नुकसान होगा। राज्य में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी।

### बार-बार पार्टी बदलने के अपने फैसले को सही ठहराया

पूर्व मेदिनीपुर अधिकारी का गढ़ माना जाता है और यहां बंदरगाह शहर हल्दिया स्थित है। वह राज्य के ऊर्जा मंत्री अरूप बिस्वास की उपस्थिति में कोलकाता स्थित तृणमूल कांग्रेस के मुख्यालय में पार्टी में शामिल हुईं। मंडल ने बार-बार पार्टी बदलने के अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा, मैंने मुख्यमंत्री की विकासात्मक पहल का हिस्सा बनने का फैसला किया है।

### शुभेंदु के बाद भाजपा का रुख किया था

तापसी मंडल ने कांग्रेस समर्थित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के उम्मीदवार के रूप में 2016 में हल्दिया सीट से चुनाव जीता था। पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनावों से पहले शुभेंदु अधिकारी के तृणमूल से भाजपा का रुख करने के बाद मंडल भी भाजपा में शामिल हो गई थीं।

# पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे, इस पर चर्चा होनी चाहिए, लोकसभा में राहुल ने की मांग



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

करीब एक महीने के अंतराल के बाद संसद के बजट सत्र की कार्यवाही शुरू हो गई है। सत्र के दूसरे भाग के पहले कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस देखने को मिली है। वहीं लोकसभा में बोलते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक मांग रखी कि %पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। सभी विपक्षी दल वोटर लिस्ट पर सवाल उठा रहे हैं। अब पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए।

### हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं

राहुल गांधी ने मामले में कहा, हम आपकी टिप्पणी को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती है। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। उन्होंने कहा, देश भर में मतदाता सूची पर सवाल उठाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र समेत हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं। वहीं इस मामले में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, चुनाव आयोग सरकार के हाथ में है.. अगर लोकतंत्र ऐसे ही चलता रहा और चुनाव आयोग सरकार के लिए पैरवी करता रहा तो जो नतीजे आएंगे वो आपके सामने हैं... अगर यही व्यवस्था चलती रही तो ये लोकतंत्र नहीं बल्कि दिखावा है... हमें कई सालों से शक है... जमीन पर क्या होता है ये सबको पता है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है।

### मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं: टीएमसी

इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि मुर्शिदाबाद और बर्दवान संसदीय क्षेत्रों और हरियाणा में एक ही ईपीआईसी (चुनावी फोटो पहचान पत्र) संख्या वाले मतदाता मौजूद हैं। टीएमसी ने कहा कि तृणमूल का एक प्रतिनिधिमंडल मतदाता सूची पर चिंताओं को उठाने के लिए नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त से मिल रहा है। उन्होंने मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन की भी मांग की, खास तौर पर अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले।

### चुनाव आयोग को देश को जवाब देना चाहिए: सौगत

सौगत रॉय ने दावा किया, कुछ गंभीर खामियां हैं। महाराष्ट्र के मामले में यह बात कही गई है, जहां मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की गई थी। हरियाणा में भी इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया। अब वे पश्चिम बंगाल और असम में भी घुसने की कोशिश कर रहे हैं, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। तृणमूल नेता ने कहा, पूरी मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग को देश को जवाब देना चाहिए कि सूचियों में कुछ गलतियां क्यों हुईं।

## न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की उड़ान में बम की धमकी, वापस मुंबई लौटा विमान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की उड़ान में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विमान को हवा में ही मुंबई की तरफ मोड़ा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की एक उड़ान में बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद इसे मुंबई वापस लाया गया। विमान में 320 से अधिक लोग सवार थे और यह सुरक्षित रूप से मुंबई में उतर गया। सुरक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, आज 10 मार्च 2025 को मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके) उड़ान एआई 119 में संभावित सुरक्षा खतरे का पता चला। आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद विमान में सवार सभी लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को वापस मुंबई ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि विमान में बम रखे होने की सूचना मिली थी और इस बाबत विमान के शौचालय में एक पत्र मिला। एक सूत्र ने बताया कि बोइंग 777-300 ईआर विमान में चालक दल के 19 सदस्यों सहित 322 लोग सवार थे। एयरलाइन के अनुसार विमान सुबह 10 बजकर 25 मिनट पर सुरक्षित रूप से मुंबई में उतरा। बयान में कहा गया, विमान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच की जा रही है।

# लड़की बहिन योजना के लिए नहीं घटाए पैसे: फडणवीस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उन दावों को खारिज किया, जिनमें कहा जा रहा था कि राज्य सरकार ने लड़की बहिन योजना के लिए बजट घटा दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लाभार्थियों को पूरी राशि मिलेगी। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आज पेश राज्य के बजट को पूरी तरह से बकवास करार दिया और महायुति सरकार पर लोगों से किए गए वादों को न निभाने का आरोप लगाया। फडणवीस ने कहा, हमने लड़की बहिन योजना के लिए पैसे नहीं घटाए हैं। सभी को उनका पैसा मिलेगा। हमने योजना के लिए जरूरत के अनुसार पैसे तय किए हैं। अगर और अधिक पैसे की जरूरत होगी, तो हम इसके लिए अतिरिक्त प्रावधान करेंगे। हम अपने वादे को पूरा करेंगे और अपनी बहनों को हर महीने 2,100 रुपये देंगे।

### हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली की योजना

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि सरकार हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना बना रही है और किसानों को अधिक उत्पादन हासिल हो, उसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करने की योजना बना रही है। राज्य का बजट पेश होने के बाद फडणवीस ने पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री और राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार भी मौजूद थे।

### जीएसटी संग्रह और एफडीआई में सबसे आगे

फडणवीस ने कहा कि राज्य वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) में सबसे आगे है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र का राजकोषीय घाटा 2.9 फीसदी पर नियंत्रित है। अनुमान के मुताबिक अगले साल यह 2.7 फीसदी रहेगा। हम अपनी कुल जीएसडीपी का 25 फीसदी तक ऋण ले सकते हैं। लेकिन अभी हम 18 फीसदी पर हैं। हमारे ऋण में वृद्धि हुई है, लेकिन हमारी ऋण लेने की क्षमता भी बढ़ी है। मौजूदा वर्ष में हम राष्ट्रीय औसत से सात फीसदी अधिक जीएसटी संग्रह कर रहे हैं। हम जीएसटी संग्रह और एफडीआई में सबसे ऊपर हैं।

### 16 लाख घरों के लिए वितरित किए गए पैसे

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने 20 लाख घरों के निर्माण की मंजूरी दी है, जिनमें से 18 लाख लोगों की स्वीकृति हो चुकी है और 16 लाख घरों के लिए पैसे वितरित किए जा चुके हैं। हम सौर ऊर्जा के जरिए प्रत्येक घर को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की योजना पर काम कर रहे हैं। फडणवीस ने यह भी कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों पर फोकस करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

### मुंबई महानगरीय क्षेत्र में बनेंगे सात व्यापारिक केंद्र: अजित

वहीं, राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि दावोस में 56 कंपनियों ने 15.72 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौते हुए हैं, जिनसे 16 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे। पवार ने यह भी कहा, महाराष्ट्र देश की जीडीपी में 15.4 फीसदी का योगदान करता है। हम मुंबई महानगरीय क्षेत्र को राज्य के विकास का केंद्र बनाने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए सात व्यापारिक केंद्र बनाए जाएंगे।

### सभी घोषणाओं को लागू किया जाएगा: एकनाथ शिंदे

वहीं, राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, हमने अपने घोषणापत्र में जो भी घोषणा की हैं, वह कोई गलत नहीं है, सब कुछ लागू किया जाएगा। घोषणाएं पांच साल के कार्यकाल के लिए हैं। इसलिए हम सभी घोषणाओं को उसी के अनुसार लागू करेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र 3 मार्च को शुरू हुआ था और यह 26 मार्च तक चलेगा। यह महायुति के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट है।

### आज पेश किया गया बजट पूरी तरह बकवास: उद्धव ठाकरे

उद्धव ठाकरे ने कहा, राज्य के वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के लिए 36 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है, लेकिन महिला लाभार्थियों के मासिक भत्ते को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करने के वादे का कोई जिक्र नहीं किया गया है। ठाकरे ने कहा, यह बिल्कुल बकवास बजट है। उन्होंने (महायुति के घटक दलों) जो भी वादे किए थे, उनमें से कोई भी बजट में शामिल नहीं है।

## उत्तरी सागर में बड़ा हादसा, दो जहाजों के टकराने से 23 लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लंदन

उत्तरी इंग्लैंड के तट के नजदीक उत्तरी सागर में एक तेल टैंकर और मालवाहक जहाज के बीच सोमवार को जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई। ब्रिटेन के ग्रिम्सबी ईस्ट बंदरगाह के प्रमुख ने बताया कि हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। ब्रिटिश आपात सेवा के मुताबिक, हादसे के बाद दोनों जहाजों में आग लग गई। बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है। ग्रिम्सबी ईस्ट बंदरगाह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्टिन बॉयर्स ने बताया कि 13 शवों को विंडकैट 33 जहाज से लाया गया, जबकि 10 अन्य शवों को बंदरगाह पायलट नौका से लाया गया। चालक दल के कुछ सदस्य अब भी लापता हैं।

### घटनास्थल पर भेजे गए कई जहाज

ब्रिटेन की समुद्री एवं तटरक्षक एजेंसी ने कहा कि कई जीवनरक्षक नौकाएं, एक तटरक्षक बचाव हेलीकॉप्टर, एक तटरक्षक विमान और अग्निशमन क्षमता वाले निकटवर्ती जहाजों को उत्तरी सागर में घटनास्थल पर भेजा गया है।

### घटनास्थल पर खोज और बचाव कार्य जारी

आरएनएलआई लाइफ बोट एजेंसी के मुताबिक, ऐसी खबरें हैं कि टक्कर के बाद कई लोग जहाज से कूदकर बचने की कोशिश करते पाए गए। इस बीच दोनों जहाजों में आग लग गई। वेबसाइट वेसल फाइंडर की मानें तो हादसे का शिकार टैंकर अमेरिकी ध्वज वाला स्टेना इम्मैकुलेट है, जो घटना के समय लंगर डाले हुए था।

# मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम हेतु चलाया विशेष अभियान

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र., लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से जनपद में स्थित निर्माण इकाई रिलेवलर ,पैकर, कोल्ड स्टोरेज, भण्डारण इकाईयों एवं सम्बन्धित मण्डियों में दिनांक-06से 13मार्च तक चलाये जा रहे विशेष अभियान में गठित दल, द्वारा साहिबाबाद रोड यू.पी. गेट पर पनीर के नमूनें की जांच किया । वाहन संख्या-यूपी 14 पीटी 1048 और यूपी 85 ईटी 1870, गोविन्दपुरम से एक क्रीम व घी का नमूना, रामनगर से एक बर्फी, खोया व घी, आर0डी0सी0 राजनगर से एक सूजी, बेसन व नमकीन का नमूना और ग्राम नाहली स्थित दो पनीर निर्माण इकाईयों पर कार्यवाही करते हुए 7 पनीर, 2 रिफाइण्ड पाम ऑयल, एक अज्ञात खाद्य पदार्थ व एक दूध का नमूना विश्लेषण हेतु संग्रहित करते हुए मौके पर 120 किलो पनीर जिसकी कीमत 27 हजार रूपये पायी गयी, मानव उपभोग हेतु उपयुक्त न होने के कारण नष्ट करा दिया गया और लगभग 15 लीटर सफेद तरल खाद्य पदार्थ जब्त किया गया जिसकी बाजार कीमत लगभग साढ़े सात सौ थी । इसी क्रम में मेसर्स चायोस कैफे, इंदिरापुरम गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से लहसुन पाउडर, चाय मसाला व टैंचों क्रंच का नमूना संग्रहण किया गया। असफाक स्वीट्स, मसूरी, गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से छेना, रसगुल्ला व छेना मिठाई का नमूना एवं श्री श्याम ट्रेडर्स, इन्द्रगढ़ी, गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से नमकीन व कलर्ड कचरी का नमूना संग्रहण किया गया।



मुरथल बर्फी वाला प्राइवेट लि0, मोदीनगर, गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से केसर बर्फी का नमूना, श्याम स्वीट्स, कस्बा रोड, मुरादनगर, गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई, रबड़ी का नमूना एवं दिनेश स्वीट्स कस्बा रोड, मुरादनगर, गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से खोए की मिठाई का नमूना संग्रहण किया गया। अग्रवाल स्वीट्स इण्डिया राजेन्द्र नगर साहिबाबाद गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से नमकीन व पनीर का नमूना एवं नेहा डेयरी, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से पनीर व खोया का नमूना संग्रहण किया गया। बाबा पनीर भण्डार, सब्जी मण्डी, पुराना बस अड्डा, गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना संग्रहण किया गया। बीकानेर स्वीट्स, गोविन्दपुरम गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से रसगुल्ला, कलाकन्द का नमूना संग्रहण किया गया। अग्रवाल बिकानेरी स्वीट्स, लाजपत नगर, गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से मिल्क केक, बर्फी का नमूना संग्रहण किया गया। रिलायंस रिटेल स्टोर, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद के प्रतिष्ठान से पापड़ व हैदराबादी कुकीज का नमूना संग्रहण किया गया, मानव उपभोग हेतु उपयुक्त न होने के कारण लगभग 8 किग्रा खाद्य पदार्थ हैदराबादी कुकीज जिसकी कीमत 4 हजार 5 सौ को जब्त किया गया। इसी क्रम में किराना कार्ट प्रा0 लि0 (जेप्टो) वसुन्धरा गाजियाबाद के प्रतिष्ठान सेक्टर 2 गुजिया के 1-मिल्क, 1-समोसा, 1-बेसन, 1-पापड़ व 1 ग्रीन चटनी का नमूना संग्रहण किया गया। अब तक कुल-76 नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु क्षेत्रीय जनविश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0 को प्रेषित किये गये है। जहाँ से जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। यह अभियान निरन्तर मिलावटी खाद्य पदार्थों एवं खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध आगे भी जारी रहेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविंद सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख-संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)